मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 28.1 | 18.1 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 16.0 |
| डालटनगंज | 27.0 | 13.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * *

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



पेज 8-9

रांची एवं पटना से प्रकाशित | रांची ● सोमवार, 27 नवंबर 2023 ● कार्तिक शुक्ल पक्ष 14, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 219 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


## गुरुनानक जयंती आज



**सतनाम वाहे गुरुः** प्रथम गुरु गुरुनानक जी के प्रकाश पर्व पर रविवार को विभिन्न गुरुद्वारों में दीवान सजा. सोमवार को गुरुनानक जयंती की पूर्व संध्या पर गुरुद्वारों में अरदास की गई और गुरवाणी का पाठ हुआ. देर रात तक महिला, पुरुषों और बच्चों ने गुरु की याद में गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाया.

## ख्रीस्त राजा महापर्व



**कैथोलिक समुदाय ने निकाली शोभायात्राः** संत मरिया महागिरजाघर से रविवार को हजारों मसीही विश्वासियों ने यीशु मसीह की याद में ख्रीस्त राजा महापर्व पर शोभायात्रा निकाली. इस दौरान राजधानी स्थित उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल गेट के पास यीशु मसीह की प्रतिमा स्थापित की गई थी. फोटो। रमीज

### किसने क्या कहा

- संसद की सर्वोच्चता किसी भी हस्तक्षेप के अधीन नहीं : -उपराष्ट्रपति धनखड़
- कांग्रेस तीन-चौथाई बहुमत के साथ छत्तीसगढ़ में सत्ता में वापस आएगी : भूपेश बघेल
- गरीब मलेरिया से मर रहे हैं, लेकिन सीएम को चिंता नहीं है : बाबूलाल मरांडी

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,300 |
| चांदी (किलो) | 76,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### जगी आस, सुरंग में लंबवत ड्रिलिंग शुरू

**उत्तरकाशी।** पिछले करीब दो सप्ताह से निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए लंबवत रास्ता तैयार करने के लिए रविवार को सुरंग के ऊपर से ड्रिलिंग शुरू कर दी गयी है.

#### राजस्थान, छग, एमपी में इंडिया का सफायाः मोदी

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि छत्तीसगढ़, एमपी और राजस्थान में इंडिया का सफाया हो जाएगा. उन्होंने रविवार को तेलंगाना की चुनावी रैलियों में उम्मीद जताई की भाजपा को सभी राज्यों में स्पष्ट बहुमत मिल जाएगा.

#### संविधान पर भाजपा का हमला : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपानीत केंद्र सरकार पर संविधान प्रदत्त स्वतंत्रता को कुचलने का हर संभव तरीका अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि प्रत्येक नागरिक को संविधान और उसके मूल्यों पर होने वाले हमले पर सवाल उठाना चाहिए.

#### एमपी में रेत माफिया ने पटवारी को रौंदा

**शहडोल।** मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में अवैध रूप से रेत खनन कर ले जाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचल कर एक पटवारी की हत्या कर दी गई. पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

#### अमेजन क्षेत्र जबरदस्त सूखे से प्रभावित

**मनौस (ब्राजील)।** अमेजन अभूतपूर्व सूखे का सामना कर रहा है और कम से कम 2024 के मध्य तक क्षेत्र में यह स्थिति जारी रहने का अनुमान है. मनौस शहर में नदी-स्तर के 121 वर्ष के रिकॉर्ड में सबसे कम जलस्तर दर्ज किया गया है.

#### अब आयुष्मान भारत के नाम में परिवर्तन

**नई दिल्ली।** सरकार ने आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों का नाम बदल कर आयुष्मान आरोग्य मंदिर करने का फैसला किया है तथा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसे लागू करने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र भेजा है आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी.

## झारखंड में 4 गिरोहों के 7 अपराधियों पर

# 1.15 करोड़ का इनाम

शुभम संदेश एक्सक्लूसिव

### मुख्यालय ने तैयार किया प्रस्ताव, सरकार को भेजा जाएगा

सौरभ सिंह। रांची

नक्सली और उग्रवादियों की तरह झारखंड पुलिस मुख्यालय ने झारखंड में सक्रिय चार बड़े संगठित आपराधिक गिरोह के सात अपराधियों पर 1.15 करोड़ का इनाम तय किया है. इसे लेकर पुलिस मुख्यालय ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है, जिसे शीघ्र ही सरकार के पास भेजा जाएगा. इन अपराधियों पर 30 लाख से लेकर 10 लाख रुपए तक का ईनाम तय किया गया है. पुलिस मुख्यालय के प्रस्ताव पर सरकार से मंजूरी मिलते ही सभी सातों कुख्यात अपराधियों के खिलाफ इनाम की घोषणा कर दी जाएगी. राज्य में दर्जन भर से ज्यादा संगठित अपराधी गिरोह सक्रिय हैं. इन गिरोहों से झारखंड ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्य ओडिशा, बिहार, बंगाल, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश के अपराधी भी जुड़े हैं, जो यहां आपराधिक वारदातों को अंजाम देने के बाद अपने गृह राज्य भाग जाते हैं और पुलिस हाथ मलती रह जाती है. आम लोगों की मदद से ऐसे अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस मुख्यालय ने सात शातिर अपराधियों पर इनाम की घोषणा करने की रणनीति तैयार की है.

#### इन अपराधियों पर इनाम

1. प्रिंस खान पर 30 लाख का इनाम. इसके खिलाफ कुल 50 मामले दर्ज .
2. अखिलेश सिंह गिरोह के हरीश कुमार सिंह पर 15 लाख इनाम. इसके खिलाफ 16 मामले दर्ज.
3. पांडेय गिरोह के बबलू उर्फ भरत नारायण पर 10 लाख का इनाम. इसपर आठ मामले दर्ज .
4. पांडेय गिरोह के गोविंद राय पर 10 लाख का इनाम. इसके खिलाफ कुल पांच मामले दर्ज .
5. पांडेय गिरोह के विकास साव पर 10 लाख का इनाम. इसके खिलाफ कुल छह मामले दर्ज .
6. डब्लू सिंह पर 20 लाख का इनाम. इसके खिलाफ कुल 40 मामले दर्ज .



7. प्रिंस खान गिरोह के गोपी खान पर 20 लाख का इनाम. इसके खिलाफ कुल 23 मामले दर्ज.

### झारखंड में 5 गैंगस्टर जेल से चला रहे गिरोह

फिलहाल झारखंड में 12 संगठित आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं. इनमें डॉन अखिलेश सिंह, डब्लू सिंह, सुजीत सिन्हा, अमन सिंह, अमन साहू, सुशील श्रीवास्तव, भोला पांडे और अनिल शर्मा का गिरोह एक्टिव है. हालांकि कई गैंग लीडर जेल में बंद हैं, लेकिन जेल से ही रंगदारी वसूली सहित टेंडर मैनेज करने का खेल खेल जा रहा है. फिलहाल गैंगस्टर अखिलेश सिंह, सुजीत सिन्हा, अनिल शर्मा, अमन सिंह और अमन साव जेल में बंद हैं, जबकि भोला पांडेय और सुशील श्रीवास्तव की हत्या वर्षों पहले हो चुकी है. लेकिन पांडेय और श्रीवास्तव गिरोह अभी भी बेहद सक्रिय हैं. इन गिरोहों पर कार्रवाई की योजना पूर्व में भी बनी थी, जिस पर बेहतर तरीके से काम करने का निर्देश डीजीपी ने दिया है. संगठित आपराधिक गिरोह में जो नए-नए अपराधी शामिल हुए हैं, उनकी भी सूची तैयार करने को कहा गया है, ताकि समय पर उनकी पहचान कर उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की जा सके.

#### अपराधियों की संपत्ति का ब्योरा जुटा रही सीआईडी

उधर, सीआईडी संगठित आपराधिक गिरोह के अपराधियों की संपत्ति की जानकारी जुटा रही है. साथ ही अपराध का ब्योरा भी जुटाया जा रहा है. राज्य में पलामू, रामगढ़,गढ़वा, हजारीबाग, लातेहार ,चतरा, धनबाद, रांची जमशेदपुर और देवघर संगठित अपराध के मुख्य केंद्र हैं. अब इन पर लगाम कसने की तैयारी चल रही है.अपराधियों की संपत्ति का पता लगाने के लिए उनके पैन और आधार कार्ड नंबर की जांच की जाएगी. अपराधी व नक्सली जिस मोबाइल नंबर का प्रयोग कर रहे हैं, उन पर भी पैनी नजर रखी जा रही है.

## जमशेदपुर : मंत्री बन्ना गुप्ता के आवास पर हुआ पथराव, चार धराए, बांड पर छूटे

### क्वार्टर के पास गार्ड ने शराब पीने से मना किया, तो किया हंगामा

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र के उलियान चौक के पास झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आवास पर कुछ युवकों ने शनिवार देर रात पथराव कर दिया. घटना 25-26 की रात 2 बजे की है. युवकों ने पास ही रखे प्लास्टिक के डिवाइडर को भी दरवाजे पे दे मारा. घटना को अंजाम देने के बाद सारे युवक मौके से फरार हो गए. इधर घटना की जानकारी मिलते ही कदमा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की छानबीन की. आसपास के लोगों से पूछताछ कर पथराव करने वाले युवकों के संबंध में जानकारी हासिल की. पुलिस ने लोगों से पूछताछ के आधार पर आरोपियों की पहचान की और घटनास्थल पर मौजूद चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया. पुलिस आरोपियों से पूछताछ की और पीआर बांड लिखवाने के बाद थाने से ही छोड़ दिया.

**नशे में गार्ड से उलझ गए, पथराव किया :** जानकारी के अनुसार, टाटा स्टील प्रबंधन द्वारा स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को कदमाम में ही क्वार्टर आबंटित किया गया है. फिलहाल क्वार्टर में सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है. काम की देखरेख के लिए क्वार्टर पर सुरक्षा गार्ड को भी तैनात किया गया है. बताया जाता है कि क्वार्टर के पास ही कुछ युवक शराब पी रहे थे. गार्ड ने युवकों को ऐसा करने से मना किया, तो सभी उससे उलझ गए. विवाद बढ़ा तो शराब के नशे में धुत युवकों ने गार्ड से गाली-गलौज करते हुए घर पर पथराव कर दिया. पास में रखे रोड डिवाडर को भी उठा कर दरवाजे पर पटक दिया.



#### थाने में शिकायत नहीं मिली है : थाना प्रभारी

मामले को लेकर कदमा थाना प्रभारी अशोक राम ने बताया कि किसी तरह की लिखित शिकायत नहीं मिली है. सभी आरोपियों को पीआर बॉन्ड पर छोड़ दिया गया है. बताया कि देर रात कुछ नशेड़ियों ने बन्ना गुप्ता को टाटा स्टील प्रबंधन द्वारा आबंटित आवास पर पथराव किया था. टाटा स्टील द्वारा आबंटित क्वार्टर का रेनोवेशन (सौंदर्यीकरण) का काम चल रहा है. गार्ड की शिकायत के तुरंत बाद ही सभी को पकड़ लिया गया. सभी रामजनमनगर के रहने वाले हैं और ऑटो चलाते हैं. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें पता नहीं था कि क्वार्टर मंत्री बन्ना गुप्ता का है. उन्होंने बताया कि वे लोग शराब ले नशे में थे और गार्ड से उलझ गए थे.

## कोर्ट का दरवाजा खटखटाने से डरें नहीं लोगः सीजेआई

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 'लोक अदालत' के तौर पर अपनी भूमिका निभाई है और नागरिकों को अदालतों का दरवाजा खटखटाने से नहीं डरना चाहिए, या इसे अंतिम उपाय के रूप में नहीं देखना चाहिए. न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, संविधान हमें स्थापित लोकतांत्रिक संस्थाओं और प्रक्रियाओं के माध्यम से राजनीतिक मतभेदों को हल करने की अनुमति देता है, अदालती प्रणाली स्थापित सिद्धांतों और प्रक्रियाओं के माध्यम से कई असहमतियों को सुलझाने में मदद करती है. सीजेआई ने शीर्ष अदालत में 'संविधान दिवस' समारोह के उद्घाटन के अवसर पर कहा, इस तरह, देश की हर अदालत में हर मामला संवैधानिक शासन का विस्तार है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कार्यक्रम में उद्घाटन भाषण दिया. इस समारोह में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए. सीजेआई ने कहा, पिछले सात दशकों में, भारत के सुप्रीम कोर्ट ने लोक अदालत के रूप में काम किया है.

## छात्र को अगवा करके पीटा, चेहरे पर किया पेशाब

**मेरठ।** यूपी के मेरठ में एक वीडियो वायरल हो रहा है. आरोप है कि कुछ दिन पहले 7 युवकों ने मिल कर 12वीं में पढ़ने वाले छात्र को बंधक बनाया फिर उसके साथ हैवानियत की. फिर वीडियो बना कर वायरल कर दिया. मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. छात्र के गायब होने पर उसके परिजन पूरी रात उसको ढूंढते रहे. मगर, नहीं मिला. सुबह जैसे-तैसे छात्र अपने घर पहुंचा और परिजनों को पूरी घटना बताई. परिवार का आरोप है कि वह पुलिस के पास गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. 16 नवंबर को दोबारा पुलिस के अधिकारियों से मिले. परिजनों का आरोप है की हल्की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है. मेरठ के एसपी सिटी पीयूष सिंह ने बताया कि 13 नवंबर को एक युवक के साथ कुछ युवकों ने मारपीट की. इस दौरान युवक के ऊपर पेशाब किया गया. मामले में पीड़ित के पिता की तहरीर पर केस दर्ज हुआ है. मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है. मामले में जांच कर कार्रवाई की जा रही है.

## गौ तस्करी में लग रहा गैंगस्टर प्रिंस का पैसा

संवाददाता। धनबाद

### जीटी रोड पर तस्करी करोड़ों रुपए का खेल



- पुलिस, नेता से लेकर सफेदपोशों का भी हिस्सा
- समस्तीपुर से डब्लू को पकड़ने के बाद वासेपुर पहुंची एटीएस
- वासेपुर से नदीम, शाहरूख व राजू को दबोचा गया

गैंगस्टर प्रिंस खान रंगदारी वसूल कर यहां के कई व्यापार को फाइनेंस कर रहा है. इसकी भनक पा रांची एटीएस की टीम ने छापेमारी कर चार लोगों को दबोचा है. एटीएस इन लोगों को उठा कर ले गई है. इनसे पूछताछ हो रही है. आशंका है कि गौ तस्करी के अलावा कई अन्य व्यापारों में भी इस वसूली की रकम लगाई गई है. एटीएस की टीम इन तथ्यों की पड़ताल कर रही है. सूत्रों की मानें तो वासेपुर मिल्लत कालोनी में पकड़े गए चार लोगों में से दो गौ तस्करी के खिलाड़ी हैं. जीटी रोड पर इनका सिक्का चलता है. पकड़े गए नदीम और शाहरूख के बारे में कहा जा रहा कि वासेपुर की गौ तस्करी की पुरानी टीम को भी इन्होंने पीछे धकेल दिया है. जीटी रोड पर अब ये लोग पूरी तरह काबिज हैं. चौंकाने वाली बात ये है कि इन पर प्रिंस खान का हाथ है. इन्हें प्रिंस से पैसा भी मिल रहा. पहले डब्लू को एटीएस ने समस्तीपुर से पकड़ा, उसके बाद टीम ने शनिवार की रात राजू, नदीम और शाहरूख को दबोचा.

## भारतीय न्यायिक सेवा सृजित की जाएः राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायपालिका में प्रतिभाशाली युवाओं का चयन करने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए एक अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के सृजन का सुझाव दिया है. सुप्रीम कोर्ट द्वारा यहां आयोजित संविधान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 'खर्च' और 'भाषा' न्याय चाहने वाले नागरिकों के लिए बाधाएं हैं. साथ ही उन्होंने कहा कि न्याय तक सभी की पहुंच में सुधार के लिए संपूर्ण प्रणाली को नागरिक-केंद्रित बनाने की आवश्यकता है.

**सूरते-हाल** झारखंड में 8500 आवेदन ग्रामसभा, एसडीओ और डीसी स्तर पर लंबित

# अब तक 63 हजार लोगों को दिया जा चुका है वन पट्टा

रवि भारती। रांची

झारखंड में वन क्षेत्र में रहने वाले अनुसूचित जनजाति व अन्य परंपरागत वन निवासियों को दिए जाने वाला वन पट्टा में कई पेंच फंसते जा रहे हैं. अब तक वन पट्टा के 31 हजार आवेदन तकनीकी कारणों से रिजेक्ट कर दिए गए हैं, जबकि वन पट्टा के लिए कुल आवेदन की संख्या 98,500 है. ग्राम सभा, एसडीओ अथवा डीसी के स्तर पर करीब 8500 आवेदन पेंडिग हैं. सामुदायिक वन पट्टा के लिए 2965 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें 2015 लोगों को ही वन पट्टा मिल पाया है. अब तक राज्य में 63 हजार लोगों को वन पट्टा दिया जा चुका है.

#### क्या किया गया है दावा

इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस और झारखंड वन अधिकार मंच द्वारा किए गए एक संयुक्त सर्वेक्षण के अनुसार, 32,112 गांवों में से 14,850 गांव वन क्षेत्रों के करीब हैं. इनमें वन अधिकार अधिनियम से 1882429.02 हेक्टेयर वन भूमि पर समुदायों द्वारा दावा किया जाना चाहिए. झारखंड वन बचाओ आंदोलन का मानना है कि झारखंड में एक करोड़ से अधिक लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वनों पर निर्भर हैं. हालांकि, अब तक 63 हजार लोगों को वन पट्टा दिया जा सका है.

### तकनीकी कारणों से 31 हजार आवेदन रिजेक्ट हुए

#### वन पट्टा देने के मामले में पड़ोसी राज्यों की स्थिति

| राज्य | कितनों को मिला पट्टा |
|---|---|
| छत्तीसगढ़ | 457145 |
| ओडिशा | 456923 |
| मध्यप्रदेश | 266609 |
| आंध्र प्रदेश | 223028 |
| महाराष्ट्र | 197524 |
| त्रिपुरा | 127931 |
| तेलंगाना | 97434 |
| गुजरात | 91686 |
| झारखंड | 63000 |



#### चल रहा अबुआ बीर दिशोम अभियान

राज्य सरकार ने वनाधिकार कानून के वन पट्टा देने के लिए अबुआ बीर दिशोम अभियान चला रही है. दिसंबर तक वन क्षेत्र में रहनेवाले लोगों को खोज कर पट्टा देने की बात कही गई है. अभियान के लिए हर स्तर पर कमेटी बनायी गयी है. सभी जिलों के डीसी को कहा गया है कि इसकी क्लोज मॉनिटरिंग की जाए.

## ढुल्लू महतो की तबीयत बिगड़ी, हैदराबाद रेफर

संवाददाता। धनबाद

भाजपा के बाघमारा विधायक ढूल्लू महतो की रविवार को तबीयत बिगड़ गई. पेट दर्द व कमजोरी की शिकायत पर असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया. डॉक्टरों ने जांच की और स्लाइन चढ़ाई. जानकारी मिलते ही विधायक के शुभचिंतकों के फोन आने लगे और लोग जानकारी लेने लगे.

स्लाइन चढ़ाने पर विधायक की तबीयत में सुधार आया. फिर ढूल्लू को बेहतर इलाज के लिए हैदराबाद रेफर कर दिया गया. उन्हें पेट दर्द व कमजोरी की पुरानी समस्या रही है. उनका इलाज पहले से ही हैदराबाद में चल रहा था. बेहतर स्वास्थ्य के लिए उन्हें हैदराबाद रेफर किया गया. ढूल्लू रांची निकल गए, जहां से हवाई मार्ग से हैदराबाद ले जाया जाएगा. विधायक के साथ रहने वालों का कहना था कि अचानक उनके पेट में दर्द उठा. दर्द के साथ बेचैनी बढ़ने लगी. पेट दर्द की शिकायत पूर्व से ही है और हैदराबाद से उनका इलाज चल भी रहा है. एक दो दिनों के भीतर ही ढूल्लू महतो चेकअप के लिए हैदराबाद जाने वाले भी थे.

#### खास बात

- बाघमारा विधायक के पेट में उठा दर्द, रांची से जाएंगे



## सुर सप्तक गायन व नृत्य में 700 स्कूली बच्चों ने लिया भाग



संवाददाता। जमशेदपुर

सेवा धर्म मिशन, रेनेसां यूनिवर्सल और प्रउत टीवी की ओर से रविवार टेल्को कॉलोनी संगीत समाज में रविवार को सुर सप्तक गायन व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें विभिन्न स्कूलों के 700 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. इनमें हिल टॉप, लिटिल फ्लावर, चिन्मया, लोयला, केरला समाजम, गुलमोहर, विवेक विद्यालय, शिक्षा निकेतन, राजेंद्र विद्यालय, डीएवी, आदि स्कूल के विद्यार्थी शामिल थे. इस संबंध में सेवा धर्म मिशन के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि अभी बच्चे पाश्चात्य संस्कृति की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं, ऐसे में संस्था का यह प्रयास है कि भारतीय संस्कृति से बच्चे अवगत हो और अध्यात्म की तरफ बढ़े. बच्चे नैतिकता के मार्ग पर चलें यही संस्था का संकल्प है.

### अर्का जैन यूनिवर्सिटी में मनाया गया झारखंड स्थापना दिवस, बिरसा मुंडा जयंती और जनजातीय गौरव दिवस

# भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षों से सीख लेने की जरूरत : अमित

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के गम्हरिया स्थित अर्का जैन यूनिवर्सिटी में झारखंड का 22वां स्थापना दिवस, बिरसा मुंडा जयंती और जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया. सभी कार्यक्रम अर्का जैन यूनिवर्सिटी के ब्लॉक आर्यभट्टा, जेईएच ऑडिटोरियम में संपन्न हुए. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के संयुक्त रजिस्ट्रार जसबीर सिंह धंजल, आईक्यूएसी सेल के डॉ अमित कुमार और अंग्रेजी विभाग के व्याख्याता व एनएसएस अधिकारी डॉ मनोज कुमार पाठक बतौर अतिथि के रूप में शामिल हुए. इस अवसर पर अर्का जैन यूनिवर्सिटी के



निदेशक सह कुलसचिव अमित श्रीवास्तव ने जल, जंगल एवं जमीन को बचाने के लिए महान स्वतंत्रता सेनानी एवं लोकनायक भगवान् बिरसा मुंडा के संघर्षो से सीख लेने की आवश्यकता बताई. कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग विभाग की प्राचार्य प्रो श्रीमती जिनू एनी जोसेफ के मार्गदर्शन में किया गया. यह कार्यक्रम ऊर्जा और उत्साह से आयोजित किया गया. अतिथियों ने बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की. वहीं डॉ मनोज कुमार पाठक ने इस मौके पर झारखंड की विशेषताओं पर चर्चा की. साथ ही बिरसा मुंडा से जुड़ी रोचक बातों से अवगत कराते हुए विद्यार्थिओं को उत्साहित किया. इसके पश्चात डॉ अमित कुमार ने आदिवासी समुदाय से जुड़े स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ.

### विद्यार्थियों ने किया नुक्कड़ नाटक

नर्सिंग के विद्यार्थिओं ने बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया और झारखण्ड प्रदेश की स्थापना से सम्बंधित वीडियो प्रस्तुत किया. इसके माध्यम से झारखण्ड की ख़ूबसूरती और विशेषताओं को दर्शाया. इसके अलावा जनजातीय गौरव दिवस पर नर्सिंग के विद्यार्थिओं ने ट्राइबल फैशन शो की रंगारंग प्रस्तुति की.




### रंभा कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस

# छात्रों ने किया भीमराव आंबेडकर को किया याद




**जमशेदपुर।** रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया. इस उपलक्ष्य में संस्थान के छात्र-छात्राओं ने भारत के संविधान की उद्देशिका का वाचन किया. कॉलेज के एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ भूपेश चंद ने संविधान के संदेश और उद्देश्य की विस्तार से व्याख्या की. सभी विद्यार्थियों ने बाबा भीमराव अंबेडकर को भी याद किया और संविधान में दिए गए संदेशों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया. कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के सभी व्याख्याताओं का योगदान रहा. छात्र-छात्राओं की ओर से कंचन बिरूआ, काजल कुमारी, कमला पिंगुआ, सलोनी देवगम, पूजा सोरेन, संकरी देवगम, पूर्णिमा गोप, जनार्दन महतो, सिमरन कुमारी और मधु सिंह ने कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई.

### छात्रों ने ली संविधान प्रस्तावना की शपथ

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया गया. यूनिवर्सिटी के प्रभारी प्राचार्या डॉ मृदुला भगत ने सभी प्रशिक्षुओं को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की भूमिका और संविधान की महत्ता से अवगत कराया गया. कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने सभी प्रशिक्षुओं को संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलायी. इसके बाद बीएड की प्रशिक्षु सोनाली कुमारी और सुनील कुमार वर्मा ने संविधान की निर्माण और मौलिक अधिकारों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला. यूनिवर्सिटी के बीएड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओं ने कोडरमा जिले के विभिन्न टीचर ट्रेनिंग स्कूलों के छात्र-छात्राओं को संविधान की शपथ दिलायी.


### संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**जमुआ (गिरिडीह)।** लंगटा बाबा कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्राचार्य प्रो. कमलनयन सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के पदाधिकारी प्रो भुवनेश्वर राम ने कहा कि संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए संविधान दिवस मनाया जाता है. कार्यक्रम में प्रो. अनिल कुमार देव, प्रो अजय कुमार, प्रो सुनील कुमार बर्णवाल, प्रो शकिल अख्तर, प्रो बिनोद कुमार राय, प्रो प्रदीप कुमार पांडेय, डॉ नंद गोपाल राय, प्रो अवधेश कुमार गोस्वामी, प्रो जयप्रकाश मिष्टकार, डॉ एहसान आलम, प्रो विनोद कुमार राय समेत कई छात्र उपस्थित थे.

### जैक ने परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी की

**रांची।** जैक ने इंटरमीडिएट परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी है. 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक बिना लेट फाइन के फॉर्म भरे जा सकते हैं. 13 दिसंबर से 20 दिसंबर तक लेट फाइन के साथ परीक्षा फॉर्म भरे जाएंगे. बता दें कि बोर्ड द्वारा मैट्रिक और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है, परीक्षा 6 फरवरी 2024 से शुरू होगी, जो 26 फरवरी तक जारी रहेगी. आवेदन जमा करने के लिए स्कूलों और कॉलेजों की ओर से एक फॉर्म छात्रों को उपलब्ध कराये जाएंगे.







## संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में क्विज प्रतियोगिता आयोजित



संवाददाता। घाटशिला

संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में जनजातीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसका विषय ''संस्कृति का महत्व'' था. कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षक प्रभारी अनूप कुमार पटनायक ने बच्चों को जनजातीय जनजीवन संस्कृति व सभ्यता के महत्व बताते हुए और प्रतियोगिता के नियमों का उल्लेख कर किया गया. विद्यालय की प्राचार्या नीलकमल सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज के शहरी जीवन में हम प्रदूषण भरी जिंदगी में अपनी संस्कृति व सभ्यता को भूलते जा रहे हैं, हमें अपनी संस्कृति एवं जनजातीय लोगों को बचाकर रखना चाहिए. उनके भी अलग वर्ग समूह ,त्यौहार व संस्कार होते हैं, ये हमें प्रकृति से प्रेम करना सिखाते हैं. हमें इन सबका सम्मान करना चाहिए. शिक्षक प्रभारी तथा इस कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक अनूप कुमार पटनायक ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद दिया.


### प्रतियोगिता में 53 बच्चों ने लिया भाग


इस प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं तक के कुल 53 बच्चों ने भाग लिया. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय प्रशासिका शोभा गनेरीवाल एवं विद्यालय प्रबंधक डॉ प्रसेनजीत कर्मकार उपस्थित थे. इस कार्यक्रम का संचालन सोमनाथ दे द्वारा किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में सह -शैक्षणिक प्रभारी सास्वती राय पटनायक, उप प्रभारी नीलिमा सरकार, पल्लवी साहा, लौखीमनी अधिकारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

## नृत्य प्रतियोगिता में विवेकानंद पब्लिक स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

संवाददाता। झुमरी तिलैया

कोडरमा गौशाला मेला समिति के अंतर विद्यालय समूह नृत्य प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन शिव वाटिका झुमरीतिलैया में शनिवार को किया गया. इस कार्यक्रम में कोडरमा जिले के सभी ख्याति प्राप्त विद्यालयों ने भाग लिया था. कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल को भी भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ. इस अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का समानांतर रूप से प्रतियोगिता में प्रदर्शन दिखाया. कार्यक्रम के सफलता में विद्यालय के निर्देशक सूरज कुमार सह निदेशक दीपक कुमार समेत अन्य लोगों की भूमिका रही है.



## महुआ मोइत्रा का आचरण असंसदीय, टीएमसी सांसद के बयान पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें सीएम

# परिश्रम, प्रगति व प्रेरणा से भरी होती है पीएम के मन की बात: बाबूलाल

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के बयान को लेकर कड़ी टिप्पणी दी. कहा कि टीएमसी सांसद ने न केवल सदन के अंदर बल्कि सदन के बाहर भी असंसदीय आचरण दिखाया है. उन्होंने जिस तरह से से झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता को गाली दी है. यह अत्यंत शर्मनाक है. झारखंड का अपमान है.

मरांडी ने कहा कि इस संबंध में झारखंड के मुख्यमंत्री और इंडी एलायंस के अन्य घटक दलों की चुप्पी समझ से परे है. झारखंड के मान-सम्मान की बात करने वाले लोग आज चुप क्यों हैं. मरांडी ने कहा कि झामुमो इंडी गठबंधन का घटक दल है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को महुआ मोइत्रा के बयान पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए. कहा कि भाजपा झारखंड की जनता के इस अपमान को बर्दास्त नहीं करेगी.



### खास बातें

- झारखंड की जनता अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी
- इंडी एलायंस के घटक दलों की चुप्पी समझ से परे

### दलालों और बिचौलियों की है सरकार

अनुसूचित जनजाति मोर्चा की ओर से शनिवार को सिदो-कान्हू की जन्मस्थली से निकली दो दिवसीय आदिवासीय अधिकार मोटरसाइकिल रैली का समापन बहरहवा के दुर्गापुर स्कूल मैदान में हुआ. इस यात्रा में सैकड़ों की संख्या में युवा शामिल हुए. जगह जगह यात्रा का भव्य स्वागत हुआ. पुष्प वर्षा की गयी. रैली के समापन के मौके पर भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी भी मौजूद थे. उन्होंने कहा कि यात्रा अभी समाप्त नहीं हुई है. यह यात्रा तभी रुकेगी जब झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता का दु:ख-दर्द दूर हो जाएगा. यहां के आदिवासी, दलित, वंचित को उनका अधिकार मिल जाएगा. हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आज गरीब आदिवासी मलेरिया से मर रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री को चिंता नहीं है। हेमंत सोरेन को केवल पैसा और परिवार की चिंता है. हेमंत सरकार दलालों और बिचौलियों की सरकार है.

### शक्ति केन्द्रों पर मन की बात सुनी

भाजपा ने झारखंड में अपने सभी शक्ति केंद्रों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 107वां एपिसोड सुना. प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बोरियो विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनी, वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने रांची विधानसभा क्षेत्र के इरगु टोली में, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने रांची विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 278,279 में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनी. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम का हर एपिसोड अपने आप में अनूठा होता है. आज का संस्करण भारत के लोगों, युवा शक्ति के परिश्रम, प्रगति और उनकी प्रेरक प्रसंगों से परिपूर्ण है। मन की बात का हर प्रेरक प्रसंग हजारों लोगों को देश और समाज के लिए कुछ करने के लिए बल प्रदान करता है.

### आओ जानें

## लातेहार से कब कौन जीतकर पहुंचे झारखंड विधानसभा

| वर्ष | पार्टी | विधायक |
|---|---|---|
| 2000 | जनता दल | बैद्यनाथ राम |
| 2005 | राजद | प्रकाश राम |
| 2009 | भाजपा | बैद्यनाथ राम |
| 2014 | झाविमो | प्रकाश राम |
| 2019 | झामुमो | बैद्यनाथ राम |



### ब्रीफ खबरें

#### राजद की 3 दिसंबर की बैठक स्थगित

**गढ़वा।** जिला राजद की 3 दिसंबर रविवार को होने वाली कार्यसमिति की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी है. बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के निर्देशानुसार चतरा लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव की निगरानी में गढ़वा गोविंद हाईस्कूल के मैदान में जनता मालिकों की पैर पूजा कार्यक्रम निर्धारित किया गया है. जिसमें झारखंड राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता सहित झारखंड के सम्मानित नेतागण की गरिमामय उपस्थिति रहेगी.

#### गोस्वामी ने सुनी पीएम की मन की बात

**बहरागोड़ा।** रविवार को बहरागोड़ा मंडल कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 107 वां संस्करण को सुना. इस अवसर पर भाजपा बहरागोड़ा मंडल अध्यक्ष राजकुमार कर, महामंत्री भक्तिश्री पांडा व उत्पल पैरा, कविन्दनाथ कुंडु, दीपंकर साव, सनत भगत, मिंटू नायेक, हेमकांत भुईयां, पार्थो सारथी बेरा उपस्थित थे.

#### सीएम मूल अवधारणा को खत्म करने में जुटे हैं : मुंडा

**रांची।** आदिवासी जमीन की लूट, सीएनटी एक्ट और टीएसी की भूमिका विषय पर परिचर्चा का आयोजन रविवार को यहां किया गया. जिसमें आदिवासी समन्वय समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में समिति के संयोजक लक्ष्मीनारायण मुंडा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा जनजातीय सलाहकार परिषद के हाथों ही सीएनटी एक्ट की मूल अवधारणा को खत्म किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जमीन लूटने में सरकार से लेकर गैर आदिवासी राजनेता सभी शामिल हैं.

#### आजसू का मिलन समारोह संपन्न

**जमशेदपुर।** रविवार को आजसू पार्टी द्वारा परसुडीह स्थित हलुदबनी मैदान में मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इसमें झामुमो, कांग्रेस और भाजपा के कई नेताओं ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ आजसू पार्टी की सदस्यता ली. आजसू पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से झामुमो के शंकर प्रजापति, भाजपा नेत्री बबिता सिंह और कांग्रेस पार्टी के दीपक प्रजापति और धीरज शर्मा शामिल थे. आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने पार्टी की नीति व सिद्धांत की शपथ दिलाई.

## मरांडी ने पांच महीने सोरेन परिवार को रखा निशाने पर

# अब चुनावी मोड में हेमंत सोरेन

**कौशल आनंद। रांची**



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 15 जुलाई को कमान संभाला. कमान संभालने के बाद से ही उन्होंने अपने निशाने पर सीएम हेमंत सोरेन और सोरेन परिवार को रखा. सीधे व्यक्तिगत हमले लगातार जारी रहे. हेमंत सोरेन ने इन पांच महीने में कभी भी तल्ख तेवर नहीं अपनाया. मगर खुद शांत रहते हुए अपने काम में जुटे रहे. मगर जिस तरह से सरकार आपके द्वार के तीसरे चरण की शुरूवात पर हेमंत सोरेन सीधे तौर पर बाबूलाल मरांडी, केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ हमलावर हो गए हैं.

सीएम हेमंत सोरेन के बदले तेवर से यह साफ हो चला है कि अब हेमंत सोरेन और झामुमो चुनावी मोड में आ गया है. वह भाजपा से सीधे तौर पर अब दो-दो हाथ करने को तैयार है.

लोकसभा चुनावी एंगल से देखा जाए तो झारखंड में लोकसभा की सीधी लड़ाई अब झामुमो-भाजपा के बीच बनती दिख रही है. हालांकि अभी चुनाव में तीन से चार महीने का विलंब है, मगर पांच राज्यों के चुनावी मतगणना के बाद पूरा देश लोकसभा चुनावी मोड में चला जाएगा. हर राजनीतिक दल अपनी तैयारी और बयानबाजी चुनाव को देखते हुए करेगी.

### खास बातें

- सीएम हेमंत के बदले तेवर से भाजपा खेमा भी है सकते में, रणनीति बदलने पर मजबूर
- तेवर जारी रहे तो लोकसभा चुनाव में भाजपा-झामुमो के बीच हो सकती है सीधी लड़ाई

### विगत दो दिनों में सीएम के बयान के प्रमुख अंश

- "विपक्ष हमारी सरकार और परिवार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाता है. लेकिन जिसकी सरकार ने झारखंड में भ्रष्टाचार कर इसका बेड़ागर्क कर दिया, उस भ्रष्टाचारी को गर्वनर बनाकर भेज दिया.
- "राज्यपाल राजनीतिक की तरह व्यवहार करते हैं. हमारे राज्य की जनता के हित से जुड़े अहम विधेयक पर कुंडली मारके बैठे हैं.
- "सरना धर्म कोड विधानसभा से पारित कराया लेकिन उसे केंद्र की मंजूरी नहीं मिली. ओबीसी आरक्षण बिल पर राज्यपाल कुंडली मारकर बैठे हैं. गैर भाजपा सरकारों में विधानसभा से पारित बिल को कानून नहीं बनने देते. सरकारों को सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ रहा है.
- "जब विपक्ष की राजनीतिक ताकत खत्म हो जाती है तो ये लोग छुपकर वार करते हैं. ईडी, सीबीआई और आईटी जैसी जांच एजेंसियों को आगे कर उसके पूछे छिप जाते हैं. पीछे से क्यों लड़ते हो. हिम्मत है तो सामने से लड़ो."
- "विपक्ष उनके हर काम में अड़ंगा लगाता है. सीएम हेमंत ने कहा कि हमारी सरकार डरने वाली नहीं है बल्कि लड़ने वाली है. उन्होंने कहा कि हम विपक्ष की गठरी बनाकर गुजरात भेज देंगे. इसमें 2-4 आदिवासी नेता भी शामिल हैं. "
- "मैंने केंद्र जैसे ही झारखंड का बकाया पैसा मांगा है, मेरे पीछे ईडी-सीबीआई लगा दिया. मैं इन सबसे डरने वाला नहीं हूं. अगर मैंने गलत किया है तो मुझे जेल भेज में बंद कर दो.

### भाजपा के रणनीतिकार भी अब सकते में

मुख्यमंत्री के बदले तेवर से भाजपा के रणनीतिकार भी अब सकते में हैं. वैसे भी लोस चुनाव की कमान सीधे तौर पर बाबूलाल मरांडी के हाथों में होगी. जहां पर मरांडी के लिए भाजपा की 12 सिटिंग सीट को बचाने के साथ सीटों को बढ़ाना भी होगा. केंद्र ने मरांडी को फ्री हैंड दे रखा है. केंद्रीय नेतृत्व मरांडी की राह के सबसे बड़े रोड़ा पूर्व सीएम रघुवर दास को राज्य की राजनीति से हटा दिया है. इसलिए मरांडी को अब अपने तरीके से लोकसभा चुनावी रणनीति रचनी है.

### बदले तेवर दे रहे हैं कई तरह के संकेत

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पॉजिटिव राजनीति के लिए जाने जाते हैं. अक्सर वे किसी भी राजनीतिक हमले के खिलाफ तुरंत और उग्र बयान नहीं देते हैं. वे पार्टी के सामने लाकर पलटवार कराते हैं. मगर जिस प्रकार से विगत दो साल से विपक्ष हेमंत सोरेन, सोरेन परिवार और सरकार के खिलाफ हमलावर रहा है. अब हेमंत सोरेन ने सीधे मोर्चा खोल दिया है. सोरेन के इस बदले हुए तेवर कई बात के संकते दे रहे हैं. राजनीति में कल क्या होगा, यह कहा नहीं जा सकता है, मगर वर्तमान परिपेक्ष्य में हेमंत के बदले मिजाज से भाजपा खेमे में बेचैनी बढ़ गयी है.

# मुख्यमंत्री स्मार्ट ग्राम के लिए मांगा समय

**प्रमुख संवाददाता। रांची**



झारखंड में मुख्यमंत्री स्मार्ट ग्राम योजनाओं को पूरा करने के लिए अफसरों ने मार्च 2024 तक का समय मांगा है. रविवार को मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी की अध्यक्षता में हुई बैठक में रांची सहित अन्य जिलों में सीएम स्मार्ट ग्राम योजना के तहत स्वीकृत योजनाओं को मार्च 2024 तक अवधि विस्तार देने की बात कही गई. बताते चलें कि इस योजना के तहत चयनित प्रखंड को कर सभी तरह की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जानी है.

**क्या है अब तक की स्थिति :** पूर्वी सिंहभूमः कांता शोल ग्राम पंचायत, डुमरिया प्रखंड में कार्यान्वित की जा रही मुख्यमंत्री स्मार्ट ग्राम योजना के अंतर्गत विभाग के द्वारा डीपीआर के अनुरूप स्वीकृत 87.70 लाख रुपये मात्र में से 41.57 लाख रुपये राशि खर्च किया गया है. योजना अंतर्गत लंबित योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए मार्च 2024 तक अवधि विस्तार देने की मांग की गई है.

**हजारीबाग :** चेनारो ग्राम पंचायत, चुरचू प्रखंड में अब तक स्वीकृत योजना पर काम प्रारंभ नहीं हुआ है. ऐसे में राज्य सरकार से मार्च 2024 तक अवधि विस्तार देने को कहा गया.

**बोकारो :** पेटरवार में डीपीआर नहीं बनने की वजह से फिर से योजनाओं को अवधि विस्तार फिर से देने की मांग की गई. इसमें कहा गया कि योजनाओं की समीक्षा के बाद ही अवधि विस्तार दिया जाएगा.

**रांची :** ठाकुर गिन्जो ग्राम पंचायत, बुढमू प्रखंड में कार्यान्वित की जा रही मुख्यमंत्री स्मार्ट ग्राम योजना अंतर्गत विभाग के द्वारा डीपीआर के अनुरूप सभी योजनाओं के कार्यान्वयन का कार्य पूर्ण कर लिए जाने की जानकारी प्रदान की गई. योजना के प्रतिवेदन संबंधी कार्य को देखते हुए योजना अवधि को दिसंबर 2023 तक विस्तारित करने का अनुरोध किया गया.

# पांकी में आज को कांग्रेस का सम्मेलन, धीरज करेंगे संबोधित

**संवाददाता। पांकी (पलामू)**

27 नवंबर को पांकी में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा. कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू भाग लेंगे. स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन की तैयारी शुरू कर दी है. इसकी जानकारी पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह कांग्रेसी नेता सुरेन्द्र यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी. उन्होंने बताया कि पांकी के रेणु टॉकीज में पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन ऐतिहासिक होगा. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू मौजूद रहेंगे.

### चुनाव तैयारी को लेकर कांग्रेस का सम्मेलन

सम्मेलन में सांसद धीरज प्रसाद साहू कार्यकर्ताओं को आगामी आम चुनाव की तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश देंगे. सुरेन्द्र यादव ने दावा किया कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी बेहद मजबूत स्थिति में है. यहां पार्टी हर हाल में चुनाव लड़ेगी और कार्यकर्ताओं की बदौलत जीत भी हासिल करेगी. प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उन्होंने क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्मेलन में भाग लेने की अपील की. मौके पर सुरेन्द्र यादव के अलावे विजय प्रसाद मौजूद थे.

## बालूमाथ में संविधान दिवस मनाया गया

**बालूमाथ (लातेहार)।** प्रखंड के सरकारी संस्थानों में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया. प्रखंड मुख्यालय के पंचायत भवन में मुखिया नरेश लोहरा के नेतृत्व में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके योगदानों की चर्चा की गयी. मौके पर डॉ. भीमराव अंबेडकर मंच से सुरेश राम, गोपाल राम, धर्मजीत भुइयां, प्रीतलाल यादव, प्रकाश साव, मंगरा भुइयां, बिनोद भुइयां, बाबूलाल राम व सुरेंद्र प्रसाद में कई गणमान्य लोग उपिस्थत थे. अनुसूचित जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक दशरथ पासवान की अध्यक्षता में संविधान दिवस मनाया गया.

# संविधान ने देश के दलितों, पिछड़ों आदिवासियों को दी ताकत: बाउरी



**संवाददाता। रांची**

संविधान दिवस पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से रांची के तपोवन मंदिर से पुराना हाईकोर्ट तक संविधान गौरव यात्रा निकाली गई. नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने यात्रा में शामिल होकर पुराना हाईकोर्ट के पास स्थित डॉ भीमराम अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के लिए लाखों लोगों ने अपनी कुर्बानी दी, तब जाकर हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई. लेकिन सही तौर पर हमें स्वतंत्रता उस दिन मिली जब हमें हमारा संविधान मिला. संविधान की जिम्मेदारी बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को दिया गया. उन्होंने सभी व्यक्ति को एक समान अधिकार देकर एक समृद्ध और कुशल समाज की स्थापना की.

# चाईबासा में 24 दिसंबर को युवा कांग्रेस का मिलन समारोह

**संवाददाता। चाईबासा**

कांग्रेस भवन चाईबासा में रविवार युवा कांग्रेस की सिंहभूम लोकसभा स्तरीय बैठक संपन्न हुई. बैठक में आगामी 24 दिसंबर को पोड़ाहाट स्टेडियम चक्रधरपुर में युवा कांग्रेस के सिंहभूम लोकसभा स्तरीय मिलन समारोह को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई.

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संयोजक युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव सौरभ अग्रवाल और सह-संयोजक युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव प्रेमेंद्र मिश्रा को बनाया गया. कार्यक्रम को सोशल मीडिया और मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार के लिए स्टेट सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर अनुप्रिया सोय के नेतृत्व में 105 लोगों की टीम बनाई गई. बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर दास, जिला प्रवक्ता जितेंद्र ओझा, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव प्रेमेंद्र मिश्रा, सरायकेला कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रकाश महतो, पश्चिमी सिंहभूम जिला उपाध्यक्ष राजू कायम, स्टेट सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर अनुप्रिया सोय, जिला सोशल मीडिया संयोजक मोहम्मद सलीम, विजय दास, रवि कच्छप, लीगल सेल की मिली बिरूवा, मंझारी प्रखंड अध्यक्ष संदीप कुंकल, तांतनगर अध्यक्ष रूपेश पुरती, हाटगमहारिया अध्यक्ष चन्द्रशेखर गागराई, झींकपानी प्रखंड अध्यक्ष सुनील बीरूली, चक्रधरपुर नगर अध्यक्ष अमन महतो, खरसावां प्रखंड अध्यक्ष सूरज सामड, विधानसभा अध्यक्ष आशीष, अनिश बोयपाई, चैतन्य संवैया, चक्रधरपुर महिला अध्यक्ष राखी सलूजा, जयराम हांसदा, वीरेंद्र, सन्नी रॉबर्ट अंथोनी, संदीप महतो, केदार कलुंडिया, कपिल सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे.




**जमशेदपुर** केन्द्र की नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर राजभवन मार्च किया जा रहा है

# महापड़ाव में भाकपा के सैकड़ों प्रतिनिधि हुए शामिल

**संवाददाता। जमशेदपुर**




राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत संयुक्त किसान मोर्चा एवं संयुक्त ट्रेड यूनियन के आह्वान पर रांची राजभवन के समक्ष 26 नवंबर से महापड़ाव कार्यक्रम शुरू हो गया है. तीन दिवसीय इस महापड़ाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य शामिल हुए. वे रविवार को जमशेदपुर से रवाना हुए थे. सभी साकची स्थित आमबगान मैदान में जुटे. वहां से नारेबाजी करते हुए बस से रांची के लिए निकले थे.

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के जिला सचिव अंबुज कुमार ठाकुर ने बताया कि मोदी सरकार की नीति के कारण आज महंगाई, बेरोजगारी और घूसखोरी चरम पर है. उद्योग-धंधे की स्थिति खराब हो गई है और मजदूरों की छटनी की जा रही है. इन तमाम बिंदुओं को लेकर राजभवन के समक्ष मार्च किया जा रहा है. इसके जरिए राज्यपाल से फरियाद की जाएगी की इन मुद्दों पर लगाम लगाया जाए अन्यथा विभिन्न संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे. झारखंड के कोने-कोने से मजदूर, किसान, छात्र एवं नौजवान एकत्रित होकर इस मार्च में शामिल हो रहे हैं.

### खास बातें

- मोदी सरकार की नीति के कारण महंगाई, बेरोजगारी
- उद्योग धंधों की स्थिति खराब मजदूरों की हो रही है छंटनी
- राजभवन मार्च में किसान छात्र, मजदूर हो रहे शामिल

## ब्रीफ खबरें

### तीन को दिव्यांग दिवस मनाएगी विकलांग समिति

**चांडिल।** नीमडीह प्रखंड के रघुनाथपुर वन विश्रामागार परिसर में तीन दिसंबर को दिव्यांग दिवस समारोह होगा. झारखंड विकलांग संरक्षण समिति की ओर से तीन दिसंबर को सुबह दस बजे से प्रारंभ होने समारोह में दिव्यांगजनों के विभिन्न समस्याओं व मुख्य मांगों पर चर्चा की जाएगी. इसकी जानकारी देते हुए अरुण कुमार ने बताया कि दिव्यांगों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार के 2004 के बुकलेट के अनुसार सारी सुविधा नहीं मिल रहा है.

### संविधान दिवस पर शपथ समारोह आयोजित

**तेतुलामारी।** बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय में रविवार को सभागार में संविधान दिवस के उपलक्ष्य मे शपथ समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सामूहिक रुप से संविधान की रक्षा की शपथ ली. वहीं वक्ताओं ने संविधान दिवस पर अपना अपना विचार व्यक्त किया. मौके पर क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, बीडी सिंह, प्रबंधक (कार्मिक) प्रशासन, चंदन कुमार श्रीवास्तव, आरबी दोर्जी, तरुण बनर्जी, आ.डी.पासवान, गणेश तिवारी और मो. माजिद व अन्य अधिकारी मौजूद थे.

### आरएल 183 मीटर तक करना है जल भंडारण

# विस्थापितों को मिली 31 दिसंबर तक की मोहलत

- ग्रामीण दावे, आपत्ति और आवेदन दे सकते हैं
- आरएल 183 मीटर तक जल भंडारण करना है

**संवाददाता । चांडिल**

सुवर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना चांडिल डैम के आरएल 183 मीटर की जद में आने वाले गांवों के विस्थापितों को अपने दावे, आपत्ति व आवेदन देने के लिए 31 दिसंबर तक की मोहलत दी गई है. सुवर्णरेखा परियोजना के अपर निदेशक के कार्यालय से सूचना जारी की गई है. इसके अनुसार झारखंड सरकार के जल संसाधन विभाग के सचिव द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में चांडिल बांध प्रक्षेत्र में आरएल 183 मीटर तक जल भंडारण करना है. इसको लेकर विभाग ने काम शुरू कर दिया है. इससे प्रभावित विस्थापितों को अगर किसी प्रकार का दावा, आपत्ति या आवेदन देना हो तो इसके लिए सूचना दी जा रही है. सभी प्रकार के आवेदनों के निष्पादन के बाद डैम में 183 मीटर जल भंडारण किया जाना है.

**निदेशक कार्यालय से जारी की गई है सूचना**



**44 गांव होंगे प्रभावित**

भू-अर्जन एवं पुनर्वास आदित्यपुर के अपर निदेशक दिनेश कुमार रंजन के कार्यालय से जारी सूचना में चांडिल डैम के 183 मीटर जल भंडारण होने पर इसकी जद में आने वाले गांवों के नाम भी जारी किये गये हैं. इसमें बोराबिंदा, लावा, रूआनी, काशीपुर, केशरगड़िया, गोपालपुर, डिमुडीह, हुटु, कल्याणपुर, डूररी, ओड़िया, बीरडीह, उदाटाड, हरसुंदरपुर, दयापुर, गुंडा, कालीचामदा, रसुनिया, कुमारी, चौका, मैसाडा, बांदाबीर, बाकसाई, चामदा, ईचागढ़, जानुम, कारका, दुलमी, दियाडीह, पातकुम, गाड़ाडीह, उदल, चानो, आदरडीह, हुरलुंग, लेप्सोडीह, सीमा, कुंजवन, कारकीडीह, केंदाआंदा, आंडा, करणडीह, बांदु (हवेन) और हेवेन गांव शामिल हैं. इन गांवों के विस्थापितों को अगर किसी प्रकार का पुनर्वास से संबंधित अपना दावा, आपत्ति और आवेदन देना है तो 31 दिसंबर तक निश्चित रूप से पुनर्वास कार्यालय, संख्या 2, चांडिल में जमा करने का आग्रह किया गया है. बताया गया कि उक्त तिथि के बाद पुनर्वास से संबधित दावों पर विचार नहीं किया जाएगा.

# सैलानियों को लुभा रहा है मैथन डैम का हिरण पार्क



**संवाददाता। मैथन**

**आएंगे पर्यटक**

- ठंड में हिरणों को कुलांचे मारते देखा जा सकता है
- सैलानी इन हिरणों को अपने कैमरे में कैद करते हैं

मैथन डैम की प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ डैम पर स्थित हिरण पार्क भी इन दिनों सैलानियों को अपनी ओर खूब आकर्षित कर रहा है. ठंड की मौसम शुरू होते ही हिरणों के झूंड को कुलांचे मारते हुए देखा जा सकता है. सैलानी परिवार के साथ मैथन डैम के प्राकृतिक छटाओं के साथ पार्क में हिरणों के उछल कूद व कुलांचे का खूब लुफ्त उठा रहे हैं.

हिरणों के झूंड को कुलांचे भरते हुए देख सैलानी इस दुर्लभ नजारे को अपने कैमरे में कैद कर रहे हैं और सेल्फी ले रहे हैं. हालांकि पार्क को डीवीसी प्रबंधन चारों ओर से कंटीली तार से घेराबंदी किये हुए है, ताकि हिरणों की सुरक्षा की जा सके और हिरण पार्क से बाहर नहीं निकल सके. ज्ञात हो कि डीवीसी प्रबंधन ने मैथन डैम के निर्माण के बाद 1953 में डैम के फाटक के बगल में छोटे से पहाड़ी पर हिरण पार्क का निर्माण किया था. तब से यह पार्क सैलानियों को खूब लुभाता आ रहा है. ठंड के मौसम शुरू होते ही सैलानी मैथन डैम घूमने आने लगते हैं. डैम के प्राकृतिक सौंदर्य, रंग बिरंगी फूलों से सजा मिलेनियम पार्क, विशाल जलाशय में नौकाविहार के साथ-साथ हिरण पार्क का भरपूर आनंद उठाते हैं. पार्क में फिलहाल करीब ढाई सौ से अधिक हिरण हैं. जिसका रख रखाव डीवीसी के वन विभाग द्वारा किया जाता है. धनबाद जिला पर्यटन संवर्धन समिति ने भी दो वर्ष पहले मैथन डैम को विकसित करने के लिए वृहद योजना बनाई थी.

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- संयुक्त राष्ट्र का 193वां राष्ट्र – **दक्षिणी सूडान**
- बैटिंग ब्लॉक शब्दावली किस खेल से संबंधित है – **कबड्डी**
- विश्व का सबसे छोटा महासागर – **आर्कटिक**
- मानव ने आग का प्रयोग किस काल में प्रारंभ किया था – **नवपाषाण**
- अंडमान निकोबार द्वीप समूह कहा पर स्थित है – **बंगाल की खाड़ी**
- भारत की जलवायु कैसी है – **उष्ण कटिबंधीय मानसूनी**
- मानव शरीर की सबसे छोटी हड्डी का नाम – **स्टेपीज**
- झारखंड बनते समय राज्य में कितने जिले थे – **18**
- पाइथागोरस का संबंध किससे है – **गणित**
- बलबन का तत्कालीन उत्तराधिकारी कौन था – **कैकूबाद**

# न्यू मधुबन वाशरी का चक्का जाम तीसरे दिन भी रहा जारी

**संवाददाता। बाघमारा**

ब्लॉक दो क्षेत्र के न्यू मधुबन कोल वाशरी में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार की मांग को लेकर ग्रामीण अधिकार मंच द्वारा आयोजित अनिश्चित कालीन चक्का जाम आंदोलन रविवार तीसरे दिन भी जारी रहा. एक ओर जहां न्यू वाशरी का काम ठप रहने से बीसीसीएल को प्रति दिन के हिसाब से लाखों की क्षति हो रही है वहीं महिला व पुरुष ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में आंदोलन स्थल पर डटे हुए हैं. ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे खानुडीह पंचायत के पूर्व मुखिया गोपाल महतो, शंकर महतो एवं पिंकू पांडेय ने कहा की प्रबंधन के मनमाना रवैये से स्थानीय बेरोजगारों में काफ़ी रोष है. मौके पर अमृत मांझी, देवानंद महतो, राजेश महतो, तुलसी रवानी, अंजन पांडेय, अर्जुन महतो, कुलदीप पांडेय, रंजीत पांडेय, रघु मंडल, गोविंद रविदास, अनिल हाड़ी, गौतम रविदास, विजय रविदास, गुड्डू हाड़ी, बैजनाथ महतो, प्रदीप महत और कामेश्वर महतो मौजूद थे.




# जाम से लोग परेशान, समस्या का नहीं हो पा रहा है निदान



**संवाददाता । निरसा**

निरसावासियों के लिए जाम की समस्या अब नासूर बन गई है. निरसा चौक जीटी रोड़ पर हो रही जाम की समस्या से मुक्ति नहीं मिल पा रही है. प्रतिदिन जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है.

ऐसा नहीं की इस जाम से सिर्फ निरसावासी को परेशानी होती है, बल्कि जीटी रोड में आवाजाही करने वाले जिले के आलावा दूसरे राज्यों के लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं. सड़क किनारे दोपहिया व चारपहिया वाहनों को खड़ा करना जाम का प्रमुख कारण है. रविवार को साप्ताहिक बाजार होने के कारण भयावह जाम की स्थिति रही. जाम के कारण प्राइवेट बसें, मरीज को लेकर जाने वाले एंबुलेंस घंटों जाम के कारण फंसा रहा. लगभग तीन-चार घंटे तक निरसा चौक पर जाम हटाने के लिए न ही पुलिस पहुंची और न हीं कोई प्रशासनिक पदाधिकारी. इसके कारण तीन-चार किलोमीटर तक वाहनों जी लंबी कतारें लग गयीं. निरसा बाजार के मुख्य मार्ग चौक दोनों तरफ फुटपाथ दुकानदार ने सर्विस लेन को अपने गिरफ्त में ले रखा है.

### कुटलो गांव पहुंचे डीसी, लोगों से की बात

**पाकुड़।** लिट्टीपाड़ा प्रखंड के बड़ा कुटलो गांव में बीते एक सप्ताह में पांच लोगों की जान चली गई. इसी को लेकर रविवार को डीसी मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कुटलो गांव का भ्रमण किया. डीसी ने गांव के लोगों से मुलाकात कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली. डीसी ने सभी गांव के लोगों को मलेरिया जांच कराने को लेकर जागरूक किया. डीसी ने स्वयं अपना मलेरिया जांच कराकर गांव को लोगों को जांच कराने के लिए प्रेरित किया. साथ ही साथ प्रभावित गांवों में व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश बीडीओ को दिया. डीसी ने ग्राम प्रधान एवं मुखिया को कहा कि सभी गांवों के लोगों की मलेरिया जांच कराने में सहयोग करें. साथ ही उन्होंने कहा कि आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण लोगों को संवाद में परेशानी हो रही है.

### रिम्स में आज से होगा थीसिस राइटिंग प्रोगाम

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रिम्स में तीन दिवसीय थीसिस लेखन अभिविन्यास कार्यक्रम (थीसिस राइटिंग ओरिएंटेशन प्रोगाम) का आयोजन किया जा रहा है. रिम्स के ट्रॉमा सेंटर के चौथे तल्ले में स्थित ऑडिटोरियम में 27 नवंबर को कार्यक्रम शुरू होगा, जो 29 नवंबर तक चलेगा. थीसिस राइटिंग ओरिएंटेशन प्रोगाम में पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) के छात्रों को भाग लेना अनिवार्य है. इसको लेकर डीन रिसर्च ने कहा कि थीसिस लेखन कार्यक्रम में रिम्स से बाहर के छात्र भी शामिल हो सकते हैं. रिम्स के बाहर के छात्र अगर कार्यक्रम में भाग लेंगे तो उन्हें प्रतिदिन दो हजार रुपये दिया जायेगा. छात्रों को प्रतिदिन दो हजार रुपये के हिसाब से तीन दिन का छह हजार रुपये मिलेगा.

### गारू बीडीओ का निधन शोकसभा आयोजित

**लातेहार।** जिले के गारू प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रताप टोप्पो का असामयिक निधन हो गया. उनके निधन पर समाहरणालय सभागार में एक शोकसभा का आयोजन किया गया. उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में आयोजित इस शोकसभा में दो मिनट का मौन रख कर दिवगंत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी. डीडीसी ने कहा कि स्व. टोप्पो एक व्यवहार कुशल अधिकारी थे. उन्होंने काम के साथ कभी समझौता नहीं किया. मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी मो. परवेज, गोपनीय शाखा प्रभारी सुजीत कुमार, श्रम अधीक्षक लक्ष्मी कुमारी, जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, विद्युत कार्यपालक अभियंता मो. शमशाद, पेयजल कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार महतो मौजूद थे.

# किसान सभा ने किया तीन दिवसीय महापड़ाव आयोजित



**संवाददाता। रांची**

अखिल भारती किसान सभा झारखंड राज्य परिषद ने रविवार को राजभवन के सामने किसान सभा का आयोजन किया. जिसे तीन दिवसीय महापड़ाव का दिया गया है. इस सभा में किसान संगठन और मजदूर संगठन के लोग शामिल रहे. इसे लेकर राज्यपाल के नाम 17 सूत्री मांगे रखी गईं.

**ये हैं मांगें**


1. मजदूर विरोधी चार लेबर कोड रद्द किया जाए.
2. न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए कानून बनाया जाए.
3. असंगठित मजदूरों को 18000 रुपए न्यूनतम मजदूरी निर्धारित की जाए.
4. अडाणी-अंबानी के कॉल ब्लॉक रद्द करो.
5. बंद पड़े सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं को चालू किया जाए.
6. 60 वर्ष उम्र के सभी किसानों को 10,000 मासिक पेंशन दी जाए.
7. शिक्षित बेरोजगार नौजवानों को 10,000 मासिक बेरोजगारी भत्ता दिया जाए.
8. धान का क्रय मूल्य 2500 रुपए क्विंटल और 500 रुपए प्रति क्विंटल किसानों को बोनस दिया जाए.
9. भूमि अधिग्रहण कानून 2013 लागू किया जाए.
10. विस्थापन आयोग का गठन शीघ्र किया जाए.
11. गढ़वा जिले के सुनील मुखर्जी नगर में बसे दलित परिवारों को जमीन का पर्चा दिया जाए.
12. दुमका जिला के हंसडीहा थाना कांड संख्या 69, 2023 के पीड़ित रीना देवी को न्याय दिलाया जाए.










## क्लासिफाइड












## उपायुक्त ने चिनप ईओ को किया शोकॉज, रोका वेतन



संवाददाता। मैथन

चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 2 में शनिवार को आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से अधिकांश अधिकारियों को गायब रहने के मामले को डीसी धनबाद वरूण रंजन ने काफी गंभीरता से लिया. डीसी ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए चिनप के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान से स्पष्टीकरण मांगा है. जबकि नगर मिशन प्रबंधक का वेतन रोकने का निर्देश जारी किया है.

साथ ही वार्ड 2 में पुनः 27 नवंबर सोमवार को कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है. डीसी के निर्देश पर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिले में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 25 नवंबर को चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 2 में आयोजित शिविर में सरकार द्वारा तय मानक, रुपरेखा व मार्गदर्शन के विपरित व्यवस्था रहने के कारण शिविर में आने वाले लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा. इसको ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा तय मानक के अनुसार चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 2 में 27 नवंबर को पुनः शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया है.

### कुदरा में गंझू व मुंडा समुदाय के आदिवासी समुदाय के लोग निवास करते हैं

## चंदवा के कुदरा में सड़क नहीं खुले कुएं का पी रहे हैं पानी

संवाददाता ।चंदवा

चंदवा प्रखंड क्षेत्र में एक आदिवासियों का गांव है कुदरा. यह कुदरत के गोद हरे-भरे जंगल में बसा है. कुदरा में गंझू और मुंडा समुदाय के आदिवासी समुदाय के लोग निवास करते हैं. ये अपने स्वभाव से बहुत ही भोले भाले होते हैं. इनका जीवन मुख्य रूप से खेती पर निर्भर है. इसके अलावा ये वनोपज से अपना और अपने परिवार का भरण पोषण कर जीवन निर्वाह करते हैं. लेकिन इनका गांव आज भी विकास से कोसों दूर है.

खेती के लिए गांव में समुचित सिंचाई की व्यवस्था नहीं है. इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है. इसके लिए लोग मौसमी बारिश पर ही



चैता मुंडा

निर्भर रहकर अपने फसल उपजाया करते हैं. इसके अलावा इस गांव में कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है. गांव से शहर को जोड़ने के लिए अच्छी सड़क नहीं है. इससे आवागमन पर पड़ता है. जब बारिश होती है तो मुश्किल और बढ़ जाती है.

**सुविधा नदारद**

- पानी के लिए प्रशासन की ओर से कोई व्यवस्था नहीं
- शहर को जोड़ने के लिए अच्छी सड़क नहीं है
- गांव में दो उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हैं

सड़क नहीं होने से किसान समय पर अपनी उपज को बाजार नहीं पहुंचा पाते हैं. जिस कारण उनके फसल की अच्छी कीमत नहीं मिल पाती है.

गांव में दो उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय है. जहां गांव के बच्चों को शिक्षा देने का काम किया जाता है. यहां के सभी लोगों के लिए आज भी शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं है. लोग खुले कुआं का पानी पीने को विवश हैं. गांव के ही चैता मुंडा ने बताया कि गांव में नल जल योजना के माध्यम से चार सोलर जल मीनार लगे, पर दो जलमीनार सिर्फ हाथी दांत बनकर रह गए हैं. हर घर पानी पहुंच के लिए समुचित पाईप लाईन नहीं बिछाई जा सकी है. जबकि मीनार के खड़ा किए हुए छः माह से ज्यादा का समय गुजर चुका है. दो मीनार मृतप्राय हो हो चुके हैं. दो से थोड़ा-बहुत काम लिया जा रहा है. यहां स्वास्थ्य केंद्र नहीं रहने से अक्सर मरीज और उनके परिजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है. लोग इलाज के लिए जैसे तैसे लोहरसी जाते हैं.

## जेल से जुड़ रहे रंगदारी के तार पर छापे में नहीं मिलते मोबाइल

- जेल से मांगी जा रही रंगदारी में जेल प्रबंधन को कटघरे में क्यों नहीं लाते?

संवाददाता ।धनबाद

धनबाद में रंगदारी के खेल को बेनकाब करने की पुलिसिया कोशिश कितनी असरदार है, इस बात का अंदाजा ऐसे लगाया जा सकता है कि रंगदारी के अनुसंधान में अक्सर मोबाइल ही सच बोल देता है. साथ ही खुद के जेल के अंदर होने की गवाही भी दे देता है. लेकिन जब छापेमारी होती है तब वहां से गांजा काटने के लिए ब्लेड और खैनी की पुड़िया जैसे आपत्तिजनक सामानों के अलावा कभी मोबाइल बरामद नहीं हो पाते. वैसे तो जेल में फोन सुविधा की उपलब्धता आम सी बात है.

यहां चौबीसों घंटे ये सुविधा थोड़ी ऊंची रेट में उपलब्ध है. कद्दावर कैदियों के पास तो मोबाइल होता ही है. लेकिन जब यहां से किए गए कॉल रंगदारी से जुडते हैं तो शोर-शराबा मचता है. हाल ही में एक कारोबारी को आए थ्रेट कॉल का कनेक्शन भी जेल से जुड़ने की सूचना है. वैसे भी जिला प्रशासन ने शनिवार को जेल में औचक छापेमारी की. इस बार उपायुक्त धनबाद ने खुद छोपमारी की कमान संभाली. जेल के कोने-कोने की तलाशी ली गई.

प्रशसन द्वारा गैंगस्टर प्रिंस खान और यूपी के शूटर अमन सिंह के गिरोह के गुर्गों के वार्ड को खास तौर पर खंगालने का काम किया गया. लेकिन मोबाइल आदि बरामद करने में कामयाबी नहीं मिली. ऐसे में क्या जेल प्रबंधन सवालों के कटघरे में नहीं होता है. कहीं छापेमारी की सूचना तो लीक नहीं हो जाती. ये भी कि छापेमारी दस्ते के जेल गेट पहुंचते ही सारे आपत्तिजनक सामान कुछ मिनटों में समेट तो नहीं लिए जाते. क्योंकि छापेमारी दस्ते को जेल के मेनगेट से अंदर प्रवेश करने में कई बंद दरवाजों को खुलवाना पड़ता है. इसमें समय लगता है. क्या इतने समय में मोबाइल जैसी चीजें छिपाई नहीं जा सकती हैं. इन सवालों के जवाब तलाशने पर जेल में छापेमारी के दौरान मोबाइल बरामद होने संभावना बढ़ सकती है.

## एसपी ने कार से काली फिल्म हटवायी

संवाददाता। धनबाद

धनबाद के सिटी एसपी अजीत कुमार ने रविवार को अधिकारियों की टीम के साथ शहर के मुख्य मार्ग सहित अन्य इलाकों का निरीक्षण किया. इस दौरान ट्रैफिक डीएसपी राजेश कुमार, डीएसपी विधि व्यवस्था अरविंद कुमार बिन्हा, डीएसपी अमर पांडे, सदर थाना प्रभारी संतोष गुप्ता, सरायढेला थाना प्रभारी विनय कुमार, बरवाअड्डा थाना प्रभारी विक्रम सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उनके साथ थे. टीम जैसे ही मेमको मोड़ पहुंची, वहां से गुजर रही एक काले रंग की स्कॉर्पियो (संख्या जेएच10सीएन 0027) के शीशे पर काली फिल्म लगी देख उसे रोका गया.

सिटी एसपी ने तत्काल शीशे से काली फिल्म हटवाई और वाहन मालिक से जुर्माना भी वसूला गया. सिटी एसपी ने पुलिस अधिकारियों को शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया. इसके बाद



**की कार्रवाई**

- काली फिल्म हटवाने के बाद मालिक से जुर्माना वसूला
- एसपी ने शहर की टैफ्रिक व्यवस्था दुरुस्त करने कहा

काफिला बरवाअड्डा किसान चौक पर पहुंचा और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. फिर, एनएच होते हुए गोविंदपुर की ओर निकल गया. वहां से मैथन पहुंचकर एनएच पर सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया.इस दौरान एनएचआई के अधिकारी भी मौजूद थे. सिटी एसपी ने सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाने, जहां-तहां वाहन खड़े करने पर रोक लगाने, ब्लैक स्पॉट की पहचान करने का निर्देश दिया. टीम ने अवैध कट और जीटी रोड के समीप ग्रामीण इलाको को जोड़ने वाले रास्तों जायजा लिया गया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिया गया. सिटी एसपी ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा.

## लातेहार चूड़ीहार विकास मंच की कमेटी हुई गठित

संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)

लातेहार जिला चूड़ीहार विकास मंच की एक बैठक रविवार को बालूमाथ के कजरिया होटल में आयोजित की गयी. बैठक में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद झारखंड चूड़ीदार मंच के संचालक मो तोहिद व मीडिया प्रभारी मो जमीन को लातेहार कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हाजी मोतिउर रहमान ने गुलदस्ता भेंट किया और पगड़ी पहना कर उनका स्वागत किया.

बैठक में लातेहार जिला चूड़ीहार विकास मंच का गठन किया गया. सर्वसम्मति से बतौर संरक्षक हाजी मोतिउर रहमान,उप संरक्षक मो अख्तर, अध्यक्ष मो जफर आलम, सचिव मो जलाल (बिजरा, हेरहंज) , कोषाध्यक्ष मो शमीम कातीब, मीडिया प्रभारी मो अख्तर को बनाया गया. इसके अलावा कमिटि में मो जसीम व मो फिरोज, बरवाडीह को



शामिल किया गया. बैठक में चूड़ीहार समाज के उत्थान व विकास पर चर्चा की गयी. हाजी मोतिउर रहमान ने कहा कि चूड़ीहार समाज को विशेष कर शिक्षा पर ध्यान देना आवश्यक है. शिक्षित हो कर ही हम समाज में अपना मुकाम पा सकते हैं. झारखंड राज्य चूड़ीदार समाज के संचालक मो तोहिद ने कहा कि किसी भी समाज का विकास तभी हो सकता है जब उस समाज के लोग एकत्रित और संगठित हों. बैठक में मो अरशद, मो अलीम, मो जुबैर, मो सनाउल्लाह मौजूद थे.

## हथिनी मौत मामला: टीम की जांच शुरू

संवाददाता। चाकुलिया

भारत सरकार के गृह मंत्रालय की टीम रविवार को हाथियों की मौत की घटना स्थल पर जांच करने पहुंची. बता दें कि मुसाबनी में पांच और चाकुलिया दो हाथियों की मौत हाई टेंशन तार की चपेट में आने से हुई थी. इस टीम में गृह मंत्रालय के वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो के संयुक्त निदेशक एचवी गिरीशा और बोर्ड के सदस्य एन लक्ष्मी नारायण थे.

इनके साथ सीएफ पीआर नायडू, जमशेदपुर की वन प्रमंडल पदाधिकारी ममता प्रियदर्शी, चाकुलिया के प्रभारी वन क्षेत्र पदाधिकारी दिग्विजय सिंह और बिजली विभाग के पदाधिकारी भी थे. विदित हो कि चाकुलिया नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 में गणेश राइस मिल के पीछे तालाब की मेंढ़ पर हाथियों का एक दल हाई वोल्टेज बिजली के तार की चपेट में आ गया था. इनमें से



दो हथिनी जख्मी हो गई थी. 24 घंटे के अंदर दोनों हथिनी की मौत अलग-अलग जगह पर हो गई थी.

यह टीम गणेश राइस मिल के पीछे तालाब के पास पहुंची और बारीकी से मामले की छानबीन की. इसके बाद टीम बड़ामारा पंचायत के ज्वालभांगा गांव के पास खेत में पहुंची, जहां एक हथिनी की मौत हुई थी. यहां पर टीम ने आसपास के ग्रामीणों से भी पूछताछ की. दूसरी हथिनी की मौत जमुआ पंचायत में माचाडीहा के पास लखन चौक से सटे काजू जंगल में हुई थी. टीम यहां भी पहुंची और घटना स्थल की जांच की. एचवी गिरीश ने बताया कि हाथियों की मौत लगातार क्यों हो रही है. इसके लिए जिम्मेवार कौन है और इसकी रोकथाम कैसे की जा सकती है. इस पर टीम जांच कर रही है. इसके पूर्व इस टीम ने मुसाबनी के उपरबांधा के पास हाई टेंशन तार की चपेट में आकर हुई पांच हाथियों की मौत के मामले की जांच घटनास्थल पर की. वहां भी टीम ने ग्रामीण से इस संबंध में पूछताछ की.



## ब्रीफ खबरें

### एयरपोर्ट पर गांजे के साथ यात्री गिरफ्तार

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ के जवानों ने एक यात्री को 30 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है. चेकिंग के दौरान यात्री के बैग से गांजा बरामद किया गया. जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तार यात्री का नाम अमल जैन है और वह मूल रूप से हरियाणा का रहने वाला है. जानकारी के मुताबिक, अमल जैन हैदराबाद की फ्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट पहुंचा था. सीआईएसएफ के जवानों ने उसे गांजे के साथ पकड़ लिया.

### बेरमो में कार दुर्घटना में 8 लोग हुए घायल

**बेरमो।** लुगुबुरु घंटाबाड़ी ललपनिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय धर्म महासम्मेलन में भाग लेने जा रही मारुति कार रविवार की सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो गई. हादसे में मारुति पर सवार दो बच्चों समेत 8 श्रद्धालु घायल हो गए. गोमिया के पुराना सिनेमा हॉल के निकट अहले सुबह करीब 3 बजे मारुति कार बरगद पेड़ के चबूतरे से टकरा गई. जानकारी के अनुसार, जामताड़ा निवासी श्रद्धालु कार से ललपनियां स्थित लुगु बुरु बाबा के दर्शन के लिए जा रहे थे.

### गलफरबाड़ी में चोरी का लोहा बरामद, पूछताछ

**मैथन।** गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र के एक कचरा गोदाम से रविवार के सुबह गलफरबाड़ी पुलिस ने चोरी का लोहा बरामद किया है. चोरी का लोहा व्यवसायी राज कुमार अग्रवाल के हाइवा का पाट्‌र्स है. अग्रवाल ने बताया कि एन एच टू स्थित उनका गोदाम व कार्यालय है. उसी कैंपस में राम दयाल का बॉडी गैराज है.उसने मेरी अनुपस्थिति में मेरे मुंशी के साथ मिलकर हाइवा का काट कर रखा प्लेट लाकर कचरा गोदाम में बेच दिया.

### 7 वर्षीय दिव्यांग बच्ची की मौत, उठे सवाल

**चंदवा।** कामता पंचायत के ग्राम चटुआग के चिरोखाड़ टोला में एक बच्ची की मौत हो गई. परिजनों ने बताया कि ठंड लगने से उसकी मौत हुई है. बच्ची की उम्र 7 वर्ष है. मृतका की मां झरनी देवी ने बताया कि गुरुवार को मेरी दिव्यांग बेटी संगीता कुमारी (काल्पनिक नाम) को अचानक से उल्टी होने लगी. आनन-फानन में शुक्रवार को उसे अस्पताल ले जा रहे थे, मगर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया. पंसस अयूब खान ने कहा कि चिरोखाड़ टोला पहाड़ की तलहटी पर बसा है.

### पोखर से मिला 35 वर्षीय महिला का शव

**महगामा।** जिले के ठाकुरगंगटी प्रखंड अंतर्गत खरखोदिया गांव के समीप पोखर से महिला की लाश बरामद की गयी. मायाराम कित्ता पोखर में ग्रामीणों ने लाश को तैरते हुए देखा गया. इस सूचना पर काफी संख्या में ग्रामीण पोखर के आसपास जमा हो गए. घटना की खबर फैलते ही हजारों की भीड़ पोखर पर उपस्थित हो गयी. ठाकुरगंगटी थाना की पुलिस ने लाश को पोखर से बाहर निकलवाया. लाश की पहचान गांव की मनीषा देवी ( 35 )के रूप में की गई है.

### स्कूल में चोरी की घटना से भयभीत हैं ग्रामीण

**बोकारो।** जरीडीह थानाक्षेत्र इन दिनों लगातार घट रही चोरी की घटनाओं से चर्चे में है. कभी जैनामोड़ बाजार से चोर सरेआम एक जेवर व्यवसायी की डिक्की तोड़कर सोना-चांदी उड़ा ले रहे हैं, तो कभी मेन रोड किनारे बहादुरपुर में उत्क्रमित उवि में तीन सप्ताह के अंदर दो बार चोरी की घटना से चोर बाज नहीं आ रहे. बहादरपुर स्कूल में चोरी की पहली घटना 5 नवंबर की रात घटी, जिसमें चोरों ने विद्यालय के स्टोर रूम से एमडीएम के सभी बर्तन चोरी कर ले गए.

### फरार चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सोनारी में 15 जुलाई की रात सुमित गोराई पर फायरिंग के मामले में फरार चल रहे संतोष गोराई को सोनारी पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है. सुमित पर फायरिंग के अलावा संतोष ने रविदास पर भी फायरिंग की थी इसके अलावा संतोष का नाम सोनारी के रोहित पासवान की हत्या में भी सामने आया था. संतोष पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था. वह कई माह से फरार चल रहा था.

---

तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, तीनों के पास दो मोबाइल भी किए गए बरामद

# फेक इंस्टाग्राम आईडी बना हनी ट्रैप करने वाले धराए

**संवाददाता | जमशेदपुर**

जमशेदपुर से देशभर के लोगों को हनी ट्रैप का शिकार बनाने वाले तीन आरोपियों को जमशेदपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में जुगसलाई पंछी मोहल्ला निवासी आसिफ रजा, परसुडीह गोलपहाड़ी निवासी जगजीत सिंह और शंकरपुर निवासी समीर शर्मा शामिल हैं. पुलिस ने आरोपियों के पास से दो मोबाइल बरामद किए हैं. जांच के दौरान पुलिस ने एक मोबाइल में तीन फेक इंस्टाग्राम आईडी और एक फेक व्हाट्सएप आईडी बरामद किया है. इन्हीं आईडी का इस्तेमाल कर लोगों को हनी ट्रैप का शिकार बनाया जाता था. गिरफ्तार सभी अरोपियों की उम्र 18 से 19 वर्ष की है. सभी शहर के बड़े स्कूलों में पढ़ चुके हैं और आगे की पढ़ाई कर रहे हैं.



**खास बातें**

- पुलिस ने आरोपियों के फेक सोशल एकाउंट भी मिले
- सभी आरोपियों की उम्र 18 से 19 साल के बीच है

**कोलकाता से ली थी ट्रेनिंग**

पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली कि सभी ने हनी ट्रैप की ट्रेनिंग कोलकाता से ली है. कोलकाता से आने के बाद एक साल से सभी इस काम को अंजाम दे रहे हैं. अब तक सैकड़ों लोगों को अपना शिकार बनाकर उनसे लाखों रुपये की ठगी कर चुके हैं. पुलिस को इनके खातों से लाखों रुपये के लेन-देन का पता चला है. पुलिस इसकी जांच कर रही है. इसके अलावा कई खातों को फ्रीज भी कर दिया गया है. ठगी से भी पैसे आते थे. उसे आपस में बांटकर प्रेमिकाओं पर खर्च कर देते थे.

**ऐसे करते थे ठगी**

आरोपियों ने बताया कि वे पहले लड़कियों की फोटो लगाकर कई फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाते हैं. रैंडम तरीके से किसी को भी फॉलो रिक्वेस्ट भेजकर बातें शुरू करते हैं. से झांसे में लेकर वीडियो कॉल पर आने के लिए कहते हैं. एक तरफ से अश्लील वीडियो चला देते हैं जिस पर लड़की की तस्वीर होती है.सामने वाले की हरकत की स्क्रीन रिकॉर्ड कर लेते हैं. फिर ब्लैकमेल करते हैं.

---

**आओ जानें**

### झारखंड के 1825 लोगों ने किया सुसाइड, जाने बाकी राज्यों की स्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| बिहार | : 827 | छत्तीसगढ़ | : 7828 |
| सिक्किम | : 268 | ओडिशा | : 5651 |
| असम | : 3262 | त्रिपुरा | : 771 |
| अरुणाचल प्रदेश | : 160 | महाराष्ट्र | : 22207 |
| गुजरात | : 8789 | तेलंगाना | : 10171 |
| मध्यप्रदेश | : 14965 | गोवा | : 321 |
| झारखंड | : 1825 | कर्नाटक | : 13056 |
| पश्चिम बंगाल | : 13500 | आंध्रप्रदेश | : 8067 |
| मेघालय | : 226 | केरल | : 9549 |
| नागालैंड | : 43 | तमिलनाडु | : 18925 |
| मणिपुर | : 49 | लद्दाख | : 11 |
| मिजोरम | : 99 | जम्मू कश्मीर | : 247 |

## ट्रेलर-बाइक में टक्कर, 10 साल के बच्चे सहित तीन की मौत

**संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)**

बालूमाथ थाना क्षेत्र के चितरपुर ग्राम के समीप रविवार को एक ट्रेलर और एक बाइक में जोरदार टक्कर हो गयी. इस दुर्घटना में एक 10 वर्षीय बच्चा सहित तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. जबकि एक तीन वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल है. बालूमाथ स्वास्थ्य केंद्र में उसका प्राथमिक इलाज कर रिम्स रेफर कर दिया गया है. हालांकि सामाचार लिखे जाने पर मृतकों की पहचान नहीं हो पायी थी. संभावना जतायी जा रही है कि बाइक में माता-पिता व दो बच्चे सवार होंगे. बताया जाता है कि बाइक में सवार लोग मकईयाटाड़ से चंदवा की ओर जा रहे थे. इसी दौरान चितरपुर के पास एक ट्रेलर से उसकी सीधी टक्कर हो गयी. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो दलबल के साथ मौके पर पहुंचे. उन्होंने शवों को अपने कब्जे में लिया. जबकि घायल बच्ची को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. पुलिस मृतकों की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है. घटना की जानकारी मिलने पर काफी संख्या में लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे.



---

कोल्हान में पुलिस व सुरक्षा बलों द्वारा चलाया जा रहा अभियान

# माओवादियों का रणनीतिकार पतिराम-मिसिर बना है चुनौती

**सौरभ सिंह। रांची**

झारखंड में माओवादियों का रणनीतिकार पतिराम मांझी और मिसिर बेसरा कोल्हान के क्षेत्र में झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है. दोनों नक्सली कमांडरों पर एक-एक करोड़ का इनाम घोषित है. पतिराम मांझी और मिसिर बेसरा गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र का रहने वाला है. इन दोनों नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों के द्वारा पिछले दस महीने से लगातार अभियान चलाया जा है. इस दौरान कई बार सुरक्षाबलों और इन दोनों नक्सलियों के दस्ते के बीच मुठभेड़ भी हुई, लेकिन दोनों नक्सली हर बार भागने में कामयाब रहे हैं.

**मिसिर बेसरा नक्सलियों का मुख्य रणनीतिकार है :** एक करोड़ रुपये का इनामी मिसिर बेसरा नक्सलियों का मुख्य रणनीतिकार है. नक्सली बनने के बाद मिसिर बेसरा का गिरिडीह जिला स्थित अपना गांव आना-जाना नहीं के बराबर है. संगठन में जैसे-जैसे कद बढ़ा, उसने गांव छोड़ दिया. मिसिर पढ़ने में काफी तेज था. उसने स्नातक तक पढ़ाई की है. यह वह दौर था, जब इलाके में दिशोम गुरु शिबू सोरेन झारखंड अलग राज्य आंदोलन कर आदिवासियों को एकजुट कर रहे थे. उनके तेवर से मिसिर बेहद प्रभावित हुआ था. बाद में शिबू सोरेन पारसनाथ छोड़कर संताल परगना चले गए. पारसनाथ में माओवादियों का कब्जा हो गया. तब 1985 में मिसिर भी नक्सली संगठन में शामिल हो गया. अपनी कुशाग्र बुद्धि, विभिन्न भाषाओं में मजबूत पकड़ के साथ बेहतरीन लेखन शैली के दम पर उसने भाकपा माओवादी में कुछ समय में ही अलग पहचान बना ली. सीढ़ी दर सीढ़ी चढ़ते हुए वह पोलित ब्यूरो तक जा पहुंचा.



नक्सलियों का रणनीतिकार पतिराम व मिसिर बेसरा.

**खास बातें**

- दोनों नक्सली गिरिडीह के पीरटांड़ के रहने वाले हैं
- मुठभेड़ में कई बार दोनों घिरे मगर फरार हो जाते हैं

### पीरटांड़, टुंडी, तोपचांची में पतिराम ने नक्सलियों को किया मजबूत

पतिराम माझी उर्फ अनल दा 1987 से 2000 तक पीरटांड़-टुंडी-तोपचांची इलाके में गोपाल दा के नाम से चर्चित था. इस दौरान इस इलाके में उसने अपना सिक्का चलाया. इस क्षेत्र में उसने नक्सलियों को मजबूत किया. बाद में उसे जमुई भेज दिया गया. जमुई में वह एक बार गिरफ्तार हुआ था. इसके बाद 2000 में गिरिडीह जेल से जमानत पर निकलने के बाद उसने रांची, गुमला की कमान संभाल ली. इसके बाद पतिराम मांझी को गिरिडीह की कमान दी गयी थी. गिरिडीह में पुलिस के बढ़ते दबिश से पतिराम गिरिडीह छोड़कर कोल्हान व पोड़ाहाट इलाके के ट्राईजंक्शन को अपना ठिकाना बनाया. यहीं से उसने बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया. वह लगातार पुलिस को चुनौती दे रहा है.

### महिला से बाइक सवार बदमाशों ने चेन छीनी

**जमशेदपुर।** कदमा थाना अंतर्गत फार्म एरिया रोड नंबर पांच के पास बाइक सवार बदमाशों ने मनोरमा मांझी के गले से सोने की चेन छिनतई कर ली. घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश एयरपोर्ट की ओर फरार हो गई. घटना की जानकारी पुलिस को दी गई. पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. इस संबंध में मनोरमा के पति रमाकांत मोहंती ने कदमा थाना में लिखित शिकायत की है. रमाकांत टाटा स्टील से सेवानिवृत है.



## चोरी के आरोपी मां-बेटा गिरफ्तार

**संवाददाता | जमशेदपुर**

जुगसलाई थाना अंतर्गत बाटा चौक के पास रहने वाले अनिल अग्रवाल के घर चोरी के मामले में पुलिस ने गौरी शंकर रोड निवासी अजहर इमाम उर्फ पॉकेटमार उर्फ पीएम और उसकी मां नईमा खातून को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के सभी गहने, 29,990 रुपये नकद समेत अन्य सामान बरामद कर लिए हैं. एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि 19 नवंबर की शाम अनिल अग्रवाल अपने परिवार संग छठ घाट गए हुए थे. इसी बीच अजहर ने घटना को अंजाम दिया.



**कोलकाता भाग गया था**

चोरी करने के बाद अजहर चोरी के सारे गहने अपनी मां को देकर एक कैब बुक की और कोलकाता भाग गया था. पुलिस लगातार आस-पास के सीसीटीवी की जांच कर रही थी. पुलिस ने अजहर की पहचान की.

**ये है मामला**

19 नवंबर की शाम अनिल परिवार संग छठ घाट पर गए थे. घर लौटे तो खुद दुकान में रुक गए जबकि मां को ऊपर भेज दिया. मां ने देखा कि कमरे का दरवाजा टूटा हुआ है. दो अलमीरा से गहने चुरा लिये गये हैं.

---

## रांची पुलिस लाइन में जुए का खेल, छह आरोपी पकड़े गए

**संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के गोंदा थाना इलाके में पड़ने वाले पुलिस लाइन में जुए का खेल चल रहा था. जुए के इस खेल में आम लोगों के साथ पुलिसकर्मी भी शामिल थे. एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को इस बात की जानकारी हुई, तो उन्होंने टीम भेज कर छापेमारी करायी. इस छापेमारी के दौरान छह लोगों को गिरफ्तार किया गया. उनके पास से पांच लाख रुपए भी बरामद किए गए हैं. सूचना है कि गिरफ्तार छह लोगों में पुलिसकर्मी भी हैं.

छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए छह लोगों में पुलिस भी शामिल हैं, इस सवाल पर पुलिस के अधिकारियों में चुप्पी है. सभी गिरफ्तार लोगों को गोंदा थाने में रखा गया है. इस संबंध में गोंदा थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया कि गिरफ्तारी हुई है. जांच जारी है.

**खास बातें**

- एसएसपी के निर्देश पर 6 लोगों को किया गिरफ्तार
- पुलिस की भूमिका पर उठाए जा रहे हैं सवाल

**क्या है पूरा मामला**

पुलिस लाइन इलाके में जुए का खेल चल रहा था. यह कई दिनों से चल रहा था. इसकी जानकारी रांची एसएसपी को हुई. सूत्रों की मानें तो जुआ के इस खेल में पुलिसकर्मी भी शामिल थे. वे न केवल जुआ खेल रहे थे बल्कि दूसरे लोगों को शामिल कर जुआ का खेल संचालित भी कर रहे थे. पूरे वाकये की जानकारी जब एसएसपी को हुई तो उन्होंने टीम गठित कर छापेमारी कराई. जिसमें छह लोगों की गिरफ्तारी हुई और उनके पास से पांच लाख रुपए बरामद किए गए. जिसके बाद से जांच चल रही है।

### अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने किया थाने का निरीक्षण

**चांडिल।** चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने रविवार को चौका थाना का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने थाना के पंजियों का अवलोकन करते हुए उसे संधारण करने, रख-रखाव करने, आम लोगों की शिकायतों की प्रविष्टि किस प्रकार की जा रही है, थाना हाजत की क्या स्थिति है आदि की जानकारी ली. उन्होंने थाना के लंबित मामलों के बारे में जानकारी ली और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाते हुए लंबित मामलों के त्वरीत निष्पादन करने का निर्देश दिया. इसके साथ ही उन्होंने थाना के सभी काम नियमानुसार किए जा रहे हैं या नहीं इसका भी निरीक्षण किया.

**अवैध कारोबार पर लगाए लगाम :** निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी परिस्थिति में गैरकानूनी धंधा नहीं चलने चाहिए. उन्होंने थाना प्रभारी को बालू के अवैध परिवहन पर विशेष निगरानी करने का निर्देश दिया. एसडीपीओ ने बताया कि कमी-खामी को दुरुस्त करने के लिए थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया है. मौके पर थाना प्रभारी ने विधिजव्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई.

## ट्रक पलटा, युवक की मौत, 5 घायल



**संवाददाता। गोड्डा**

गैस सिलेंडर से भरे ट्रक के बीच बाजार में पलट जाने से गाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि ड्राइवर समेत पांच लोग जख्मी हो गए. इसमे दो की हालत गंभीर बतायी जाती है. घटना सिदो-कान्हू मुख्य चौक ललमटिया की है. गोड्डा से पीरपैती को जा रही ट्रक (जेएच 10 बीभी 2048 महगामा) से पहले नूनाजोर मोड़ के समीप बाइक सवार को धक्का मार दिया. इस घटना के बाद बचने के लिए तेजी से गाड़ी को भगाने लगा. इसी क्रम में आगे ललमटिया चौक पर जाकर मोड़ पर बाइक सवार को धक्का मारते हुए पलट गया. ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार घटनास्थल पर ही गंभीर रूप से जख्मी हो गया. आनन-फानन में घायल बाइक सवार को स्वास्थ्य केंद्र महगामा ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. मृत युवक की पहचान पवन कुमार ग्राम कोलबड्डा ठाकुरगंगटी के रूप में हुई है. घटना में ट्रक ड्राइवर समेत पांच लोग घायल हो गए.

ड्राइवर विकास कुमार, जो पटना का निवासी बताया जाता है. उसका एक पैर बुरी तरह से कट गया, जबकि दूसरा जख्मी अमन राज किस्कू है, जिनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गोड्डा रेफर कर दिया गया. बाद में गोड्डा से भी बाहर रेफर कर दिया गया. अन्य घायलों में अमीर चंद हांसदा, ताला हांसदा व रितेश हांसदा के नाम शामिल हैं. इन सबको को प्राथमिक इलाज के बाद मुक्त कर दिया गया है. घटना के बाद पुलिस ने पहुंचकर ट्रक व सिलेंडर को जब्त कर लिया है.

**खास बातें**

- ट्रक में गैस सिलेंडर लदा हुआ था, लगा जाम
- यह हादसा गोड्डा के सिदो-कान्हू चौक के पास घटा

### हैदरनगर में रेल पटरी पर मिला मजदूर का शव

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के बीडी रेलखंड के हैदरनगर स्टेशन के समीप ही रेल पटरी पर शनिवार को 50 वर्षीय एक मजदूर का शव पाया गया. यह घटना हैदरनगर रेलवे स्टेशन से जुड़े बाजार रेल फाटक संख्या 50 सी के बीच घटी है. आशंका व्यक्त की जाती है कि इसके ट्रेन के धक्के से मौत होने की आशंका जताई जाती है. मृतक के शरीर में काला जैकेट व चेक लुंगी पहना पाया गया है. शव के पास एक टार्च भी मिला है. स्टेशन प्रबंधक मो. सलाउद्दीन की सूचना पर आरपीएफ पोस्ट जपला की पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में कर लिया है. मृतक की पहचान कटिहार निवासी शिवचरण ऋषि के रूप में हुई है.

### दुर्घटना में मां-बाप व बच्चे की हुई मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ में रविवार को एक सड़क दुर्घटना में माता-पिता व चार साल के बच्चे की मौत हो गई. मृतकों की पहचान चंदवा थाना क्षेत्र के दामोदर पंचायत अंतर्गत अनगड़ा गांव निवासी बुधन गंझू के 28 वर्षीय पुत्र विजय गंझू, विजय गंझू की 26 वर्षीय पत्नी देवंती देवी और 6 वर्षीय पुत्र अमृत कुमार के रूप में की गई है.

---

**जमीन विवाद** पुलिस ने दो को लिया हिरासत में, जांच-पड़ताल में जुटी स्थानीय पुलिस

# महुदा में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट, पांच लोग घायल

**संवाददाता। महुदा**

रविवार को कांड्रा बस्ती में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गयी. घटना में दोनों पक्षों के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. खबर पाकर महुदा पुलिस मौके पर पहुंचकर दो लोगों को हिरासत में लिया है. साथ ही घायलों को इलाज के लिए बाघमारा स्वास्थ्य केंद्र भेजा. घटना के संबंध में ग्रामीण सुंदर मिश्रा ने बताया कि सुनील मिश्रा व उसकी पत्नी बासुनी देवी अपने घर की नयी जमीन में पूजा स्थल का स्थापना कर रहे थे. उसी दौरान दूसरे पक्ष के नेपाल मिश्रा अपने परिवार के सदस्यों के साथ वहां पर पहुंचे और पूजा स्थल स्थापित के लिए मना किया. उन्होंने कहा कि यह जमीन हमारा है. बिना मापी किये आप पूजा स्थल का कार्य नहीं कर सकते हैं. इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी. दोनों पक्षों से दर्जनों लोग वहां जमा हो गए.





थोड़ी ही देर में दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गया. इतने में नेपाल मिश्रा ने तलवार निकालकर सुनील मिश्रा पर हमला कर दिया. बचाने के लिए आये उसकी पत्नी बासुनी देवी, पुत्र सागर मिश्रा व नंदलाल मिश्रा को काफी चोटें आयीं. सागर मिश्रा के माथे में तलवार लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा. वहीं मारपीट में दूसरे पक्ष के नीतीश मिश्रा भी घायल हो गये. ग्रामीणों ने बीच बचाव करके मामले को शांत कराया. इसके बाद एक पक्ष के सुनील मिश्रा घायलों के साथ थाना पहुंचे और घटना की जानकारी दी. इस संबंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार महतो ने कहा कि घायलों को इलाज के लिए बाघमारा भेजा गया. आवेदन मिलने पर जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी.

**खास बातें**

- घटना के बाद महुदा पुलिस मौके पर पहुंची
- घायलों को इलाज के लिए महुदा स्वास्थ्य केंद्र भेजा

## रांची पुलिस लाइन में पुलिस अफसरों-कर्मियों ने ली शपथ



**संवाददाता। रांची**

देशभर में रविवार को संविधान दिवस मनाया जा रहा है. इस अवसर पर पुलिस लाइन में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस पदाधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को संविधान को लेकर जागरूक किया. बता दें कि भारत का संविधान अपनाने के उपलक्ष्य में भारत में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है. भारत की संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान को अपनाया था, जो 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ. भारत सरकार ने नागरिकों के बीच संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए हर साल 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' मनाने का निर्णय लिया था.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** धन भाव में चंद्रमा है. क्रोध से बचें. कारोबारी बड़ा लाभ होने के योग हैं. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. कोई धनहानि हो सकती है, सावधानी रखें. रोजगार प्राप्ति के प्रयास भरपूर करें. सफलता प्राप्त होगी. अन्न दान करें.

**वृषभ** समय बहुत ही उत्तम फल प्रदान करेगा. पैतृक संपत्ति में कोई विभाजन हो सकता है. समय अनुकूल है. लगन व उत्साह से कार्य कर पाएगा. रचनात्मक कार्यों में रुचि रहेगी. धन प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी.

**मिथुन** मंगल कुछ विवाद का कारण बन सकता है. स्वास्थ्य के संबंध में लापरवाही न करें. कोई बुरी खबर मिल सकती है. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. दुष्टजनों से सावधान रहें. हानि पहुंचा सकते हैं. भावना में बहकर कोई निर्णय न लें.

**कर्क** चंद्र उच्च के हैं. मान-सम्मान मिलेगा. खोई हुई वस्तु प्राप्त हो सकती है. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे. निवेश शुभ रहेगा. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**सिंह** पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. शुभ समाचार प्राप्त होंगे. आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. नौकरी में मातहतों का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा. किसी कार्य के प्रति चिंता रहेगी. सूर्य को अर्घ्य दें.

**कन्या** ससुराल में कोई हानि का योग है, पर भाग्य का साथ मिलेगा. रोजगार में वृद्धि होगी. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. विवाद में विजय प्राप्त होगी. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. अप्रत्याशित लाभ की संभावना है.

**तुला** किसी से कोई विवाद हो सकता है. आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी होने की आशंका है. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है. इंद्र गायत्री का जाप करें.

**वृश्चिक** समय अच्छा है. ब्यापार में लाभ होगा. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. संतान पक्ष से अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता का वातावरण बन सकता है. डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी.

**धनु** खून संबंधित कोई रोग हो सकता है. सावधानी आवश्यक है. आर्थिक उन्नति के लिए योजना बनेगी. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. रुके कार्य पूर्ण होंगे. मित्रों तथा रिश्तेदारों में सुधार होगा. रुके कार्य पूर्ण होंगे.

**मकर** शिक्षा में कोई नया बदलवा हो सकता है. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. धर्म-कर्म में रुचि रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में लंबित कार्य अनुकूल होंगे. व्यस्तता रहेगी. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा.

**कुंभ** किसी से विवाद से मानहानि हो सकता है. लापरवाही न करें, विशेषकर गृहिणियां सावधान रहें. वाणी पर नियंत्रण आवश्यक है. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. आय में निश्चितता रहेगी. काला वस्तु का दान करें.

**मीन** पराक्रम से राजयोग बनेगा. पर कुछ राजभय रहेगा. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. कोर्ट-कचहरी के कार्य गति पकड़ेंगे. धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. व्यापार अच्छा चलेगा. शनि को खुश करें.

### संबलपुरी कार्यक्रम जलवा नाइट आज

**जमशेदपुर।** कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव के शुभ अवसर पर 35वां संबलपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम "जलवा नाइट 2023" का आयोजन भालूबासा के हरिजन विधालय मैदान में 27 नवंबर को आयोजित होगा. इसकी जानकारी भालूबासा में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर "जलवा नाइट" के मुख्य संरक्षक बादल मुखी एवं प्रेस प्रवक्ता शम्भू मुखी डुंगरी ने संयुक्त रूप से दी. उन्होंने बताया किइस वर्ष पुनः संबलपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम "जलवा नाइट" का धूमधाम से आयोजित होगा.

### आदिवासी कीर्तन का आयोजन

**निरसा।** निरसा विधानसभा के दक्षिण क्षेत्र स्थित केलियासोल प्रखंड अंतर्गत पिंडराहट पंचायत के कानाड़ीह आदिवासी टोला में शनिवार देर शाम आदिवासी समाज द्वारा एक कीर्तन का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की. मौके पर वापीन घोष, माझी हाडम अविनाश हेंब्रम, नायके बाबा जनेश्वर टुड, जोंगा माझी, परेश मरांडी, परणी माझी, रोहनी हेंब्रम, अजय किस्कु, वार्डसदस्य राबीश्वर हेंब्रम, सोनाराम हेंब्रम, कृष्णा हेंब्रम, रूपलाल हेंब्रम, गुरु बाबा जीसू मुर्मू सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे.

### जरासंध जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

**गिरिडीह।** अखंड भारत के चक्रवर्ती मगध सम्राट महाराज जरासंध की 5226 वी जयंती के मौके पर रविवार को शहर में युवा चंद्रवंशी समाज द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई. विवाह भवन से निकाली गई भव्य शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में स्त्री पुरुष व युवा शामिल हुए. विवाह भवन से निकली शोभा यात्रा जेपी चौक, कालीबाड़ी चौक बड़ा चौक होते हुए वापस विवाह भवन पहुंची. शोभायात्रा में शामिल लोग अधिकार हमें पाना है, मिलकर जोर लगाना है आदि नारे लगा रहे थे. शोभा यात्रा का नेतृत्व मिथुन चंद्रवंशी, अजीत कुमार, श्याम प्रसाद आदि कर रहे थे. मौके पर चंद्रवंशी ने कहा कि राजगीर में सरकारी स्तर पर जरासंध से जुड़े इतिहास के साक्ष और ऐतिहासिक धरोहर की अपेक्षा की जा रही है.

**आस्था :** ललपनिया में अंतरराष्ट्रीय संथाल सरना धर्म महासम्मेलन आज से, मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

# लुगू बाबा के पूजन-दर्शन के लिए दूर-दूर से उमड़े एक लाख से अधिक श्रद्धालु

संवाददाता। बेरमो

बेरमो अनुमंडल अंतर्गत गोमिया प्रखंड के ललपनिया स्थित संथालियों के प्रमुख धर्मस्थल लुगूबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ में रविवार को लुगू बाबा के पूजन-दर्शन के लिए एक लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच गए हैं. संथालियों के इस महान तीर्थ स्थल पर पूजन महोत्सव शुरू हो गया है. लुगूबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ में दो दिवसीय 23वां अंतरराष्ट्रीय संथाल सरना धर्म महासम्मेलन सोमवार को होगा. यहां पिछले तीन दिनों से झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ व असम सहित अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं का जत्था पहुंच रहा है. जत्थे में शामिल महिला-पुरुषों व बुजुर्गों ने छरछरिया झरना (सीता नाला) में स्नान कर सात किलोमीटर ऊंची खड़ी चढ़ाई चढ़कर लुगू पहाड़ पर पुनाय थान में अपने आराध्य देव लुगू बाबा व लुगू आयो की पूजा-अर्चना की.

**संथाली साहित्य की दुकानों में उमड़ी भीड़ :** लुगूबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ परिसर धर्म महासम्मेलन के दौरान आयोजित मेले में सैकड़ों अस्थायी दुकानें सजाई गई है. उनमें पारंपरिक वस्त्रों, वाद्य यंत्रों, संथाली साहित्य से जुड़ी किताबों आदि की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. इस दो दिवसीय राजकीय महोत्सव में 27 नवंबर को झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शिरकत करेंगे. वह दोरबारी चट्टान स्थित लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ एवं पुनाय थान में पूजा-अर्चना करने के बाद दीप जलाकर धर्म महासम्मेलन का शुभारंभ करेंगे. ललपनिया स्थित संथालियों के धर्मस्थल लुगूबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ की स्थापना वर्ष-2001 में की गई. उसके बाद धोरोमगढ़ समिति के अध्यक्ष बबुली सोरेन व सचिव लोबिन मुर्मू ने अपने सहयोगियों के साथ झारखंड के विभिन्न जिलों में जाकर उसका प्रचार-प्रसार किया. परिणामस्वरूप, संथालियों के लिए यह विश्व प्रसिद्ध धर्मस्थल के रूप में विख्यात हो गया. वर्ष-2018 में राज्य सरकार ने यहां कार्तिक पूर्णिमा में होने वाले सरना धर्म महासम्मेलन को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया.



**डीसी-एसपी ने लिया तैयारियों का अंतिम जायजा**

अंतरराष्ट्रीय सरना धर्मसम्मेलन के लिए 27 नवंबर को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी प्रियदर्शी आलोक ने जायजा लिया. उनके साथ उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी., अपर नगर आयुक्त सौरव भुवानिया, एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे.

**भव्य आयोजन :** सामूहिक आदर्श विवाह सह वात्सल्य उत्सव का आयोजन

# एक साथ एक दूजे के हुए 121 जोड़े

निलय सिंह। रांची

विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग और सामाजिक संस्था मी टू वी के सहयोग से रांची गोशाला न्यास सुकूरहुटू कांके में नर-सेवा ही नारायण- सेवा के तहत आदर्श सामूहिक विवाह सह वात्सल्य उत्सव का आयोजन किया गया. आदर्श सामूहिक विवाह में 121 जोड़े सात जन्मों के रिश्ते में बंध गए. सामूहिक विवाह समारोह में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए सभी 121 नवविवाहित जोड़ों का विवाह पूरे रीति के साथ संपन्न हुआ. इनमें 7 दिव्यांग जोड़ियां भी शामिल हैं. समारोह में कन्यादान सिंघानिया परिवार के कमल, प्रदीप और विमल सिंघानिया के सहयोग से हुआ. दिव्यांगों में 4 लोग दृष्टिहीन थे, जबकि तीन पैरों से लाचार थे. दुमका से आए दिव्यांग धीरज मूर्मू का कहना था कि उन्होने नहीं सोचा था कि इतने भव्य कार्यक्रम में उनका विवाह होगा और इतने लोग इसमें शामिल होंगे. उन्होने आयोजन कर्ताओं का आभार व्यक्त किया. वहीं चेड़ी मनातू के रामा उरांव ने भी आयोजनकर्ताओं का धन्यवाद दिया. संगीता देवी जिनके भाई की शादी इस सम्मेलन में हुई है, उन्होने भी इस आयोजन के लिए विश्व हिंदू परिषद् का आभार व्यक्त किया.





**नवविवाहितों को मिला विवाह का प्रमाण पत्र**

वात्सल्य उत्सव की शुरुआत आदित्य जालान आदर्श विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा गणेश वंदना और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम से हुई. 16 दिव्यांग संस्थाओं के लगभग 400 बच्चों ने सामान्य बच्चों के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया. 200 दिव्यांग जनों एवं विशेष प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम में 40 वृद्धजनों को सम्मानित किया गया. किन्नर समुदाय के 25 सदस्यों ने वर वधुओं को आशीर्वाद दिया तथा अपने संगीत एवं नृत्य से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया. सभी किन्नर सदस्यों एवं वृद्ध जनों कलाकारों को शाल ओढाकर सम्मानित किया गया. पुरुलिया शैली की प्रसिद्ध नटराज कला संगम टीम द्वारा छऊ नृत्य और न्यू नागपुरिया कला संगम के सुनील महतो द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गयी. कार्यक्रम स्थल पर रक्तदान सेवा एवं आकस्मिक चिकित्सा शिविर लगाया गया था. जिसका सैकड़ो लोगों ने लाभ उठाया.

**इन्होंने दिया नव वर-वधुओं को आशीर्वाद**

आदर्श विवाह समारोह के संयोजक विष्णु कुमार जालान, वात्सल्य उत्सव के संयोजक उम्मल जैन, मी टू सी संस्थान के संयोजक मुरारी अग्रवाल, विहिप झारखंड सेवा विभाग के प्रांतीय सह सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल एवं प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने सबों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विगत 10 वर्षों में अब तक 30 सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन में लगभग 3000 से भी अधिक कन्याओं का विवाह संपन्न हो चुका है . समारोह मे चंद्रकांत रायपत, कैलाश केसरी, विष्णु कुमार जालान, भानु प्रकाश जालान, प्रकाश बजाज, बसंत कुमार मित्तल, विष्णु अग्रवाल, मिथिलेश्वर मिश्रा, निखिल अग्रवाल, सोहन दारूका, डॉ वीरेंद्र साहू, प्रेम अग्रवाल, फतेह चंद्र अग्रवाल, भैरव सिंह, शत्रुघ्न लाल गुप्ता, आनंद अग्रवाल, प्रेम मित्तल, भगवती भुवालका, अरविंद बंका, शशांक भारद्वाज, किशन अग्रवाल, सुनील गुप्ता,सहित बड़ी संख्या में लोगों ने वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया.

## आओ जानें
### झारखंड में वन क्षेत्र

- संसाधन की दृष्टि से झारखंड एक सम्पन्न राज्य है. राज्य में प्राकृतिक वनस्पति अधिक मात्रा में होने के कारण ही इसका नाम 'झारखंड' पड़ा.
- झारखंड को स्थानीय स्तर पर इसके समृद्ध वन संसाधनों के कारण 'वनांचल' के रूप में भी जाना जाता है.
- इण्डिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट, 2021 के अनुसार, झारखंड में कुल वनावरण 23,721.14 वर्ग किमी है, जो राज्य के कुल क्षेत्रफल का 29.76% है. इस वनावरण के 23,605 वर्ग किमी क्षेत्र में वन स्थित है. भारत के कुल वन क्षेत्र का झारखंड में 3.4% है.
- इण्डिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में अति सघन वन 2,601.05 वर्ग किमी, मध्यम सघन वन 9,688.91 वर्ग किमी तथा 11, 431.18 वर्ग किमी खुले वन क्षेत्र हैं.
- वर्ष 2019 की अपेक्षा वर्ष 2021 में वनावरण में 109.73 वर्ग किमी की वृद्धि हुई है .
- झारखंड में सर्वाधिक वन क्षेत्र वाला जिला पश्चिमी सिंहभूम (3368.44 वर्ग किमी) तथा न्यूनतम वन क्षेत्र वाला जिला जामताड़ा (106.02 वर्ग किमी) है.



## न्यूज अपडेट

### 40 बच्चियों मिला सिलाई प्रशिक्षण प्रमाण पत्र

**गावां (गिरिडीह)।** उमंग फाउंडेशन द्वारा प्रखंड के गदर पंचायत भवन में रविवार को 40 बच्चियों के बीच सिलाई प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण किया गया. फाउंडेशन के सचिव पिंटू शर्मा ने कहा कि मेरे द्वारा एक वर्ष पूर्व गदर पंचायत भवन में सिलाई प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था. जिसका रविवार को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण किया गया. अन्य पंचायतों में भी सिलाई प्रशिक्षण शिविर लगाया गया था, जहां भी जल्द ही प्रमाण पत्र वितरण किया जाएगा. गदर मुखिया प्रतिनिधि दिनेश्वर यादव ने कहा कि हमारी मौजूदगी में ही इनके द्वारा शिविर लगाया गया था और खुशी मुझे हो रही है कि आज मेरे मौजूदगी में ही प्रमाण पत्र वितरण किया गया.

### महुदा में सत गुरुनाम संकीर्तन यज्ञ शुरू

**महुदा।** महुदा मोड़ में दयाल परिवार द्वारा आयोजित दो दिवसीय ऊँ दयाल सत गुरुनाम संकीर्तन यज्ञ महोत्सव के प्रथम दिन रविवार को धार्मिक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई. यात्रा के आगे आगे आकर्षक झांकियो व रथ पर सवार दयाल गुरु महाराज की तस्वीर के साथ साथ सैकड़ों श्रद्धालू,पैदल शौभा चल रहे थे .यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालू धार्मिक उत्साह से सराबोर भक्ति भाव के साथ भजन के धुन पर नाचते गाते चल रहे थे. गायक हेमन्त दुबे एवं पंकज दुबे के धार्मीक गीतों से क्षेत्र भक्तिमय हो रहा था. शोभा यात्रा महुदा मोड़ के पुजा महोत्सव स्थल से शुरू होकर काण्ड्रा ग्राम समेत अन्य इलाकों में भ्रमण करने के पश्चात वापस लौटी. भ्रमण के दौरान जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा फुलमाला से स्वागत किया जा रहा था.

### कालचिति पंचायत में रक्तदान शिविर

**घाटशिला।** घाटशिला प्रखंड अन्तर्गत कालचिति पंचायत भवन में कुड़मी संस्कृति विकास समिति और कालचिति ग्राम पंचायत के सौजन्य से एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू और समाजसेवी डॉ सुनीता सोरेन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया. ज़िला परिषद सदस्य ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है. रक्त को किसी कारखाने में नहीं बनाया जा सकता. इसलिए रक्तदान कर पुण्य के भागी बनें. ताकि जरूरत होने पर हर किसी को समय पर रक्त मिल सके.शिविर को सफल बनाने में समिति के स्वपन महतो, ब्रह्मानंद ब्लड बैंक के डॉ जवाहर प्रसाद और शक्ति सिंह के नेतृत्व में चिकित्साकर्मी जुटे रहे. इस मौके पर मुखिया वैद्यनाथ सोरेन, मुखिया शशिधर सिंह, उपमुखिया रावदे सोरेन, रंजीत ठाकुर, सुनील मुर्मू, खुदीराम महतो आदि मौजूद थे.

## जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम समाप्त



**खास बातें**

- अखिल भारतीय स्तर पर किया गया था कार्यक्रम का आयोजन
- जंगल और पर्यावरण बचाने के लिए लिया गया सामूहिक संकल्प

संवाददाता। बोकारो

बोकारो के सेक्टर 4 स्थित केंद्रीय विद्यालय वन में जनजातीय गौरव दिवस का समापन समारोह रविवार को आयोजित किया गया. पिछले 15 दिनों से चल रहे इस जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम की शुरुआत केंद्र सरकार के पहल पर अखिल भारतीय स्तर पर की गई है. देशभर में जनजातियों की परंपरा, उनके इतिहास, उनकी संस्कृति एवं उनके वैशिष्ट्य को लेकर के जन जागरूकता फैलाना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी योगो पूर्ति थे. योगो पूर्ति एक ऐसे शख्स हैं जिन्होंने बोकारो के सतनपुर क्षेत्र में जंगल को बचाने में अपना अनमोल योगदान दिया. बोकारो के सतनपुर क्षेत्र में भूमाफियाओं की पैनी नजर जंगल की जमीन पर थी. सपाट किए जाते हुए जंगलों को देखकर प्रखर पर्यावरणविद श्री पूर्ति ने आंदोलन का बीड़ा उठाया और वहां से जंगल को कटने से बचा लिया. इस दौरान योगो पूर्ति ने कहा कि आज केंद्र सरकार धन्यवाद का पात्र है जिसने जनजाति गौरव को उत्सव का विषय बनाया. विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति को अगर आत्मसात कर लिया जाए तो देश भर में घृणा और द्वेष स्वतः समाप्त हो जाएंगे. इस दौरान शिक्षकों में बीएस पूर्ति, पवन उरांव, कमला मिंज एवं संतोष कुमार पांडेय ने प्रत्येक दिन झारखंड के गौरव रहे सिद्धु, कान्हू, चांद, भैरव इन स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की विस्तार से चर्चा की गई.

## मेदिनीनगर में श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ की आज होगी पूर्णाहुति



**खास बातें**

- बैरिया की हाउसिंग कॉलोनी में आयोजित किया गया महायज्ञ
- यज्ञ में होता है संपूर्ण देवी-देवताओं व तीर्थों का निवास

मेदिनीनगर (पलामू)

श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति सोमवार को होगी. श्रद्धालु महायज्ञ के सात दिनों के फल को अंतिम दिन यज्ञ, परिक्रमा, पूजन और दर्शन कर प्राप्त कर सकते हैं. ये बातें यज्ञाचार्य उदितानंद जी महाराज ने कही. वे रविवार को हाउसिंग कॉलोनी स्थित महालक्ष्मी नारायण यज्ञ परिसर में पत्रकारों से बात कर रहे थे. बताया कि यज्ञ साक्षात विष्णु के स्वरूप हैं. यज्ञ वैदिक मंत्रों द्वारा संपादित होता है. वेद नारायण के स्वरूप हैं. वेदो अखिलम धर्म मूलम... वेद धर्म का मूल है. धर्म व वेद साक्षात नारायण के स्वरूप हैं. इसलिए यज्ञ का बहुत ही बड़ा महत्व है. यज्ञ में संपूर्ण देवी-देवताओं व तीर्थों का निवास होता है. वैदिक मंत्रों द्वारा सभी देवताओं, ऋषियों, मुनियों, दिव्य आत्माओं सहित 64 योगिनी महाकाली, महासरस्वती व महालक्ष्मी का आह्वान किया जाता है. समग्र देवताओं का यज्ञ स्थल पर वास होता है. यज्ञ के पूजन दर्शन से सभी तीर्थों में जाने का फल प्राप्त हो जाते हैं. पापों का नाश होता है. बुद्धि शुद्ध व निर्मल होती है.
उन्होंने कहा कि श्रद्धालु 1, 11, 21, 51, 108 और 1008 बार परिक्रमा कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि यज्ञ में चारों वेदों का स्व स्वर पारायण हो रहा है. 7 बजे सुबह से शाम 3 बजे तक नियमों का पालन करते हुए नारायण या अपने ईष्ट देवताओं के नाम को जपते हुए परिक्रमा करनी चाहिए. पूरे पलामू प्रमंडल के श्रद्धालु सोमवार को यज्ञ की परिक्रमा में भाग लें और अपने जीवन को पुण्य के भागी बनाएं.

**खीस्त राजा पर्व** प्रार्थना सभा में हजारों की संख्या में ईसाई धर्मावलंबी हुए एकत्रित

# धनबाद में संत एंथोनी चर्च से निकाली गई शोभा यात्रा

संवाददाता। धनबाद

ख्रीस्त राजा पर्व के अवसर पर रविवार को रेलवे स्टेशन स्थित संत एंथोनी चर्च से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई. प्रभु येशु ही ख्रीस्त राजा है, वो राजाओं का राजा है, वो प्रभु का प्रभु है, ख्रीस्त राजा की जय आदि भक्ति नारे लगाए गए. यात्रा, नगर भ्रमण कर वापस चर्च परिसर पहुंची, जहां प्रार्थना सभा में हजारों की संख्या में ईसाई धर्मावलंबी एकत्रित हुए.

जमशेदपुर धर्म प्रांत के विशप के सचिव फादर सुशील डुंगडुंग को उपदेश के लिए आमंत्रित किया.
श्री डुंगडुंग ने कहा- हम अभी ने प्रभु यीशु को अपना राजा माना है. आज जुलूस में शामिल होकर हमने प्रभु यीशु ख्रीस्त को एक बार फिर से अपना राजा पूरी दुनिया के सामने घोषित किया है. आज पूजन वर्ष का अंतिम रविवार अर्थात 34 वां रविवार है. कैथोलिक संघ का पूजन वर्ष आगमन काल से शुरू होकर ख्रीस्त राजा जयंती तक का माना जाता है. ख्रीस्त राजा पर्व के बाद आगमन काल शुरू हो जाता है, जिसमें क्रिसमस तथा चालीसा काल आते हैं.



**इसलिए मनाते हैं ख्रीस्त जयंती**

ख्रीस्त राजा पर्व की शुरुआत सन 1925 ई में संत पापा पायस 11वां (पोप) के द्वारा शुरू किया गया था. उन्होंने इसकी शुरुआत एक विशेष मकसद से की थी। दरअसल सन 1918 के प्रथम विश्व युद्ध के बाद समाज में लोगों की स्थिति उतनी अच्छी नहीं थी. विशेष कर सामाजिक तथा राजनीतिक अराजकता फैली हुई थी.लोगों का ईश्वर पर से विश्वास धीरे-धीरे कम हो चला था. इसलिए संत पापा के इस निर्णय से ख्रीस्त राजा जयंती की शुरुआत की, जहां उन्होंने लोगों से यह आह्वान किया कि उन्हें घबराने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि हमारा राजा स्वयं प्रभु यीशु है और इस प्रकार कैथौलिक कलीसिया ने प्रभु यीशु को अपना राजा स्वीकार एवं घोषित किया. तब से लेकर आज तक हम सभी बहुत ही श्रद्धा पूर्वक ख्रीस्त राजा जयंती मनाते हैं.

### लालपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 1 दिसंबर को

**रांची।** मेदांता हॉस्पिटल, रांची और कॉसमॉस यूथ क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 1 दिसंबर 2023 को पूर्वाह्न 11:00 से 2:00 तक लालपुर स्थित कॉसमॉस यूथ क्लब के परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा. यह जानकारी संस्था के संस्थापक देवाशीष राय तथा टी-सीरीज की गायिका और समाज सेविका सागरिका सरकार ने दी है. उक्त शिविर में छाती में दर्द, सांस फूलना, दिल में घबराहट, जी मचलना तथा नाक, कान और गले की समस्या के लिए निःशुल्क जांच की जाएगी. संस्था में मानसिक समस्याओं के समाधान के लिए हर शनिवार को निःशुल्क परामर्श नैदानिक मनोवैज्ञानिक रेनू गहलोत रॉय द्वारा दिया जाता है. इसके अलावा 1 दिसंबर को भी मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं के लिए उनसे संपर्क किया जा सकता है.

## श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर रामगढ़ में शोभा यात्रा

संवादाता। रामगढ़

सिख धर्म के प्रवर्तक एवं सिखों के प्रथम श्री गुरुनानक देव जी के 555 वें जन्मोत्सव रविवार को बिजुलिया स्थित स्व. गुरदीत सिंह के आवास से शोभा यात्रा निकाली गई. शोभा यात्रा के मौके पर गुरूग्रंथ साहिब को एक सजे हुए वाहन पर रखा गया था. शोभा यात्रा में मिल्ट्री बैंड पार्टी, पारंपरिक वेशभूषा में पंज प्यारे शामिल थे. साथ ही निशान साहिब के साथ समाज की बच्चियां शोभा यात्रा में शामिल होकर चल रही थीं. शोभा यात्रा के साथ एक विशाल एलईडी स्क्रीन चल रही थी जिससे शोभा यात्रा काफी आकर्षक प्रतीत हो रही थी. इस मौके पर रामगढ़ गुरुद्वारा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, गुरु नानक स्कूल के चेयरमैन हरपाल सिंह अरोड़ा, वाइस चेयरमैन कुलजीत सिंह कालरा, पप्पू जस्सल , पुष्पिंदरपाल सिंह छाबड़ा, बंटी चमन, देवेंद्र सिंह अरोड़ा, अजैब सिंह सिंह, विंसी कोहली, पूर्व प्रधान रमिंदर सिंह गांधी, पूर्व चेयरमैन इंदरपाल सिंह सैनी, जगजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह कालरा,बबलू, कमल जस्सल, अजय सिंह छाबड़ा, हरदीप सिंह होरा,जसकीरत सिंह भाटिया, राजू, जसकीरत सिंह सैनी, रौनक सिंह आदि अनेक लोग शामिल हुए.





- कुछ अपराधी तो जेल से ही गिरोह चला रहे हैं
- व्यवसायियों-ठेकेदारों से वसूली जा रही है रंगदारी
- पुलिस का दावा- गतिविधियों पर रखी जा रही है नजर

# झारखंड में सक्रिय हैं 75 अपराधी

## इनमें 12 जेल में और चार जमानत पर हैं, बाकी अपराधी फरार चल रहे हैं

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड में 75 ऐसे अपराधी सक्रिय हैं, जो पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए हैं. पुलिस को ललकारते हुए ये अपराधी सरेआम आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और लगातार पुलिस के समक्ष चुनौती पेश कर रहे हैं. इन 75 अपराधियों में 12 जेल में और चार जमानत पर हैं. कुछ अपराधी तो जेल से ही गिरोह चला रहे हैं और व्यवसायियों-ठेकेदारों से रंगदारी वसूली करा रहे हैं. पुलिस का दावा है कि इन शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है. छापेमारी की जा रही है. लेकिन सच्चाई यह है कि पुलिस के तमाम दावों को झुठलाते हुए ये अपराधी लगातार आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं. 75 में 16 अपराधियों के बारे में पुलिस को जानकारी है, क्योंकि उनमें दर्जन भर जेल में बंद हैं, तो चार जमानत पर बाहर हैं. इसके अलावा बाकी अपराधी फरार हैं. पुलिस का दावा है कि ऐसे अपराधियों की गतविविधियों पर नजर रखी जा रही है. लेकिन सच्चाई ठीक इसके उलट है. ये अपराधी पुलिस को चकमा देते हुए लगातार अपराध कर रहे हैं. इन अपराधियों की गतिविधियों से हांफ रही पुलिस ने अब लोगों से मदद की अपील की है.

### ये गैंगस्टर हैं सक्रिय



अखिलेश सिंह : जमशेदपुर



अमन श्रीवास्तवः रांची, रामगढ़, हजारीबाग, लातेहार.



अमन सिंहः धनबाद



अमन साहू : रांची, लातेहार, रामगढ़ और हजारीबाग.

**झारखंड पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि अपराधियों के बारे में यदि कोई भी सूचना मिले तो पुलिस को बताएं. सूचना देनेवाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा.**

## ये हैं झारखंड पुलिस के मोस्ट वांटेड अपराधी

- 1. **लखन सिंह उर्फ विकास उर्फ कालीचरण सिंह** : तुपदाना, रांची
- 2. **देव कुमार बिरुली** : (जेल )गांव सोनापोसी, थाना झींकपानी जिला चाईबासा. चाईबासा जिले के अलग अलग थाना में कुल नौ मामले दर्ज.
- 3. **गुलशन बिरुली** : (बेल पर) गांव लावालांगी डोगरबासा, थाना मंझारी, जिला चाईबासा. चाईबासा जिले के अलग अलग थाना में कुल छह मामले दर्ज.
- 4. **मो. तबरेज** : (बेल पर) थाना मंझगांव, जिला चाईबासा. चाईबासा और ओडिसा के अलग अलग थाने में सात मामले दर्ज.
- 5. **दानियल पाल** : (जेल में) जीएल चर्च क्रिश्चयन टोला, थाना चक्रधरपुर, जिला चाईबासा. चाईबासा जिले के अलग अलग थाना में कुल 14 मामले दर्ज.
- 6. **विजय बिरूली** : (बेल पर) थाना झींकपानी, जिला चाईबासा. चाईबासा जिले के अलग अलग थाना में कुल नौ मामले दर्ज.
- 7. **सिकंदर जामुदा** : (जेल में) गांव कीयापता, थाना- मुफ्फसिल, जिला चाईबासा.चाईबासा जिले के अलग अलग थाना में कुल14 मामले दर्ज.
- 8. **राजू गगराई** : (जेल में) थाना हाटगम्हरिया, जिला चाईबासा. चाईबासा जिले के अलग अलग थाना में कुल 10 मामले दर्ज.
- 9. **गार्दी सोय** : (बेल पर) थाना मुफ्फसिल, जिला चाईबासा. चाईबासा जिले के अलग अलग थाना में कुल नौ मामले दर्ज.
- 10. **मंजीत सिंह बारी** : (जेल में) थाना-मुफ्फसिल, जिला-चाईबासा. चाईबासा जिले के अलग अलग थाना में कुल दस मामले दर्ज.
- 11. **मारकण्डेय सिंह कुंटिया** : (जेल में) टोला शालीसांई, थाना मुफ्फसिल,जिला चाईबासा. चाईबासा जिले के अलग अलग थाना में कुल 11 मामले दर्ज.
- 12. **सूरज सिंह** : थाना गोलमुरी, जिला जमशेदपुर, सहयोगी सात , साकची थाना में दो मामले दर्ज.
- 13. **मो. अफरोज** : थाना चांडिल, जिला सरायकेला. सहयोगी चार. जमशेदपुर में दो मामले दर्ज.
- 14. **अनवर अली** : थाना साकची, जिला जमशेदपुर. सहयोगी दो. दो मामले दर्ज.
- 15. **अरुण कुमार सिंह** : कदमा थाना, जिला जमशेदपुर. सहयोगी : 13. दो मामले दर्ज.
- 16. **आलोक भगत** : किस्को थाना , जिला लोहरदगा. सहयोगी : पांच. दो मामले दर्ज.
- 17. **आशा कच्छप** : थाना बालूमाथ, जिला लातेहार. सहयोगी छह , दो मामले दर्ज
- 18. **दिलीप उरांव** : बालूमाथ, जिला लातेहार. सहयोगी : सात, दो मामले दर्ज.
- 19. **आशीष उरांव** : थाना सेनहा, जिला लोहरदगा, सहयोगी : पांच, दो मामले दर्ज.
- 20. **रोहित चांद** : थाना गोलमुरी, जिला जमशेदपुर. सहयोगी : चार, तीन मामले दर्ज.
- 21. **सूरज कोतवाल** : थाना आदित्यपुर, जिला सरायकेला. सहयोगी : नौ, चार मामले दर्ज
- 22. **मो. अफरोज** : थाना चांडिल, जिला सरायकेला. सहयोगी : चार. दो मामले दर्ज.
- 23. **गौरव कुमार** : थाना मोहनपुर, जिला देवघर. सहयोगी : तीन. तीन मामले दर्ज.
- 24. **महावीर यादव** : थाना जयनगर, जिला कोडरमा. सहयोगी : 10. दो मामले दर्ज.
- 25. **राजू यादव** : जिला कटिहार बिहार. सहयोगी : नौ. रांची कोतवाली थाना में मामला दर्ज.
- 26. **रोमित कुमार** : जिला कटिहार बिहार. सहयोगी : नौ रांची कोतवाली थाना में दो मामले दर्ज.
- 27. **शिबू मिश्रा** : जिला देवघर. सहयोगी : तीन, दो मामले दर्ज
- 28. **किशोर मंडल** : थाना नारायणपुर,जिला जामताड़ा. सहयोगी : छह. दो मामले दर्ज.
- 29. **अंकित जोशी** : जिला देवघर. सहयोगी : तीन. दो मामले दर्ज.
- 30. **कारू** : थाना तलझारी, जिला दुमका. सहयोगी : छह , दो मामले दर्ज.
- 31. **मो. आरिफ** : हरियाणा : सहयोगी : 30. क्राइम क्षेत्र : पश्चिम बंगाल, बिहार, हरियाणा और झारखंड.
- 32. **अनवर अंसारी** : थाना मधुपुर , जिला देवघर. सहयोगी : नौ. दो मामले दर्ज
- 33. **डब्लू शेख** : पश्चिम बंगाल : सहयोगी : तीन. रांची के रातु थाना में मामला दर्ज.
- 34. **उमेश कुमार दास** : थाना टाटीझरिया, जिला हजारीबाग. सहयोगी तीन. एक मामला दर्ज
- 35. **रोहित कुमार** : जिला कटिहार, बिहार. सहयोगी : तीन. दो मामले दर्ज
- 36. **मजहर अंसारी** : थाना रातु , जिला रांची. सहयोगी : एक. दो मामले दर्ज
- 37. **दीप ग्वाला** : पश्चिम बंगाल : सहयोगी : तीन. रांची के कोतवाली थाना में मामला दर्ज.
- 38. **संतोष पाण्डेय** : जिला गढ़वा. सहयोगी : तीन. एक मामला दर्ज
- 39. **भरत प्रसाद शाह** : जिला गढ़वा. सहयोगी : तीन. एक मामला दर्ज
- 40. **अरशद अली** : फरीदाबाद. सहयोगी : पांच. बोकारो जिला में मामला दर्ज.
- 41. **परेश मंडल** : थाना पालजोरी, जिला देवघर. सहयोगी : चार. एक मामला दर्ज.
- 42. **कमलेश सिंह** : पलामू : सहयोगी : चार. दो मामले दर्ज
- 43. **चंगेज खां** : जिला पलामू. सहयोगी : चार. एक मामले दर्ज
- 44. **कैशव कुमार** : थाना कर्रा, जिला खूंटी. सहयोगी : चार. दो मामले दर्ज.
- 45. **शाहदेव मंडल** : जिला देवघर. सहयोगी : पांच. एक मामला दर्ज.
- 46. **इंदर मंडल** : जिला गिरिडीह : सहयोगी : पांच. एक मामला दर्ज.
- 47. **अशोक वर्मा** : अहिल्यापुर गिरिडीह : सहयोगी : चार. दो मामले दर्ज.
- 48. **कर्मा उरांव** : जिला गुमला. सहयोगी : दो. एक मामला दर्ज.
- 49. **रिंकू दास** : जिला देवघर : सहयोगी : दो. पांच मामले दर्ज.
- 50. **मनोज गिरी** : जिला सरायकेला. सहयोगी : चार. दो मामले दर्ज.
- 51. **राजू मुंडा** : जिला बोकारो. सहयोगी : चार. एक मामले दर्ज.
- 52. **अजीत प्रधान** : जिला सराइकेला : सहयोगी : चार. एक मामले दर्ज.
- 53. **महावीर मंडल** : जिला देवघर. सहयोगी : तीन. दो मामले दर्ज.
- 54. **मो. इमरान** : जिला जमशेदपुर : सहयोगी : तीन. एक मामले दर्ज.
- 55. **अमित दास** : जिला वैशाली, बिहार. सहयोगी : तीन. तीन मामले दर्ज है.
- 56. **महावीर रविदास** : बड़कागांव , हजारीबाग. सहयोगी : चार. तीन मामले दर्ज.
- 57. **गुड्डू भुइयां** : बड़कागांव , हजारीबाग. सहयोगी : चार. दो मामले दर्ज.
- 58. **गणेश कुमार दास** : बड़कागांव , हजारीबाग. सहयोगी : चार. दो मामले दर्ज.
- 59. **दानिश खान** : जिला हजारीबाग. सहयोगी : तीन. तीन मामले दर्ज.
- 60. **रंजीत कुमार सिंह** : बरही, हजारीबाग. सहयोगी : तीन. दो मामले दर्ज.
- 61. **रवि रितेश नाग** : रांची. सहयोगी : एक. एक मामले में दर्ज.
- 62. **सहजाद** : रांची : दो मामले दर्ज.
- 63. **लुकमान अंसारी** : जिला हजारीबाग : सहयोगी : एक. दो मामले दर्ज.
- 64. **लाखो भुइयां** : जिला लातेहार : सहयोगी : चार. दो मामले दर्ज.
- 65. **दीपक कुमार** : जिला हजारीबाग : सहयोगी : चार. दो मामले दर्ज.
- 66. **दीप यादव** : पश्चिम बंगाल. सहयोगी : तीन. दो मामले दर्ज
- 67. **अखिलेश सिंह** : ( जेल में) : जमशेदपुर : सहयोगी : 11. 56 मामले दर्ज.
- 68. **अमन साहू** : ( जेल में) : बुढ़मू, रांची : सहयोगी : 20 से अधिक. 50 से ज्यादा मामले दर्ज.
- 69. **प्रिंस खान** : धनबाद. सहयोगी : 29 से अधिक. 58 मामले दर्ज है.
- 70. **अमन सिंह** : (जेल में) : सहयोगी : 21, 30 मामले दर्ज है.
- 71. **अमन श्रीवास्तव** : (जेल में) : सहयोगी : 30 से अधिक. 23 मामले दर्ज.
- 72. **विकास तिवारी** : (जेल में) जिला रामगढ़. सहयोगी 50 से अधिक.
- 73. **सुजीत सिन्हा** : (जेल में) जिला पलामू : सहयोगी : 30 से अधिक, 50 मामले दर्ज.
- 74. **डब्लू सिंह** : जिला पलामू. सहयोगी : 14. 40 मामले दर्ज है.
- 45. **सोयब मिर्धा** : जिला गुमला. सहयोगी : छह, दो मामले दर्ज.

## संगठित आपराधिक गिरोह के निशाने पर झारखंड के कारोबारी, मांगी जा रही लेवी

झारखंड के कारोबारी संगठित आपराधिक गिरोह के निशाने पर हैं. आये दिन अलग-अलग कारोबार से जुड़े लोगों से लेवी या रंगदारी की मांग की जा रही है और नहीं देने पर या तो उनकी हत्या कर दी जा रही है या उन्हें डराने-धमकाने के लिए गोली मार दी जा रही है. कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिसमें लेवी का पैसा नहीं देने पर कारोबारियों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ रहा है. इन अपराधियों के निशाने पर सबसे अधिक कोल परियोजना और रेलवे साइडिंग से जुड़े कोयला कारोबारी और ठेकेदार हैं. पिछले कुछ महीनों की बात करें, तो कोयला और अन्य कारोबार से जुड़े लोगों से लेवी वसूली की कई घटनाएं सामने आयी हैं. लेवी नहीं देने पर कई लोगों की गोली मारकर हत्या भी कर दी गयी. इसके अलावा अलग-अलग आपराधिक संगठनों ने वर्चस्व बनाने के लिए गोलीबारी की घटनाओं को भी अंजाम दिया.

## आपराधिक गिरोह में बिहार, छत्तीसगढ़ और बंगाल के कुख्यात अपराधी हैं शामिल

झारखंड में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोह में बिहार, छत्तीसगढ़ और बंगाल के 28 अपराधी अहम भूमिका निभा रहे हैं. ये अपराधी गैंगस्टर अखिलेश सिंह, अमन साहू, अमन सिंह, प्रिंस खान, अमन श्रीवास्तव और भोला पांडेय गिरोह से जुड़े हुए हैं. इनमें गैंगस्टर अमन साहू और अखिलेश सिंह गिरोह में से सबसे अधिक दूसरे राज्यों (खासकर बिहार, उत्तरप्रदेश, बंगाल, छत्तीसगढ़) के अपराधी जुड़े हुए हैं.

## राज्य से बाहर के 200 से अधिक अपराधियों की तलाश की जा रही है

झारखंड में बंगाल के 74 ओडिशा के 10 और बिहार के 153 अपराधी विभिन्न आपराधिक गिरोहों के साथ सक्रिय हैं. झारखंड में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोह में ओडिशा, बंगाल, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश के भी अपराधी सक्रिय हैं. झारखंड में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोह के सरगना को जब किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने होता है, तो वे पड़ोसी राज्यों के अपने गुर्गों खास कर शूटरों को बुलाते हैं. ये अपराधी आराम से आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर राज्य से बाहर निकल जाते हैं और पुलिस हाथ मलती रह जाती है. बाद में भुक्तभोगियों के बयान के आधार पर जब पुलिस को इन अपराधियों के बारे में जानकारी मिलती है, तो पुलिस एफआईआर में उन अपराधियों का नाम दर्ज तो कर लेती है, लेकिन गिरफ्तार नहीं कर पाती है.

### ये हैं गैंगस्टर, जिनका गिरोह सक्रिय है



डब्लू सिंह : पलामू.



प्रिंस खान : धनबाद.



विकास तिवारी : रामगढ़ और हजारीबाग.



सुजीत सिन्हा : लातेहार और पलामू.

### प्रदेश में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों समेत कर्मचारियों ने ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा की ली शपथ

# कर्मियों ने ली संविधान की शपथ, अनुपालन का लिया संकल्प

संविधान दिवस के अवसर पर कई जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए गये. इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों और दायित्वों का ईमानदारी से अनुपालन करने का संकल्प लिया. सभी ने संविधान के प्रति भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को न्याय, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता और प्रतिष्ठा को हमेशा बनाए रखने की शपथ ली.

## उपायुक्त ने सभी को दी बधाई



**गढ़वा।** संविधान दिवस के मौके पर गढ़वा समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर ने संविधान की शपथ दिलाई. डीसी समेत सभी कर्मचारियों ने संविधान द्वारा दिए अधिकारों व दायित्वों का ईमानदारी से अनुपालन करने का संकल्प लिया. सभी ने संविधान के प्रति भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को न्याय, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समानता प्राप्त करने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करनेवाली बंधुता बढाने के लिए, दृढ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में तारीख 26 नवंबर, 1949 ईस्वी को इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की शपथ ली. मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर ने संविधान दिवस पर सभी को बधाई दी.

## संविधान दिवस पर याद किये गये बाबा साहब आंबेडकर



**लातेहार।** संविधान दिवस पर सदर प्रखंड के जगतारणपुर (जालिम) गांव के पंचायत भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब भीमराव अंबेडर के चित्र पर माल्यापर्ण व पुष्प अर्पित कर किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता डा देवशरण भगत ने कहा कि संविधान में देश के हर एक नागरिक को समान अधिकार व समान कानून दिया गया है. इससे कोई उन्हें वंचित नहीं कर सकता है. उन्होने लातेहार में बंदोबस्ती जमीन का रसीद नहीं कटने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि संविधान में लोगों को मिली शक्ति व अधिकारों से वंचित करना चाहते हैं. उन्होने कहा कि जिस आशा व उम्मीद के साथ झारखंड राज्य का निर्माण किया गया था, वह आज भी अधूरा है. आज तक कोई ऐसी सरकार नहीं बनी जो झारखंड का भला चाहती हो. लातेहार का दुर्भाग्य है कि कोयला व वन संपदा रहने के बावजूद यहां के 50 प्रतिशत आबादी काम के लिए बाहर पलायन करते हैं. मौके पर जिला प्रभारी गुड्डू लाल, अमित गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, नंदलाल गुप्ता, विनोद उरांव व संजीत कुमार समेत कई लोग मौजूद थे.

## जवानों ने ली संविधान की शपथ



**चाकुलिया।** संविधान दिवस के अवसर पर रविवार को चाकुलिया थाना परिसर में थाना प्रभारी वरुण यादव ने सभी पदाधिकारियों और जवानों को भारतीय संविधान व कानून की शपथ दिलाई. उन्होंने शपथ दिलाई कि हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्पित होकर अपनी इस संविधान सभा में आज एतद द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं. इस अवसर पर एएसआई सुमित कुमार, राम लखन यादव, सैमुअल सोरेन, चमा उरांव और सभी जवान उपस्थित थे.



## संविधान की प्रस्तावना की ली शपथ

**लातेहार।** 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है. संविधान दिवस पर लातेहार समाहरणालय के सभागार में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मौके पर उप विकास आयुक्त ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलायी. उन्होंने भारत के संविधान की उद्देशिका को सर्वोपरि रख कर उसकी भावना के अनुरूप काम करने पर जोर दिया. डीडीसी ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा में संविधान के प्रारूप को स्वीकार किया गया था और इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया. डीडीसी ने कहा कि संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात कर उसके अनुरूप कार्य करने की आवश्यकता है.



## पुलिसकर्मियों को दिलाई गई शपथ

**आदित्यपुर।** रविवार को संविधान दिवस के मौके पर गम्हरिया थाना परिसर में पुलिसकर्मियों को संविधान का अक्षरसः अनुपालन की शपथ दिलाई गई. मौके पर भारतीय संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर सहित राज्य की सभाओं के निर्वाचन सदस्यों पंडित जवाहर लाल नेहरू, डॉ राजेन्द्र प्रसाद, सरदार बल्लभ भाई पटेल और मौलाना अब्दुल कलाम को याद करते हुए उनके प्रति श्रद्धा सुमन भी अर्पित किया गया. थाना प्रभारी आलोक कुमार दुबे ने थाना के वरीय पदाधिकारी व सभी सशस्त्र बलों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर संविधान के अनुरूप सच्ची निष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई.

### सभी थाना व ओपी परिसरों में कार्यक्रम हुए आयोजित

**चांडिल।** देश के 74वें संविधान दिवस के अवसर पर चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में स्थित सभी थाना व ओपी परिसरों में कार्यक्रम आयोजित किया गया. संविधान दिवस पर पुलिस पदाधिकारी व जवानों ने शपथ लिया कि हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा, व्यक्ति की गरिमा, राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करेंगे.

### अनुमंडलीय कोर्ट में मना संविधान दिवस

**चांडिल।** संविधान दिवस के अवसर पर रविवार को अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय चांडिल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह प्रभारी न्यायाधीश एवं अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति के सचिव अमित आकाश सिन्हा के अगुवाई में संविधान की प्रस्तावना की शपथ लिया गया. इसके साथ ही संविधान का अनुपालन करने के साथ देश की अखंडा व संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया गया. इस अवसर पर मुख्य रूप से एसीजीएम रवि प्रकाश तिवारी, न्यायालय के कर्मचारी व पीएलवी मौजूद थे.

## संविधान के मूल मंत्र को अपनाने की आवश्यकता है : डीडीसी

**धनबाद।** धनबाद जिला समाहरणालय में रविवार को संविधान दिवस पर मनाया गया. उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले के वरीय पदाधिकारियों व कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई. डीडीसी ने कहा कि देश के स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान सभा ने जिस परिकल्पना के साथ संविधान के निर्माण में योगदान दिया है, उसके मूल मंत्र को अपनाने की आवश्यकता है. भारतीय संविधान में उल्लिखित मौलिक अधिकार व कर्तव्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं.

### संविधान दिवस बेहद गर्व का दिन : बीडीओ

**मैथन।** ग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय में बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार की अध्यक्षता में संविधान दिवस मनाया गया. बीडीओ ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर समारोह की शुरुआत की. उन्होंने सभी अधिकारियों को संविधान की शपथ दिलाई.

### भाजपा एससी मोर्चा ने मनाया संविधान दिवस

**कतरास।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा धनबाद महानगर की ओर से रविवार को कतरास गुहीबांध बस स्टैंड पर संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया. सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को गंगा जल से स्नान कराकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई.

### देश गणतंत्र की राह पर चल रहा है : तारा

**सिंदरी।** सिंदरी के रोहड़ाबांध स्थित अंबेडकर चौक पर रविवार को संविधान दिवस मनाया गया. भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश बाउरी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बाबासाहेब भीमराव अंबेदकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की.

### संविधान दिवस पर एसपी ने कर्मियों को दिलाई शपथ

**आदित्यपुर।** संविधान दिवस के मौके पर एसपी डॉ विमल कुमार ने एसपी कार्यालय कर्मियों को प्रस्तावना का पाठ कराया और संविधान की शपथ दिलाई. इस अवसर पर एसपी कार्यालय परिसर में सरायकेला-खरसावाँ के पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठ कर शपथ ली गई. एसपी ने कहा कि प्रत्येक पुलिसकर्मियों के लिए पहले देश का संविधान है, जिसका अनुपालन करना उनका परम कर्तव्य है. उन्होंने बताया कि आज स्वतंत्र भारत संविधान के आधार पर ही चल रहे हैं.

### नासस का स्थापना दिवस 3 दिसंबर को

**आदित्यपुर।** नागरिक समन्वय समिति (नासस) सरायकेला खरसावां का 8वां स्थापना दिवस 3 दिसंबर को गजिया बराज में समारोह सम्पन्न होगा. 03-12-2023 को सुबह 10 बजे से 3 बजे तक गंजिया बराज स्थल पर एक विचार गोष्ठी होगी. जिसमें समिति के 8 साल के कार्यकाल पर लोग विचार रखेंगे. रविवार को इसको लेकर एक समीक्षा बैठक केन्द्रीय कार्यालय आदित्यपुर में हुई. जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष प्रसिद्ध नारायण सिंह ने की. जिसमें महासचिव अजीत कुमार, विमल कुमार सिंह, गंभीर सिंह, विरेन्द्र सिंह के अलावा अन्य सदस्य शामिल हुए.

---

## ब्रीफ खबरें

### पत्ता गुइरा स्कूल में मनाया संविधान दिवस

**चाईबासा।** बहुजन समाज पार्टी जिला समिति की ओर से सदर प्रखंड के सिंबिया पंचायत के पत्ता गुइरा विद्यालय परिसर में रविवार संविधान दिवस पर संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मेवालाल होनहगा एवं विशिष्ट अतिथि तुरी सुन्डी शामिल हुये. जिला अध्यक्ष जेम्स हेम्ब्रम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. कार्यक्रम का संचालन मंजीत मोहन सुन्डी ने की. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेवालाल होनहगा एवं विशिष्ट अतिथि तुरी सुन्डी ने वीर शहीद बिरसा मुंडा एवं डॉ अंबेडकर की तसवीर पर माल्यार्पण कर किया गया.

### डीडीसी ने की सरकार आपके द्वार की समीक्षा

**धनबाद।** उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शशि प्रकाश सिंह ने रविवार को समाहरणालय में बैठक कर 24 एवं 25 नवंबर को आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम की समीक्षा की. उन्होंने कहा कि शिविरों में जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी व सहायक नोडल पदाधिकारी की उपस्थिति से लोगों में उनकी समस्या का निश्चित रूप से समाधान हो जाने का विश्वास बढ़ता है. शिविर में सरकार द्वारा तय मानक के अनुरुप व्यवस्था नहीं रहने पर संबंधित पंचायत में दोबारा शिविर का आयोजन किया जाएगा.

### आदिवासियों का आंदोलन पांचवें दिन भी रहा जारी

**बरोरा।** बरोरा क्षेत्र में संचालित माइनप आउटसोर्सिंग कंपनी में जमीन के बदले नियोजन की मांग को लेकर रैयत मानो देवी एवं उसके पति मनसा टुडू के नेतृत्व में आदिवासियों का आंदोलन रविवार को पांचवें दिन भी जारी रहा. बता दें कि प्रबंधन द्वारा मांगों पर किसी तरह की पहल नहीं किये जाने पर आक्रोशित आदिवासी शनिवार से माइनप कंपनी का गेट खोलकर अंदर घुसकर पारम्परिक हथियार के साथ धरने पर बैठ गये थे. सूचना पाकर बाघमारा सीओ रवि भूषण, बरोरा थाना प्रभारी नंदुपाल रविवार को कंपनी परिसर पहुंचे. वहां रैयत मानो देवी एवं उसके पति मनसा टुडू से वार्ता करने का प्रयास किया एवं आग्रह किया.

## नाबालिग से काम कराने वालों की नहीं हो रही गिरफ्तारी

सुनील कुमार । लातेहार

मानव तस्करी को रोकने के लिए लातेहार पुलिस द्वारा गठित एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट काम तो कर रहा है लेकिन इसकी कार्यशैली पर सवालिया निशान लगता जा रहा है. मालूम हो गत दिनों इस यूनिट के द्वारा देश के दिल्ली, पानीपत, नोएडा, गाजियाबाद एवं चंडीगढ़ में छापामारी कर 16 नाबालिग किशोरियों एवं एक किशोर को मुक्त कराया गया, यह एक बड़ी खबर हुई. वर्षों से मानव तस्करी का दंश झेल रहा लातेहार जिलेवासियों को कुछ राहत मिली.

पुलिस ने किशोरियों को बहला फुसलाकर शहरों में ले जाकर बेगारी कराने वाले सात मानव तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा. जिसमें महुआडांड थाना क्षेत्र के चटकपुर ग्राम निवासी पति पत्नी एनिमा नगेसिया एवं विकास नगेसिया, गुमला जिला के महामू गांव का रहने वाला गोपीचंद महतो, महुआडंड के रहने वाले शैलेंद्र नगेसिया और मनोज जायसवाल सिमडेगा की रहने वाली सुनीता मुरमुरिन तथा ओरसापाठ के रहने वाला संदीप बड़ाईक को देश के विभिन्न मेट्रोपोलिटन शहरों से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है. दुर्भाग्य है कि आज एक वर्ष बीत जाने के बाद भी नाबालिगों से बेगारी कराने वाले किसी भी गृहस्वामियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है. हालांकि अभिलेखों में देखा जाए तो दर्जनों गृहस्वामियों को धारा 41 ए दंड प्रक्रिया संहिता के तहत कई नोटिस भेज कर जवाब देने की प्रतीक्षा की जा रही है.

पहली नोटिस महुआडांड थाना कांड संख्या 95/22 के अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक मो शाहरुख द्वारा 08 नवंबर 2022 को सुनंदा नागपाल, पानीपत, हरियाणा को भेजी गई थी. लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि एक भी गृह स्वामी पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है. सूत्रों का कहना है कि इन मामलों में भारी संख्या में दिल्ली, पानीपत, नोएडा ,गाजियाबाद एवं चंडीगढ़ में प्लेसमेंट एजेंसी व ब्यूरो चलाने वाले लातेहार जिला के लोगों को और गृहस्वामियों को नोटिस भेजने का सिलसिला जारी है. जिनके घरों से किशोरियों को बरामद किया गया है, उन्हे क्यों बख्शा जा रहा है यह बात लोग समझ नहीं पा रहे हैं. इस संदर्भ में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों से पूछे जाने पर उनका कहना है कि नोटिस की कार्रवाई की जा रही है. संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर गृहस्वामियों के विरुद्ध भी वही कार्रवाई की जाएगी जो मानव तस्करों के विरुद्ध की गई है.

## केमिकल विभाग को 1 करोड़ की स्पॉन्सरशिप

संवाददाता। सिंदरी



बीआईटी सिंदरी में वैश्विक वार्षिक अनुसंधान सम्मेलन 2023 का आयोजन संस्थान ने किया. इसमें विश्व से आए विद्यार्थियों को एकत्र करने का मंच प्रदान किया. पूर्ववर्ती छात्र एसएन शर्मा ने केमिकल इंजीनियरिंग शाखा को एक करोड़ रुपए की स्पॉन्सरशिप दी. वहीं संस्थान के पूर्ववर्ती छात्र सह हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के अधिकारी संजय पंजियार ने 5 लाख रुपये का ट्रैक्टर टैंकर बीआईटी सिंदरी को सौंपा.

कार्यक्रम का शुभारंभ पुराने दोस्तों के स्मृतियों को साझा करने को लेकर लैंप का प्रकाशन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेयूटी के कुलपति डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने अलुमनाई सदस्यों को संबोधित करते हुए संस्थान के समग्र विकास को बताया. संस्थान निदेशक प्रो पंकज रॉय ने कहा कि संस्थान के पूर्ववर्ती छात्रों का निरंतर समर्थन हमारे पुराने छात्र समुदाय के बीच एक मजबूत बंधन को मजबूत किया. उन्होंने कहा मैं वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रकाश के रूप में कार्य करूंगा. हम आपके उन्नत छात्र समुदाय को बढ़ावा देने के लिए आपकी समर्पण के लिए अत्यंत कृतज्ञ हैं. बिट्सा सचिव उमेश प्रसाद साह ने कहा कि हमारे अल्मुनाई छात्र विभिन्न माध्यमों से अल्मा मेटर के उत्थान के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं. स्मार्ट कक्षाओं को निजीकृत करना, उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए बीआईटी सिंदरी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर करना, आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को प्रायोजित करना, व्यक्तित्व विकास में मदद करना, उभरते स्टार्टअप को सलाह देना है.

### श्रमिक की मांगों को लेकर जिप अध्यक्ष ने की बैठक

**नोवामुंडी।** गुवा रेलवे मार्केट में सेवानिवृत श्रमिक संघ की विभिन्न मांगों को लेकर सेवानिवृत सेल कर्मियों के साथ बैठक की. बैठक के दौरान सेवानिवृत श्रमिक संघ के अध्यक्ष विश्वकेशन महापात्रों ने कहा कि बिना आवास खाली किए कंपनी के सेवानिवृत्त को उसका ग्रैजुएटिंग का पैसा जिस स्कीम के तहत किया गया है. इस स्कीम के तहत हम सभी अवकाश प्राप्त श्रमिकों को भी ग्रेजुएट का पैसा दिया जाए,

## पुलिस ने किया स्थल का निरीक्षण

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के आसनबनी गांव में आयोजित इज्तिमा को लेकर पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने रविवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण किया. उन्होंने कार्यक्रम स्थल आने जाने वाले रास्ते का भी मुआयनी किया तथा संकीर्ण रास्ते को और चौड़ा बनाने का निर्देश आयोजकों को दिया. इसके अलावा कार्यक्रम स्थल के ऊपर से गुजरे डीवीसी के एक लाख वोल्ट के तार के नीचे सुरक्षात्मक उपाय करने के भी निर्देश दिए. मुखिया गयासुद्दीन अंसारी एवं मो मेहताब ने कहा कि झारखंड में पहली बार इतना बड़ा इस्तमा हो रहा है. इसमें बिहार झारखंड के सभी जिलों के लोग भाग लेंगे. उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है. आयोजन में अब 5 दिन शेष रह गए हैं. आगामी शनिवार से कार्यक्रम शुरू हो जाएगा.

**स्वच्छता** पहली आकृति में दो सफाई मित्र झाड़ू एवं कचड़े का उठाव करते दिखाया गया है

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत निगम ने लगाई तीन आकृति

संवाददाता। धनबाद



स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत वेस्ट टू आर्ट मापदंड के तहत लुबी सर्कुलर रोड स्थित नगर निगम कार्यालय के समीप तीन आकृति को दर्शाया गया है. पहली आकृति में स्वच्छ्ता ही सेवा को दर्शाते हुए दो सफाई मित्र झाड़ू एवं कचड़े का उठाव करते दिखाया गया है. इस आकृति का वजन लगभग 140 केजी एवं 85 केजी है. इसकी ऊंचाई लगभग 9 फीट एवं 6 फीट है. निगम ने इस आकृति को अग्रिम पंक्ति के स्वच्छता योद्धा को समर्पित किया है, जिनके जीवन का उद्देश्य स्वच्छता है. दूसरी आकृति बिच्छू की है, जो कि पुराने लौह के पाइप एवं रॉड से बनाया गया है. जिसका ऊंचाई 11 फीट एवं वजन 205 केजी लगभग है. बिच्छू की आकृति के माध्यम से निगम ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि स्वास्थ्य पूरी तरह आपके पर्यावरण के चारों ओर स्वच्छता पर निर्भर है. अन्यथा आपका स्वास्थ्य बिच्छू के डंक की तरह है जो आपके स्वास्थ्य को खराब कर रहा है. नगर प्रबंधक रणधीर वर्मा ने बताया कि भविष्य में निगम द्वारा वेस्ट टू आर्ट का और भी नायाब नमूना पेश किया जाएगा. जिससे एक संदेश के साथ साथ शहर की खूबसूरती को भी बढ़ाये.

### निगम के वेंडिंग जोन में लगेगा लाहशा मार्केट

**धनबाद।** कोहिनूर मैदान स्थित नगर निगम के वेंडिंग जोन में तिब्बतियों का लाहशा मार्केट लगेगा. सहायक नगर आयुक्त संतोषिणी मुर्मू ने बताया कि वेंडिंग जोन में तिब्बती शरणार्थियों द्वारा लाहशा मार्केट लगाया जाएगा. इस मार्केट में ऊनी कपड़ों की बिक्री की जाएगी. सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि लाहशा मार्केट के प्रतिनिधियों ने निगम आकर वेंडिंग जोन में ऊनी कपड़े बेचने की अनुमति मांगी है. इस मार्केट के लगने से वेंडिंग जोन को बसाने में भी मदद मिलेगी. बता दें कि विगत कई वर्षों से कोहिनूर मैदान में तिब्बती शरणार्थियों द्वारा लाहशा मार्केट लगाया जाता रहा है. प्रत्येक वर्ष नवम्बर महीने से जनवरी तक इनके द्वारा शेड का अस्थायी मार्केट बना कर ऊनी कपड़ों की बिक्री की जाती है. कोहिनूर मैदान में वेंडिंग जोन बन जाने के कारण इस वर्ष यह मार्केट जिला परिषद परिसर में लगाया गया है.

## फील्ड अपडेट

### पुलिस की नक्सलियों से मुख्यधारा में जुड़ने की अपील

**चाईबासा।** चाईबासा पुलिस ने नक्सलियों से मुख्य धारा में जुड़ने की अपील की है.पुलिस ने पोस्टर जारी कर नक्सलियों से हिंसा की विचारधारा छोड़कर आत्मसमर्पण करने और झारखंड सरकार की नयी आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति का लाभ लेकर मुख्य धारा से जुड़ने को कहा.चाईबासा पुलिस ने कहा कि झारखंड सरकार ने आत्मसमर्पण नीति को और अधिक सुगम बनाया है. इसके तहत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली को 24 घंटे के अंदर ओपन जेल में शिफ्ट किया जा सकेगा.मुख्य धारा से भटक कर उग्रवाद का रास्ता अपनाने वाले से झारखंड पुलिस की अपील है कि हिंसा का रास्ता छोड़कर सरकार की नयी आत्मसमर्पण नीति के तहत मुख्य धारा से जुड़े और सामान्य नागरिक की तरह पारिवारिक जीवन व्यतीत करें.

### सरकारी स्कूल में साल में होती है 124 दिनों की छुट्टी

**रांची।** झारखंड के स्कूलों में साल में 124 छुट्टियां होती हैं. वहीं 242 दिनों का क्लास होता है. इन छुट्टियों में 52 रविवार की छुट्टी, 12 शनिवार की छुट्टी और साथ में गर्मी की छुट्टी और अन्य पर्याप्त त्यौहार शामिल हैं. झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा जारी छुट्टियों के कैलेंडर में 60 दिनों की स्वीकृत छुट्टियां हैं. इस साल महीने के तीसरे सप्ताह के शनिवार को छुट्टी दी जाती है. इन 242 दिनों में सभी विद्यार्थियों का सिलेबस पूरा करवाया जाता है. झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा 60 छुट्टियों की घोषणा की गई है, लेकिन सभी जिलों में इन छुट्टियों को अलग दिनों में भी लिया जाता है. इसका निर्णय शिक्षक संघ द्वारा लिया जाता है. छुट्टियां अलग-अलग एडजेस्ट की जा सकती हैं, लेकिन 60 से अधिक नहीं हो सकती हैं.

### आजसू जन मुद्दों पर कर रही है संघर्ष: डा देवशरण

**लातेहार।** आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डा देवशरण भगत ने कहा कि आजसू प्रारंभ से ही जन मुद्दों पर लगातार संघर्ष करती रही है. चाहे छात्रों का मुद्दा हो या फिर राज्य के विकास का मुद्दा हो, आजसू ने सड़क से संसद तक इसकी आवाज को उठायी है. डा भगत शहर के माको डाक बंगला में आजसू पार्टी की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे. उन्होने झारखंड सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से लोगों को बेवकूफ बना रही है.यह एक फ्लॉप शो है. मुख्यमंत्री व उनकी सरकार राज्य की जनता के साथ धोखा कर रही है. आज किसी भी कार्यालय में कोई काम बिना रिश्वत व बिना बिचौलियों के नहीं हो रहा है. बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमीत कुमार पांडेय ने की. पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लातेहार में फरवरी माह में दो डिग्री कॉलेज भवनों का उदघाटन किया था, लेकिन नौ माह बीत जाने के बाद भी इन कॉलेजो में सत्र शुरू नहीं हो पाया. यह यहां के छात्रों के साथ छलावा है. बैठक में जिला प्रभारी लाल गुड्डू नाथ शाहदेव व भोक्ता समाज प्रदेश प्रभारी उमेश भोक्ता के अलावा दयाशंकर झा, बीरेंद्र ठाकुर, नीतेश पांडेय, बिजेंद्र दास उर्फ बिट्टू दास मौजूद थे.



### बैठक में शोषण के खिलाफ आंदोलन तेज करने का निर्णय

**किरीबुरु।** झारखंड ड्राइवर महासंघ के नोवामुंडी प्रखंड अध्यक्ष मंगल सिंह पूर्ति की अध्यक्षता में सीमावर्ती झारखंड एवं ओडिशा क्षेत्र के ड्राइवरों की बैठक रविवार को हुई. बैठक मेघाहातुबुरु खेल मैदान में हुई. बैठक में सेल, टाटा स्टील समेत विभिन्न कंपनियों, निजी वाहन मालिकों के वाहनों को चलाने वाले ड्राइवरों की समस्याएं सुनी गईं. ड्राइवरों ने बताया कि उनका हर जगह शोषण किया जाता है.खदानों में चलने वाले प्राइवेट वाहनों के मालिकअथवा ठेकेदार ड्राइवरों के खाते में न्यूनतम मजदूरी का पैसा तो डाल देते हैं, लेकिन अगले दिन खाते से कुछ पैसा निकलवा कर मांगते हैं. जो ड्राइवर पैसा नहीं देते हैं, उन्हें काम से हटा दिया जाता है. इसके अवाले ड्राइवरों को बिना गलती या वजह के काम से हटाकर दूसरे ड्राइवर को रख लिया जाता है. ड्राइवर महासंघ ने सभी ड्राइवरों को इस संगठन से जुड़ने की अपील की, ताकि उनकी ताकत बढे.और कोई शोषण नहीं कर सके. बैठक में झारखंड ड्राइवर महासंघ के उपाध्यक्ष शंभू हांसदा, सचिव धीरेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष मोहन लागुरी के अलावे नोवामुंडी, गुआ, बड़ाजामदा, बराईबुरु, किरीबुरु, मेघाहातुबुरु, करमपदा एवं ओडिशा ड्राइवर महासंघ से जुड़े ड्राइवर शामिल हुए.

## ब्रीफ खबरें

### युवकों ने दुकान में पेट्रोल बम फेंका

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर से बड़ी खबर सामने आ रही है. यहां तुर्की ओपी क्षेत्र के मधौल पेट्रोल पंप के पास की एक दुकान पर सिगरेट नहीं देने से मना करने पर युवकों ने पेट्रोल बम फेंक दिया. साथ ही दुकान के बाहर रखे सामानों को तोड़फोड़ दिया. सारी वारदातें सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गयी है. इस मामले में दुकानदार रामकुमार पांडेय ने तीन युवकों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाना में आवेदन दिया है. इनमें अघोरिया बाजार का वैभव कुमार, आलोक सिंह और शाश्वत शामिल हैं.

### हाजत में बंद युवक की संदिग्ध मौत, जांच शुरू

**पटना।** जिले के पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र के सिगोड़ी थाना की पुलिस द्वारा शराब के एक वांछित मामले में गिरफ्तार आरोपी युवक की पुलिस हिरासत में थाने की हाजत में अचानक गिरकर बेहोश हो जाने के बाद पटना के एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के बाद उसकी मौत बीती रात होने की सनसनी खेज मामला प्रकाश में आ रहा है. परिजनों जमकर हंगामा भी किया. पालीगंज डीएसपी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि गिरफ्तार युवक शराब और स्मैक का निरंतर सेवन करता था,जिससेखाने के उपरांत पानी पीने के बाद बेहोश हो गया.

### गया में खुदाई के दौरान मिलीं 9 प्राचीन मूर्तियां

**गया।** जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र के उतरामा गांव में एक व्यक्ति के घर में 9 पौराणिक मूर्तियां मिली है. गांव में एक साथ इतनी मूर्तिया के मिलने की सूचना से आस पास के गांवों के लोग भी इसे देखने के लिए आने लगे. प्राप्त सूचना के अनुसार ये मूर्तियां गांव के सतेंद्र पासवान के मकान के पीछे शौचालय की खुदाई के दौरान मिली, जिसे ग्रामीणों ने गांव के शिव मंदिर में रख कर पूजा अर्चना भी शुरू कर दी है.वहीं, स्थानीय अंचल अधिकारी ममता, बीडीओ कुमारी सुमन एवं थाना अध्यक्ष फहीम आजाद खान मौके पर पहुंचे, लेकिन ग्रामीणों ने मूर्ति देने से साफ़ इंकार कर दिया.

**शर्मनाक :** मुजफ्फरपुर में युवक ने दोस्ती के रिश्ते को किया शर्मसार, प्राथमिकी दर्ज की गई

# करीबी दोस्त की सगी बहन के साथ किया यौन शोषण

**एजेंसी। मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर में एक दोस्त ने ही दोस्ती के रिश्ते को कलंकित कर तार तार कर दिया है. जहां एक दोस्त ने अपने दोस्त के सगी बहन के साथ मुजफ्फरपुर के एक होटल में ले जाकर यौन शोषण किया है. पूरा मामला तब उजागर हुआ जब युवती गर्भवती हो गई. बता दें कि आरोपित युवक शादी विवाह में डीजे का काम करता है.

वहीं युवती का भाई शादी विवाह में फूलों से डेकोरेशन करता है. इसी बीच दोनों के बीच दोस्ती हो गई, जिसके बाद आरोपित युवक का युवती के घर आना जाना शुरू हो गया. इसी बीच आरोपित युवक ने युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और जब दोनों की नजदीकियां बढ़ गई तो आरोपित युवक युवती को मुजफ्फरपुर के एक होटल में ले जाकर उसके साथ गलत काम कर दिया.

मामला तब परिजनों के संज्ञान में आया जब दो दिन पूर्व युवती के घर पर एक समारोह की पार्टी चल रही थी। इसी बीच युवती को उल्टी होने लगी, जिसके बाद परिजनों को बात समझते देर नहीं लगी और पूरा मामला उजागर हो गया. वहीं पूरा मामला सामने आने के बाद अब युवती के परिजनों द्वारा पूरे मामले की लिखित शिकायत नगर थाने की पुलिस से की गयी है. मामले में पूछे जाने पर एएसपी टाउन अवधेश दीक्षित ने बताया कि युवती के परिजनों द्वारा एक लिखित शिकायत नगर थाने की पुलिस से की गयी है.

**रिश्ता कलंकित**

- लड़की के गर्भवती होने पर मामले का हुआ उजागर
- पुलिस पूरे मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है

## बेटी के जन्म के बाद ससुराल गया पति रहस्यमय तरीके से हुआ लापता

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में अपनी ससुराल आए एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर रहस्यमय तरीके से अपने ससुराल से लापता हो गया है. इसके बाद परिजनों के बीच किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए बेचैनी बढ़ी हुई है. दरअसल, पूरा मामला मुजफ्फरपुर जिले के सदर थाना क्षेत्र के बीबीगंज का है, जहां की रहने वाली अंकिता राज की शादी 2020 में सीतामढ़ी जिले के मेहसौल निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर चंदन कुमार के साथ हुई थी, जो अभी सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर गाजियाबाद में पोस्टेड है. वहीं शादी के तकरीबन 4 वर्षों के बाद बीते 5 नवंबर को दोनों को पुत्री की प्राप्ति हुई थी. पुत्री की प्राप्ति होने की सूचना पर चंदन कुमार अपनी ससुराल पहुंचा था.



**आओ जानें**

## बिहार : सामान्य ज्ञान

**बिहार के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी :** वीर कुंवर सिंह
**बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री :** डॉ श्रीकृष्ण सिंह
**बिहार के प्रथम महाकवि :** विद्यापति
**बिहार का प्रथम स्टेडियम :** मोईनुल हक स्टेडियम (पटना)
**बिहार का प्रथम विज्ञान-केन्द्र :** श्रीकृष्ण विज्ञान केन्द्र (पटना)
**बिहार का पुराना नाम क्या है :** बिहार का असली नाम मगध हैं. बिहार को पहले प्राचीन इतिहास मे मगध के नाम से जाना जाता था. यह जनसंख्या की दृष्टि से भारत का तीसरा सबसे बड़ा प्रदेश है जबकि क्षेत्रफल की दृष्टि से बारहवां है. 15 नवम्बर, सन् 2000 ई० को बिहार के दक्षिणी हिस्से को अलग कर एक नया राज्य झारखण्ड बनाया गया.
**बिहार की खोज कब हुई है :** बिहार की स्थापना 22 मार्च 1912 को हुई थी. इसकी स्थापना तब हुई जब अंग्रेजों ने बंगाल से नए राज्य बनाए.

भीम संसद का आयोजन, मोदी सरकार पर बरसे मुख्यमंत्री नीतीश

# विशेष राज्य के दर्जा के लिए चलाएंगे अभियान : नीतीश

**एजेंसी। पटना**



**लगाए आरोप**

- भीम संसद में जुटी कार्यकर्ताओं की भीड़
- ललन ने लगाया आरोप- दलितों को छल रहा केंद्र

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर दोहराया है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर वे आंदोलन करेंगे. उन्होंने रविवार को भीम संसद में जुटी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा बिहार में हुई जातीय सर्वे रिपोर्ट से राज्य की सभी जातियों की संख्या पता चली है. इसी आधार पर राज्य के एससी को 20 फीसदी, एसटी को 2 फीसदी और ओबीसी को 43 फीसदी आरक्षण बढ़ाया गया है. साथ ही बिहार के वैसे परिवार जो गरीब हैं उन सभी को 2 लाख रुपए प्रति परिवार दिया जाएगा. इसके लिए 2.5 लाख करोड़ रुपए का खर्च आएगा. यह पांच साल में बिहार सरकार पूरा करेगी. लेकिन इसे और जल्दी पूरा करने के लिए बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की जरूरत है.

उन्होंने कहा कि हम बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर अभियान चलाएंगे. इसके लिए उन्होंने बिहार के दलित समाज के लोगों से समर्थन की अपील की. लोगों से हाथ उठाकर समर्थन मांगा जिस पर सभी ने अपना हाथ उठाकर सर्मथन किया. उन्होंने अपनी सरकार में दलित वर्गों के लिए हुए काम गिनाए. साथ ही भीम संसद में जुटी भारी भीड़ को लेकर मंत्री अशोक चौधरी की जमकर तारीफ की.

इसके पहले जदयू अध्यक्ष ललन सिंह ने केंद्र की मोदी सरकार पर आरक्षण विरोधी होने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश ने जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी को साकार किया है. दूसरी ओर केंद्र की मोदी सरकार है जो न तो रोजगार दे रही है. ना ही आरक्षण के अधिकार को पूरा कर रही है. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आरक्षण विरोधी है. इस सरकार ने हर वर्ष 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था लेकिन आज तक नौकरी नहीं दी. वहीं नीतीश कुमार ने नौकरी भी दी है और आरक्षण का दायरा भी बढ़ाया है.

## भीम संसद पर केंद्रीय मंत्री ने कसा तंज

**एजेंसी। पटना**



पटना के वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में संविधान दिवस के अवसर पर रविवार को जेडीयू के तरफ से भीम संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. वहीं इसको लेकर केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने कहा कि यह अशोक चौधरी का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि बिहार सरकार का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो विधानसभा में महिलाओं को खिलाफ और जीतन राम मांझी के खिलाफ बयान दिया था. यह दोनों ही घटनाएं बिहार के लिए बहुत ही शर्मनाक है. उस घटना पर पर्दा डालने के लिए इस भीम संसद का आयोजन किया गया है. पारस ने कहा कि, सीएम ने जीतनराम मांझी को जिस तरीके से अपमानित किया गया. वह एक समय में बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके हैं.

### पुलिस जीप ने दो छात्रों को रौंदा, हालत गंभीर

**पटना।** बिहार के मोकामा से बड़ी खबर सामने आ रही है. पचमहला ओपी क्षेत्र के एनएच-80 पर पुलिस जीप ने दो छात्रों ने कुचल दिया. जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये. घायल छात्रों की पहचान रामपुर डुमरा निवासी प्रियांशु (7) और विष्णु (9) के रूप में हुई है. स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में दोनों छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां विष्णु की स्थिति नाजुक है. घटना के बाद आक्रोशितों ने एनएच-80 को जाम कर जमकर हंगामा व पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की. वहीं हादसे के बाद पुलिस जीप का चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया.

## अपराधियों ने दिनदहाड़े मुखिया के पुत्र पर की फायरिंग, सनसनी

**एजेंसी। गोपालगंज**

गोपालगंज जिले के भोरे थाना क्षेत्र के छठियाव पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह मुखिया पुत्र मनीष मिश्रा पर रविवार की सुबह 10 बजे अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है. इस गोलीबारी की घटना में मुखिया के पुत्र बाल बाल बच गए हैं. बताया जाता है कि भोरे थाने की छठियांव पंचायत के मुखिया कृष्ण कुमार मिश्रा उर्फ चुन्नू मिश्रा के पुत्र मनीष मिश्रा अपनी कार से भोरे बाजार आ रहे थे. अभी वे भोरे विजयीपुर मुख्य पथ पर धरीक्षण मोड़ के पास पहुंचे थे, तभी अपाची सवार दो युवकों ने उनके चलती कार पर फायरिंग कर दी. इस फायरिंग की घटना में मुखिया पुत्र बाल बाल बच गए हैं। उनके गाड़ी के शीशे चकनाचूर हो गए. वहीं घटना की सूचना मिलते ही भोरे थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है. पंचायत वासियों में पुलिस के प्रति काफी आक्रोश है. ग्रामीण भोरे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहे हैं. अपराधियों को पुलिस से भय पूरी तरह से खत्म हो चुका है.दिनदहाड़े गोलीबारी की घटना से भोरे में दहशत का माहौल कायम है.

## कारोबार

### साया ग्रुप 4000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी

**नोएडा (उप्र)।** रियल एस्टेट कंपनी साया ग्रुप नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद की अपनी परियोजनाओं में अगले तीन वर्षों में 4,000 करोड़ का निवेश करेगी. समूह की ओर से जारी एक बयान के अनुसार 23.3 लाख वर्ग फुट वाणिज्यिक क्षेत्र के विकास के लिए 2,500 करोड़ रुपये का निवेश होगा. गाजियाबाद के इंदिरापुरम में लक्जरी आवासीय परियोजना में 1,500 करोड़ का निवेश किया.

### आईओसी, गेल पर लगातार जुर्माना

**नयी दिल्ली ।** इंडियन ऑयल और गेल (इंडिया) लिमिटेड सहित सार्वजनिक क्षेत्र की तेल व गैस कंपनियों पर निदेशक मंडल में आवश्यक संख्या में स्वतंत्र निदेशकों न होने संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहने के लिए लगातार दूसरी तिमाही में जुर्माना लगाया गया है.

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मोबाइल प्रोडक्शन की समीक्षा की, कहा-

# 'मोबाइल उत्पादन 20 गुना बढ़ा'

**भाषा । नई दिल्ली**



विश्व में दूरसंचार के क्षेत्र में काफी तेज गति से प्रगति हुई है. इससे एक तरफ नेटवर्क कंपनियों और मोबाइल ग्राहकों के साथ फोन का उत्पादन भी बढ़ा है. इसमें भारत में उत्पादन तेजी से बढ़ा. इसे लेकर इलेक्ट्रॉनिक और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने मोबाइल प्रोडक्शन की समीक्षा बैठक की. बैठक के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर बताया कि देश में मोबाइल फोन का प्रोडक्शन बीते 9 साल में 20 गुना बढ़ गया है. केंद्रीय मंत्री ने पोस्ट में बताया कि मोबाइल फोन इम्पोर्ट करने पर भारत की निर्भरता अब काफी हद तक कम हो गई है. 2014 में भारतीय मोबाइल इंडस्ट्री 78% इम्पोर्ट पर निर्भर थी. यानी देश में 78% मोबाइल बाहर से खरीदना पड़ता था. उन्होंने बताया कि 2023 में भारत में बिकने वाले 99.2 प्रतिशत मोबाइल मेड इन इंडिया है.

देश में जुलाई-सितंबर क्वार्टर में 4.3 करोड़ स्मार्टफोन बेचे गए. मार्केट रिसर्च फर्म कैनालिस के मुताबिक, सैमसंग दूसरी तिमाही में 18% मार्केट शेयर के साथ टॉप पर रही है. इस दौरान कंपनी ने इंडियन मार्केट में 79 लाख स्मार्टफोन बेचे. वहीं, शाओमी ने पिछले क्वार्टर में 76 लाख स्मार्टफोन की थोक बिक्री की और मार्केट शेयर के लिहाज से दूसरे स्थान पर रही. वहीं, 72 लाख स्मार्टफोन की बिक्री के साथ वीवो तीसरे, रियलमी (58 लाख थोक बिक्री) चौथे और ओप्पो (44 लाख थोक बिक्री) पांचवे स्थान पर रही है.

**समीक्षा बैठक**

- देश में 78% मोबाइल पहले बाहर से खरीदना पड़ता था
- सैमसंग 18% मार्केट शेयर के साथ टॉप पर रही

पिछले क्वार्टर में मोबाइल कंपनियों ने मार्केट में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए नए 5जी स्मार्टफोन लांच किए हैं. जिससे एंट्री लेवल 5जी स्मार्टफोन की डिमांड तेजी से बढ़ी है. प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में भी अच्छी ग्रोथ रही है. इसमें सैमसंग की एस23 सीरीज और एपल के आइफोन-14 और आइफोन-13 पर मिलने वाले ऑफर्स का योगदान रहा है.

वहीं सैमसंग, शाओमी, एपल, ओप्पो, वीवो, रियलमी और वनप्लस सहित कई विदेशी स्मार्टफोन मेकर कंपनियां भारत में स्मार्टफोन का प्रोडक्शन कर रही हैं.

### भारत शानदार मार्केट है: सीईओ टिम कुक

भारत जिस गति से अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, उससे दुनियाभर के निवेशकों के लिए यह पसंदीदा स्थान बनता जा रहा है. उसमें वाहन और फोन की कंपनी आगे है. यह बात एपल के भारत में आने के साथ ही साबित हो चुकी है. आईफोन कंपनी एपल ने इसी साल अप्रैल में पहला स्टोर मुंबई और दूसरा स्टोर दिल्ली में खोलकर अपना इरादा भी जाहिर कर दिया था. बीते महीनों में इसका फायदा भी एपल को मिला. एप्पल ने जून से सितंबर तक स्मार्टफोन का अब तक का सबसे अधिक बिक्री दर्ज की. एपल ने भारत में चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में कमाई के मामले में रिकॉर्ड बनाया. तब एपल के सीईओ टिम कुक का कहना है कि उनके लिए भारत शानदार मार्केट है.

### एफपीआई का नवंबर में 378 करोड़ का शुद्ध निवेश

**नयी दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने नवंबर में भारतीय शेयरों में 378 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया. इसका मुख्य कारण अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट है. आंकड़ों के अनुसार, एफपीआइ ने अक्टूबर में 24,548 करोड़ रुपये और सितंबर में 14,767 करोड़ मूल्य की भारतीय इक्विटी की बिकवाली की थी. इससे पहले एफपीआई मार्च से अगस्त तक पिछले छह महीनों में लगातार भारतीय शेयर खरीद रहे थे. इस अवधि में 1.74 लाख करोड़ रुपये की खरीद हुई. कुल मिलाकर 2023 के लिए संचयी रुझान अच्छा बना हुआ है। इस वित्त वर्ष में अभी तक एफपीआई ने 96,340 करोड़ रुपये का निवेश किया है. यस सिक्योरिटीज इंडिया में इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज रिसर्च के रणनीतिकार हितेश जैन ने कहा, हमारा मानना है कि आने वाले समय में ईएम (उभरते बाजारों) में जोखिम उठाने की क्षमता में सुधार तथा अमेरिका में जोखिम-मुक्त प्रतिफल में गिरावट से एफपीआई भारत की ओर आकर्षित होंगे.

## टोयोटा को अगले साल 2023 की गति बने रहने की उम्मीद




**भाषा। नयी दिल्ली**

भारतीय यात्री वाहन बाजार की रफ्तार चालू वर्ष की तरह ही अगले साल भी कायम रहने की उम्मीद है. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कार्यकारी उपाध्यक्ष और भारत में प्रमुख विक्रम गुलाटी ने यह बात कही है. जहां 2024 में स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) में तेज वृद्धि देखने की उम्मीद है, वहीं मध्य से उच्च वर्ग वाले खंड में भी तेज गति देखी जाएगी. हालांकि, छोटी कारों की श्रेणी चिंता का विषय बनी रहेगी. अगले साल के दृष्टिकोण के बारे में पूछने पर गुलाटी ने पीटीआई-भाषा से कहा, मुझे लगता है कि बाजार बढ़ रहा है. यह बहुत अच्छे तरीके से बढ़ता रहेगा. हम उस हिस्से से काफी आगे निकल चुके हैं, जब लोग कह रहे थे कि मांग में दबाव है. त्योहारी सत्र में बहुत अच्छी तेजी देखी गई. उन्होंने कहा, इससे भी आगे, मुझे लगता है कि बुनियादी बातें अच्छी हैं. आर्थिक पूर्वानुमान के संदर्भ में हमारी अर्थव्यवस्था स्थिर बनी हुई है और बहुत अशांत माहौल के बीच भी बढ़ रही है. गुलाटी ने कहा कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया में होने वाली घटनाओं के झटकों के बावजूद हम काफी हद तक अछूते रहे हैं. यह अच्छा संकेत है.

**शेयर** इस सप्ताह नवंबर माह के फ्यूचर और ऑप्शन सौदों का कटान भी है, यह भी मार्केट में बड़ा उतार चढ़ाव ला सकता है

# 10 करोड़ को भी पार कर गई भारत में सीडीएसएल के डीमैट खातों की संख्या



**शशांक भारद्वाज**
वीपी च्वॉइस ब्रोकिंग

भारतीय शेयर मार्केट लघु अवधि में एक बड़ी उछाल अथवा गिरावट के मुहाने पर खड़े हैं. कारण है कुछ महत्वपूर्ण राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणाम आने हैं. 400 से 500 निफ्टी का ऊपर या नीचे विचलन संभव है. निवेशक दुविधा में दिख रहे हैं. तेजी के सौदे करें या मंदी के, क्योंकि चुनाव परिणाम के अतिरिक्त अन्य कारक आर्थिक विकास दर, विदेशी मुद्रा भंडार, कंपनियों की आय, विदेशी निवेश, विदेशी मुद्रा भंडार, घरेलू निवेशकों की संख्या में वृद्धि, म्यूचुअल फंड में बढ़ता निवेश आदि मार्केट में तेजी के पक्षधर हैं. यदि चुनाव परिणाम की अनिश्चितता नही माथे पर लटकी होती तो भारतीय शेयर मार्केट नई ऐतिहासिक ऊंचाइयों पर व्यापार कर रहे होते. यदि भाजपा का प्रदर्शन अच्छा रहता है तो बड़ी उछाल दिख सकती है, नहीं रहता तो एक घबराहटपूर्ण गिरावट भी आ सकती हैं. ऐसे में जिन शेयरों में बहुत अच्छा लाभ हो रहा, मूल्य बहुत अधिक हो ऊंची पीई पर हैं. उनमें कुछ शेयर बेच लाभ ले लेना चाहिए. वहीं निवेश संबधी बड़ा निर्णय चुनाव परिणाम के पश्चात ही लेना उचित लगता है. मार्केट पिछले सप्ताह, विशेषकर अंतिम दो सत्रों में बड़े बवंडर के पहले शांति का सा रहा.

गुरुवार को निफ्टी में मात्र 9.85 अंकों की कमी आई तो शुक्रवार को तो मात्र 7.3 अंको की, वो भी तब जब निफ्टी 19800 के निकट व्यापार कर रहा. शुक्रवार को तो दिन के उच्चतम तथा निम्नतम स्तर में 64 अंकों का ही अंतर रहा. संकेत यह कि न बड़े तेजड़िये न बड़े मंडाडिये बड़े सौदे का साहस कर पा रहे हैं. चूंकि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मतदान संपन्न हो चुके हैं. अतः मार्केट में चुनाव परिणामों को लेकर आकलन होंगे. इस आधार पर कोई मध्यम आकार की चाल भी दिख सकती है. अभी सट्टे के सौदों में स्टॉप लॉस रखना चाहिए या पुट कॉल ऑप्शन के माध्यम से हेज करके रखना चाहिए. भारतीय शेयर मार्केट के मूल कारक शक्तिशाली होते जा रहें हैं. इसे आप ऐसे समझें. भारत में सीडीएसएल के अंतर्गत डीमैट खातों की संख्या 10 करोड़ को भी पार कर गई. पिछला सप्ताह आईपीओ के धन लगाने की दृष्टि से ऐतिहासिक रहा. कुल मिलाकर 3.67 लाख करोड़ रुपए के आवेदन मिले. जो यह दर्शाता है कि उचित मूल्य पर अच्छे शेयरों के लिए कितनी बड़ी धनराशि उपलब्ध है.

**आइपीओ में एक सप्ताह में 3.67 करोड़ रुपये आ गए :** भारत में शेयरों में अभी अनुमानित कुल विदेशी निवेश 5.15 लाख करोड़ रुपए माना जा रहा है. आइपीओ में एक सप्ताह में 3.67 करोड़ रुपये आ गए. एक अर्थ यह भी लगाया जा सकता कि विदेशी निवेशक जिन्होंने वर्षों भारतीय शेयर बाजार की दिशा निश्चित करने में अपना आधिपत्य बना रखा था. अब घरेलू निवेशकों में उनका प्रतिकार करने की क्षमता तथा मनोभाव उत्पन्न हो चुका है.

शेयर मार्केट में उनका विश्वास एवं उत्साह सुदृढ़ होता जा रहा है. यह एक अत्यंत शुभ संकेत है. भारतीय शेयर मार्केट दीर्घ अवधि में बहुत अच्छा प्रदर्शन करने की शक्तिशाली आधारशिला बनाते जा रहे हैं. किसी कंपनी में निवेश करना एक प्रवर्तक का भाव होता है. भारतीय स्वभाव से व योग्यता से जन्मजात प्रवर्तक ही होते हैं. वे अपनी मूल प्रवृत्ति की ओर लौट रहें हैं. 10 करोड़ डीमैट खाते निवेश को एक सुदृढ़ आधार प्रदान करेंगे. भारतीय के संग्रह का बड़ा धन शेयरों में निवेशित होगा. यह भारतीय शेयर बाजार में आमूलचूल परिवर्तन है. बड़े परिवर्तन का प्रारंभ है. बड़ी खरीदारी या तो बड़ी गिरावट पर करनी उचित लग रही अथवा चुनाव परिणाम शेयर मार्केट के लिए अनुकूल आने पर करनी चाहिए. तब तक राजनीतिक अटकलबाजियों अधिक आनंद लीजिए.

इस सप्ताह नवंबर माह के फ्यूचर तथा ऑप्शन सौदों का कटान भी है।यह भी मार्केट में बड़ा उतार चढ़ाव ला सकता है

### यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत अच्छा होगा

वि यह माना जा रहा है कि बड़े स्तर पर वैश्विक कंपनिया भारत आ सकती हैं. यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत अच्छा होगा. एसबीआई ने वित्त वर्ष 23 -24 की दूसरी तिमाही में जीडीपी में 7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है जो कि आरबीआई के 6.5 प्रतिशत से भी अधिक है. पिछले सप्ताह विदेशी निवेशकों ने नकद संभाग में 1474 करोड़ रुपए की खरीदारी की. यह लगातार दूसरे सप्ताह खरीदारी है. उनके रुख में परिवर्तन का संकेत है. भले छोटा ही. स्टॉक फ्यूचर में एफआईआई में 2340 करोड़ की खरीदारी की. अर्थात वो शेयर विशेष पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं. इंडेक्स फ्यूचर में एफआईआई ने 506 करोड़ की खरीदारी की. संकेत, वो भी अभी इंडेक्स पर अनिश्चय की स्थिति में हैं. घरेलू संस्थागत निवेशकों ने विगत सप्ताह पांचों दिन खरीदारी की तथा 2110 करोड़ रुपये निवेश किए. एफआईआई तथा डीआईआई, दोनो की शुद्ध लिवाली दर्शाती है कि शेयर दुर्बल हाथों से सबल हाथों में गए हैं. ब्रेंट क्रूड 80.58 डॉलर प्रति बैरल है. डॉलर इंडेक्स में और भी दुर्बलता आई है तथा यह 103.42 पर आ गया. यूएस बॉन्ड टैक्स 4.47 है. अगर यह 4.35 के नीचे आ टिका तो फिर एक बड़ी गिरावट भी दिख सकती है. यह पूरे विश्व के प्रमुख शेयर बाजारों के लिया सकारात्मक ही होगा. यूएस में भी ब्याज दरों में वृद्धि के चक्र की समाप्ति की अवधारणा बन रही है.

### उत्सवधर्मी राष्ट्र, समाज तथा संस्कृति रहा है देश

भारत उत्सवधर्मी राष्ट्र, समाज तथा संस्कृति रहा है. उत्सव अर्थव्यवस्था को भी लगातार गतिमान रखते हैं. दिवाली संपन्न हुई है एवं व्यापारिक गतिविधियों के कीर्तिमान बने हैं. अत: कंपनियों के वित्तीय परिणाम और भी अच्छे आने की संभावना है. यह शेयर मार्केट को अधिक शक्ति प्रदान करेगा. विगत सप्ताह निफ्टी में 63 अंकों की बढ़त रही. तकनीकी आधार पर निफ्टी के 19911 के ऊपर बंद होने पर मंदी के सौदों में बड़ी कटान आने की संभावना है. शुक्रवार को निफ्टी ने 19810 से 19820 में मध्य आश्चर्यजनक रूप से बहुत अधिक समय बिताया. ऐसे में निफ्टी के 19820 के ऊपर निकल टिकने से भी अच्छी तेजी दिख सकती है. प्रमुख शेयरों रिलायंस इंडस्ट्री, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई, टाटा मोटर्स व आईटी शेयरों में तेजी हो रही है. प्रमुख बड़े वैश्विक ब्रोकरेज संस्थान भी भारतीय शेयर मार्केट में निवेश की सलाह दे रहे हैं. चीन की अर्थव्यवस्था में दुर्बलता के संकेत हैं. एक बड़ा वित्तीय संस्थान जेडईजी जिसका बड़ा निवेश संपत्ति क्षेत्र में है, वो संकट में है. यह भारतीय शेयर बाजार में आमूलचूल परिवर्तन है. बड़े परिवर्तन का प्रारंभ है. बड़ी खरीदारी या तो बड़ी गिरावट पर करनी उचित लग रही अथवा चुनाव परिणाम शेयर मार्केट के लिए अनुकूल आने पर करनी चाहिए.

# जलवायु बदलाव के खतरे

जलवायु के क्षेत्र में आ रहे बदलावों के जो खतरे हैं, उनके प्रति मानव समुदाय, सत्ताएं और जिसे विश्व जनमत कहते हैं लगातार उपेक्षा भाव बनाए हुए हैं. इतिहास से सबक नहीं लेने वाली कितनी ही सभ्यताएं विनाश झेल चुकी हैं. यदि कारपारेट जगत की लापरवाहियों और धनलिप्सा ऐसी ही बनी रही और सत्ताएं उनके ही अनुरूप नीतियां बनाती रहें तो तय है इस पृथ्वी को भयावह त्रासदी का सामना करना ही पड़ेगा. अब दुनिया के तमाम नीति तय करने वाले दुबई में 30 नवंबर को जमा हो रहे हैं तो क्या उनसे अपेक्षा की जा सकेगी कि पृथ्वी के आसन्न खतरों को ले कर वे कठोर निर्णय ले सकेंगे. दरअसल जलवायु परिवर्तन के सम्मेलनों में बड़ी से बड़ी चर्चाएं होती रही हैं, लेकिन सार्थक कदम अमीर देश नहीं उठाते हैं. इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि जलवायु परिवर्तन के गंभीर परिणाम दुनिया भुगत रही है. संयुक्त राष्ट्र की यह ताजा चेतावनी है कि अभी जो रफ्तार है, वह वैसा ही चलता रहा तो इस सदी के अंत तक धरती का तापमान औद्योगिक युग शुरू होने के समय की तुलना में तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका होगा. वैज्ञानिक दशकों से चेतावनी दे रहे हैं कि डेढ़ डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बढ़ोतरी का मतलब विनाश है. ऐसा होना शुरू हो चुका है. इसके बावजूद दुनिया में न सिर्फ सब कुछ यथावत चल रहा है, बल्कि अब तो दिशा भी पलट रही है. कोरोना महामारी और यूक्रेन युद्ध के बाद बनी परिस्थितियों में यूरोपीय देशों में भी वैसी ऊर्जा का चलन बढ़ने लगा है, जो पहले जलवायु की समस्या को लेकर अधिक संवेदनशील नजर आते थे. तो आखिर ऐसा कैसे और क्यों हो रहा है? हालांकि यह कोई नया तथ्य नहीं है, लेकिन एक ताजा अध्ययन रिपोर्ट ने इस पहलू को उजागर किया है. गैर-सरकारी संस्थाओं ऑक्सफेम और स्टॉकहोम एनवायरनमेंट इंस्टीट्यूट अपने अध्ययन से इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि दुनिया के सबसे धनी एक प्रतिशत लोग उससे भी ज्यादा कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं, जितना सबसे गरीब 66 फीसदी लोग करते हैं. इस अध्ययन में बताया गया है कि दुनिया के सात करोड़ 70 लाख लोग एक प्रतिशत अमीर की श्रेणी में आते हैं. इनमें अरबपतियों और करोड़पतियों के अलावा वे लोग शामिल हैं, जिनकी सालाना आय एक लाख 40 हजार अमेरिकी डॉलर (साढ़े 11 करोड़) से ज्यादा है. रिपोर्ट के मुताबिक कुल कार्बन उत्सर्जन में इस एक फीसदी आबादी का हिस्सा 16 प्रतिशत है. यह वह तबका है, जो असल में दुनिया पर राज कर रहा है- जो सारी नीतियों और निर्णयों को अपने मुताबिक ढलवाने में कामयाब रहता है. यह तबतक अपनी जीवन शैली पर कोई समझौता नहीं करना चाहता. रिपोर्ट में इसे कार्बन इलीट कहा गया है, जो एयरकंडीशंड माहौल में रहते हुए जलवायु परिवर्तन के प्रत्यक्ष परिणामों से बचा रहता है. जबकि उसकी करनी का असर वे आम लोग भुगत रहे हैं, जिनका उत्सर्जन में योगदान बेहद कम है.

> रिपोर्ट के मुताबिक कुल कार्बन उत्सर्जन में इस एक फीसदी आबादी का हिस्सा 16 प्रतिशत है. यह वह तबका है, जो असल में दुनिया पर राज कर रहा है- जो सारी नीतियों और निर्णयों को अपने मुताबिक ढलवाने में कामयाब रहता है.

## सुभाषित

**नीर क्षीर विवेके हंस आलस्यम् त्वम् एव तनुषे चेत् ।**
**विश्वस्मिन् अधुना अन्य: कुलव्रतं पालयिष्यति क: ॥**

अरे हंस, यदि तुम ही पानी तथा दूध भिन्न करना छोड दोगे तो दूसरा कौन तुम्हारा यह कुलव्रत का पालन कर सकता है ? यदि बुद्धिमान् तथा कुशल मनुष्य ही अपना कर्तव्य करना छोड दे तो दूसरा कौन वह काम कर सकता है?

# हम एक साथ बहुत कुछ हारे

**भारत में किया गया यह पूरा आयोजन विश्वकप के दूसरे आयोजनों से बहुत अलग था, क्योंकि इसमें खेल को राजनीति का हथियार बनाने की कोशिश की गई थी. यह क्रिकेट का विश्वकप कम, सत्ता का चुनाव-कप बन गया था और इसलिए पराजय से इसे उसी तरह सांप सूंघ गया जैसा चुनावी हार में होता है. सारे मैच कब, कहां और कैसे आयोजित किए जाएंगे, किन्हें माननीय अतिथि की तरह बुलाया जाएगा व किन्हें पूछा भी नहीं जाएगा, कैमरे को कब, क्या दिखाना है और क्या बिल्कुल नहीं दिखाना है.**



• देश-काल



कुमार प्रशांत

सभी दुखी हैं कि हम क्रिकेट का विश्वकप हार गए. मैं दुखी हूं कि हम क्रिकेट ही हार गए. मैच हारना और खेल हारना दो एकदम अलग-अलग बातें हैं. हार वक्ती होती है, पराजय का मतलब मन हारना होता है. हम मन से हारे हैं. अगर ऐसा न होता तो कोई कारण न था कि एक लाख से ज्यादा दर्शकों से भरा स्टेडियम इस कदर गूंगा बन जाता. जिन्होंने अपने नाम से इस स्टेडियम का नामकरण करवाया है, वे लगातार बेमतलब दहाड़ने के लिए विख्यात हैं, लेकिन इस विश्वकप में हमने उन्हें एकदम गूंगा पाया. वैसे फाइनल का खेल तो अच्छा ही हो रहा था. उतार-चढ़ाव से गुजर रहा था. खेल तो ऐसा ही होता है, लेकिन फेफड़े के जोर से विश्वगुरू बनने वालों की भीड़ को यह बताया नहीं गया था कि उसे जो तैयार पटकथा दी गई है, उससे अलग कुछ घटने लगे तो उसे क्या करना है. उसे जो नारे सिखाए गए थे, जो जयकारा रटाया गया था, वह सब यह मान कर कि हमारी जीत तो पक्की है. खेल से साथ खेल करने वालों का ऐसा ही हाल होता है.

कोई बताएगा तो नहीं, अन्यथा यह पूछा जाना चाहिए और इसका जवाब किसी को देना ही चाहिए कि मैदान के अलावा भारतीय टीम के कपड़ों का रंग किसने बदला व क्यों? और यह भी कि ऐसा करने वालों में कौन-कौन शरीक थे? खिलाड़ियों को भगवा पहनाने की यह सोच उसी मानसिकता में से पैदा हुई है, जो खेल की जीत को प्रधानमंत्री की और हार को खिलाड़ियों की जाति-धर्म का परिणाम बताती है. भारत में किया गया यह पूरा आयोजन विश्वकप के दूसरे आयोजनों से बहुत अलग था, क्योंकि इसमें खेल को राजनीति का हथियार बनाने की कोशिश की गई थी. यह क्रिकेट का विश्वकप कम, सत्ता का चुनाव-कप बन गया था और इसलिए पराजय से इसे उसी तरह सांप सूंघ गया जैसा चुनावी हार में होता है. सारे मैच कब, कहां और कैसे आयोजित किए जाएंगे, किन्हें माननीय अतिथि की तरह बुलाया जाएगा व किन्हें पूछा भी नहीं जाएगा, कैमरे को कब, क्या दिखाना है और क्या बिल्कुल नहीं दिखाना है, यह भी सत्ताधीश ही तय कर रहे थे. वीसा देने में ऐसी राजनीतिक मनमानी चली कि खेलने वाले देशों के दर्शक, विशेषज्ञ, पत्रकार आदि यहां आ ही नहीं सके. एक अंतरराष्ट्रीय आयोजन को पार्टी का आयोजन बना दिया गया. टीम राहुल द्रविड़ ने पूरे अभियान में एक अजीब रवैया अपनाया, जैसे जीत मुट्ठी में बंद कोई जुगनू है कि जो मुट्ठी खोलते ही उड़ जाएगा. यही राहुल द्रविड़ थे, जिन्होंने कोच बनने के बाद से भारतीय टीम का सही स्वरूप सुनिश्चित करने के लिए कितने ही खिलाड़ियों को आजमाया, उनका बैटिंग- क्रम बदला, कितनी रणनीतियां बनाई-बदलीं, खिलाड़ियों की निश्चित भूमिकाएं तय कीं और उन पर जोर डाला कि वे वैसी ही भूमिका में खेलें. ऐसा सब बार-बार करने के बाद वे 15 खिलाड़ी छांटे गए, जिनसे हर मैच की जरूरत के हिसाब से भारतीय टीम बनानी थी. लेकिन आस्ट्रेलिया के साथ हमारा पहला मैच जैसे ही संकट में पड़ा, और हम किसी तरह जीत सके, टीम राहुल को जैसे लकवा मार गया. उसने मैचों के हिसाब से कोई प्रयोग किया ही नहीं. जो टीम बन गई वही अंत तक बनी रही. वह तो हार्दिक पंड्या घायल हो गए तो मुहम्मद समी को टीम में जगह मिली. टीम जिस तरह लगातार जीतती गई, उसने सुरक्षित रहने का मानस बना दिया. आपने 'टीम में कोई परिवर्तन नहीं' का सूत्र भले बना लिया, स्थान, मैच, विपक्ष, खेल की मांग तो परिवर्तित होती रही. आपने कुछ भी बदलाव नहीं किया. अगर नाव को नदी के वेग से ही बहना था तो नाविक की जरूरत क्या थी?

अश्विन को पहले मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मौका मिला और हमेशा की तरह उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी की. अश्विन अपनी शैली के विश्व के नायाब स्पिनर हैं. उनकी हर गेंद विकेट लेने ही लपकती है. इसलिए आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने उनके सामने हर अनुशासन का पालन किया. अश्विन के हाथ उस मैच में एक विकेट लगा. इसके साथ ही अश्विन का खेल पूरा मान लिया गया, जबकि हम देख रहे थे कि कुलदीप व जाडेजा दोनों उतना प्रभाव पैदा नहीं कर पा रहे हैं और विपक्ष धीरे-धीरे उन्हें पढ़ता भी जा रहा है. इससे बचने के लिए भी जरूरी था कि अश्विन- कुलदीप-जडेजा की तिकड़ी को खूब फेंटा जाता.

ओपनिंग में आक्रामकता की रोहित- रणनीति बहुत मोहक थी, लेकिन हर गेंद पर छक्का! फाइनल में टॉस हारने के बाद भारत की रणनीति तो यही होनी चाहिए थी कि सावधानी से खेलते हुए ज्यादा-से-ज्यादा रन जमा करें हम ताकि उसके बोझ तले आस्ट्रेलियाई उसी तरह टूट जाएं जैसे न्यूजीलैंड टूटा था! हमें पता था कि विश्वकप में भारतीय पारी की रीढ़ रोहित के बल्ले से बनी है. रोहित अपनी लय में खेल भी रहे थे, फिर उस अंधाधुंधी का मतलब क्या था, जबकि उस ओवर में 10 से अधिक रन बन ही चुके थे? हम यह भी देख रहे थे कि आस्ट्रेलियाई भूखे चीते की तरह फील्डिंग कर रहे थे, तो विशेष सावधानी की जरूरत थी. रोहित के खेल में वह सावधानी नहीं दिखी. गिल जैसे शॉट पर आउट हुए वह टेस्ट स्तर का कोई बल्लेबाज फाइनल में मारेगा क्या? खेल तो खेल है लेकिन उसके पीछे एक योजना होती है जो खेल का चेहरा बदल देती है. फाइनल में वह योजना सिरे से गायब थी. तो हम चौतरफा हारे! हमें अब चौतरफा वापसी करनी होगी. पहले क्रिकेट लौटेगा, फिर सफलता भी लौटेगी.

## • बोधि-वृक्ष

अज्ञात



### अघमोचन-अघमोचन

एक अनपढ़ (गंवार) आदमी एक महात्मा जी के पास जाकर बोला ''महाराज ! हमको कोई सीधा-साधा नाम बता दो, हमें भगवान का नाम लेना है. महात्माजी ने कहा- तुम 'अघमोचन-अघमोचन' (अघ माने पाप, मोचन माने छुड़ाने वाला) नाम लिया करो .'' अब वह बेचारा गांव का गंवार आदमी 'अघमोचन-अघमोचन' करता हुआ चला तो पर गांव जाते-जाते 'अ' भूल गया. वह 'घमोचन-घमोचन' बोलने लगा.एक दिन वह हल जोत रहा था और 'घमोचन-घमोचन' कर रहा था, उधर वैकुंठ लोक में भगवान भोजन करने बैठे ही थे कि घमोचन नाम का उच्चारण सुन उनको हँसी आ गयी. लक्ष्मीजी ने पूछा-'प्रभू! आप क्यों हंस रहे हो? भगवान बोले- आज हमारा भक्त एक ऐसा नाम ले रहा है कि वैसा नाम तो किसी शास्त्र में है ही नहीं. उसी को सुनकर मुझे हंसी आ गयी है. 'लक्ष्मी जी बोलीं- प्रभू! तब तो हम उसको देखेंगे और सुनेंगे.' लक्ष्मी-नारायण दोनों उसी खेत के पास पहुंच गए. पास में एक गड्ढा था भगवान स्वयं तो वहां छिप गये और लक्ष्मीजी भक्त के पास जाकर पूछने लगीं- 'अरे, तू यह क्या घमोचन-घमोचन बोले जा रहा है?' उन्होंने एक बार, दो बार, तीन बार पूछा परंतु उसने कुछ उत्तर ही नही दिया. वह 'घमोचन-घमोचन' करते रहा, बोला ही नहीं. जब बार-बार लक्ष्मी जी पूछती रहीं तो अंत में उसको आया गुस्सा, बोला, 'जा ! तेरे पति का नाम ले रहा हूं, क्या करेगी.' अब तो लक्ष्मी जी डर गयी कि यह तो हमको पहचान गया. फिर बोलीं- 'अरे, तू मेरे पति को जानता है क्या? कहां है मेरा पति?' वह फिर झुंझलाकर बोला 'वहां गड्ढे में है, जाना है तुझे भी उस गड्ढे में..? लक्ष्मी जी समझ गयीं कि इसने हमको पक्का पहचान लिया. बोलीं प्रभू! बाहर आ जाओ अब छिपने से कोई फायदा नहीं है और तब भगवान निकलकर वहां आ गये और बोले 'लक्ष्मी! देख लिया, मेरे नाम की महिमा! यह अघमोचन और घमोचन का भेद भले ही न समझता हो, लेकिन यह जप तो हमारा ही कर रहा था. भगवान ने भक्त को दर्शन देकर कृतार्थ किया. कोई भी भक्त शुद्ध अशुद्ध टूटे फूटे शब्दों में भी भगवान का नाम लेता है, भगवान, का हृदय उससे मिलने को लालायित हो उठता है.

# खाद्य प्रसंस्करण की असीमित संभावनाएं

• फूड प्रोसेसिंग

जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में भारत को 'दुनिया की खाद्य टोकरी' के रूप में प्रदर्शित करने के उद्देश्य से दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया से यह स्वर उभरा कि भारत का खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) सेक्टर एक ऐसा उभरता उद्योग है, जिसमें पिछले नौ वर्षों में 50 हजार करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) हुआ है और भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 15 गुना से अधिक बढ़कर 12 लाख टन से दो सौ लाख टन हो गई है. देश के कुल कृषि निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है. प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात में 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई है.भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं. पहला, डेयरी क्षेत्र, दूसरा, फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीसरा, अनाज का प्रसंस्करण, चौथा, मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पांचवां, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ. सरकार द्वारा देश में खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के तहत इन पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं के विस्तार के लिए कई कदम उठाए गए हैं. छोटे फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को वित्त, तकनीक और अन्य तरह की मदद पहुंचाने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की 'केन्द्रीय प्रायोजित पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज योजना' आगे बढ़ रही है. इस योजना के तहत 2020-21 से 2024-25 तक 10,000 करोड़ रुपये के खर्च किए जाने सुनिश्चित किए गए हैं. इस योजना के तहत राज्यों की जिम्मेदारी है कि वे कच्चे माल की उपलब्धता का ध्यान रखते हुए हर जिले के लिए एक खाद्य उत्पाद की पहचान करें. ऐसे उत्पादों की सूची में आम, आलू, लीची, टमाटर, साबूदाना, कीनू, पेठा, पापड़, अचार, बाजरा आधारित उत्पाद, मछली पालन, मुर्गी पालन भी शामिल हैं. पिछले तीन वर्षों से वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के आधार पर चुने गए उत्पादों का प्रोडक्शन करने वाले उद्योगों को प्राथमिकता के आधार पर मदद दी जा रही है. हिमाचल प्रदेश से काले लहसुन, जम्मू-कश्मीर से ड्रैगन फ्रूट, मध्य प्रदेश से सोया दूध पाउडर, लद्दाख से सेब, पंजाब से कैवेंडिश केले, जम्मू से गुच्ची मशरूम और कर्नाटक से कच्चा शहद जैसे खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों का निर्यात तेजी से बढ़ रहा है. साथ ही अब मोटा अनाज जैसे खाद्य प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का निर्यात बढ़ रहा है.वहीं कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के अंतर्गत विभिन्न फलों, खाद्यान्नों और फूलों की खेती के लिये ईपीएफ का गठन किया गया है. मौजूदा 'कृषि-क्लस्टरों' को मजबूत करने और अधिक उत्पाद-विशेष वाले कलस्टर बनाने पर भी जोर दिया गया है. एपीडा को श्रीअन्न के प्रचार-प्रसार की जिम्मेवारी सौंपी है और उसके संसाधन बढ़ाए हैं. एपीडा ने एक कदम और बढ़ाते हुए श्रीअन्न की खपत और कारोबार को प्रोत्साहित करने के लिए श्रीअन्न ब्रांड का निर्माण किया है. रेडी टू ईट और रेडी टू सर्व के अनुकूल श्रीअन्न पर आधारित सैंपल और स्टार्टअप जुटाए जा रहे हैं, जो ज्वार-बाजरा, रागी एवं अन्य मोटे अनाजों से नूडल्स, बिस्कुट, ब्रेकफास्ट, पास्ता, सीरियल मिक्स, कुकीज, स्नैक्स एवं मिठाइयां आदि बना सकें, ताकि विश्व बाजार में निर्यात को बढ़ावा देने में सहूलियत हो सके.केंद्र सरकार ने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए 10,900 करोड़ रुपये आवंटन के साथ जो पीएलआई योजना लागू की है उससे मूल्यवर्धित खाद्य उत्पादों को बढ़ावा मिल रहा है. इसके तहत रेडी टू ईट और रेडी टू कुक, डेयरी क्षेत्र, फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, अनाज का प्रसंस्करण, मांस, मछली, पोल्ट्री प्रसंस्करण, उपभोक्ता वस्तुएं, पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ के विनिर्माताओं को उनकी निवेश और संवर्धित बिक्री की प्रतिबद्धता के आधार पर प्रोत्साहन दिया जा रहा है. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को प्रोत्साहन देने के इन कदमों के साथ-साथ सितंबर, 2020 में कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के लिए सुनिश्चित किए गए एक लाख करोड़ रुपये की वित्तपोषण सुविधा से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लाभान्वित होते हुए दिखाई दे रहा है. खाद्य प्रसंस्करण को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को बुनियादी ढांचे का दर्जा दे चुकी है. इससे सस्ते कर्ज के साथ निर्यात में प्रतिस्पर्धी माहौल बना है. साथ ही देश में वर्ष 2020 से शुरू की गई किसान ट्रेनें भी खाद्य प्रसंस्करण बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रही हैं.

> सरकार द्वारा देश में खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के तहत इन पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं के विस्तार के लिए कई कदम उठाए गए हैं. छोटे फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को वित्त, तकनीक और अन्य तरह की मदद पहुंचाने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की 'केन्द्रीय प्रायोजित पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज योजना' आगे बढ़ रही है.

# विकसित देशों की मनमानी से गहराता संकट

• सामयिकी

वीरेन्द्र कुमार

वर्ष 2015 के पेरिस समझौते के अंतर्गत पृथ्वी के तापमान को शताब्दी के अंत तक पूर्व औद्योगिक काल के औसत से 2 डिग्री सेल्सियस से काफी नीचे रखने का लक्ष्य था. प्रयास अगर हो सके तो इसे 1.5 सेंटीग्रेड तक सीमित करना था. चिंताजनक यह है कि 2023 में तापमान औसत बढ़ा ही है और 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड की यह सीमा भी टूटी है. संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस इस समय को जलवायु आपातकाल कहते हैं. दिल्ली सम्मेलन में भी गुटेरेस गत नौ सितम्बर, 2023 को संयुक्त राष्ट्रसंघ क्लाइमेट व एनवायरन्मेंट सेशन में चेता गये थे कि इस जलवायु आपदाकाल पर तुरंत काम किया जाना चाहिए. महासचिव लगातार कह रहे हैं कि अब और तेल निकालना बंद किया जाना चाहिए. नये तेल उत्पादन के लिये न तो लाइसेंस दिए जाएं और न ही फंडिंग की जानी चाहिए.गत वर्ष जारी राष्ट्रसंघ की यूनाइटेड एमिशन गैप रिपोर्ट के अनुसार पेरिस जलवायु समझौता प्रभावी रहे, इसके लिए 23 अरब टन कार्बन डाइआक्साइड की कटौती जरूरी है. अभी विभिन्न देशों के राष्ट्रीय स्तर पर तय सारे उत्सर्जन कटौतियों के शपथों को जोड़ा जाये तो कुल उत्सर्जन कटौती दो से तीन अरब टन की ही आती है. देशों ने अपने-अपने उत्सर्जन कटौती लक्ष्य आखिरी बार 2020 में घोषित किये थे. अब उन्हें यह 2025 में करना है.विकसित देशों में भी जलवायु बदलाव के कारण अप्रत्याशित बेमौसमी, बाढ़ें, लू के थपेड़े, तूफान आपदाएं आई हैं. किन्तु विकसित देश आज भी जीवाश्म ईंधनों के फेजआउट का समर्थन नहीं करते हैं. फेजडाउन की बात भी आधी-अधूरी ही होती है. अनुमानतः उत्तर के पांच मुख्य विकसित देश- अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया व नार्वे वो देश हैं, जहां 2050 तक आधे से ज्यादा नये तेल व गैस के कुएं खोदे जायेंगे. भारत व चीन में भी तेल व कोयला दोहन बढ़ोतरी पर है. विश्व बैंक ने भी हाल में ही इंडोनेशिया की एक बड़ी कोयला परियोजना को धन मंजूर किया है. पृथ्वी का तापमान लगातार वृद्धि पर है, इसलिये फॉसिल फ्यूल्स रोकने को लेकर वैश्विक जन दबाव भी बढ़ रहा है. आज पूरे विश्व में लाखों क्लाइमेट एक्टिविस्ट सक्रिय हैं. विश्व के राजनेताओं पर दबाव बनाने के लिए अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, दक्षिण पूर्वी एशिया में जीवाश्म ईंधन के उपयोग पर पूर्ण पाबंदी की मांग को लेकर प्रदर्शन व रैलियां निकाल, नये तेल व गैस के कुओं के खोदने का विरोध किया गया. सबसे ज्यादा चर्चित प्रतिरोध न्यूयार्क के रहे. संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा 20 सितम्बर, 2023 को यूएन मुख्यालय न्यूयार्क में आयोजित विशेष नई क्लाइमेट एम्बिशन समिट पर दबाव बनाने के लिए वहां 10 सितम्बर से ही मार्च टू एण्ड फॉसिल फ्यूल्स प्रदर्शन आरंभ हो गये थे. मिडटाउन व मैनहैटन में रैलियां हुईं. जो बाइडेन नये जीवाश्म ईंधन प्रोजेक्टों को अनुमति देने हेतु निशाने पर रहे.7 सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नगर न्यूयार्क में भी मार्च टू एण्ड फॉसिल फ्यूल्स आयोजित हुआ. इसको चार सौ वैज्ञानिकों व पांच सौ से ज्यादा संगठनों का समर्थन था. फिलहाल लग यही रहा है कि राजनेताओं पर इन दबावों का असर नहीं पड़ा. उलटे प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई हुई. न्यूयार्क में क्लाइमेट एक्टिविस्ट ही नहीं, संयुक्त राष्ट्र महासचिव भी अपनी नैतिक शक्ति का उपयोग कर राजनेताओं पर लगातार दबाव बढ़ा रहे थे. उन्होंने कहा कि नई क्लाइमेट एम्बिशन समिट में केवल वे ही नेता बोलेंगे जो पृथ्वी को बचाने के लिए गंभीर हैं. बड़े देशों को इस जलवायु विमर्श में आमंत्रित नहीं किया गया. इसमें चीन, अमेरिका व भारत सूचीबद्ध नहीं थे.विकसित देश टेक्नोलॉजी और आर्थिक स्थितियों के कारण फॉसिल ऊर्जा को त्यागने की बेहतर स्थिति में हैं. किन्तु वे ऐसा करने को तैयार नहीं हैं. विकसित देशों की संवेदनहीनता देख महासचिव गुटेरेस ने इन देशों को पृथ्वी को तोड़ने वाला कहा था.पोप फ्रांसिस भी कई सालों से पृथ्वी के हित में नैतिक ताकत बने हुए हैं. पोप 2015 के पेरिस समझौते के पहले ही तेल कम्पनियों व एक्टिविस्टों को जलवायु आपातकाल के प्रति चेता चुके थे. गत 4 अक्तूबर, 2023 को पोप फ्रांसिस ने कहा कि दुनिया को जलवायु संकट से निपटने के लिए बहुत बड़े बदलावों को करना होगा. निःसंदेह, 30 नवम्बर से 12 दिसम्बर, 2023 तक बड़े तेल उत्पादक यूएई की मेजबानी में दुबई होने वाली कॉप-28 को लेकर एक्टिविस्टों की चिंता बढ़ी है.

> भारत व चीन में भी तेल व कोयला दोहन बढ़ोतरी पर है. विश्व बैंक ने भी हाल में ही इंडोनेशिया की एक बड़ी कोयला परियोजना को धन मंजूर किया है. पृथ्वी का तापमान लगातार वृद्धि पर है, इसलिये फॉसिल फ्यूल्स रोकने को लेकर वैश्विक जन दबाव भी बढ़ रहा है. आज पूरे विश्व में लाखों क्लाइमेट एक्टिविस्ट सक्रिय हैं.

## मीडिया में अन्यत्र

# स्व-घोषित अराजक-पूंजीवादी

अर्जेंटीना के राष्ट्रपति के रूप में स्व-घोषित अराजक-पूंजीवादी जेवियर माइली की जीत, इस लैटिन अमेरिकी देश के चार दशकों के लोकतंत्र के एकदम से धुर दक्षिणपंथ की ओर मुड़ जाने का प्रतीक है. जब शुरुआती नतीजे आए, तो श्री माइली ने राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज की निवर्तमान वामपंथी सरकार में अर्थव्यवस्था (इकॉनोमी) मंत्री सर्जियो मस्सा के 44 फीसदी के मुकाबले 56 फीसदी मत हासिल किए थे. चुनाव अभियान के दौरान, श्री माइली ने दशकों से मध्यमार्गी-वाम 'पेरोनिस्ट' आंदोलन के वर्चस्व वाले राजनीतिक प्रतिष्ठान को 'सपाट' करने, केंद्रीय बैंक को 'उड़ा' देने और अर्थव्यवस्था का पुनर्निर्माण करने की कसमें खाई थीं. अर्जेंटीना के नेताओं ने ऐतिहासिक रूप से अर्थव्यवस्था को ठीक करने की कोशिश की है और असफल रहे हैं, लेकिन अर्जेंटीना के अपने मानक के अनुसार भी आज अर्थव्यवस्था बेहद ही खराब हालत में है. सालाना मुद्रास्फीति 140 फीसदी को पार कर गई है, जोकि दुनिया में सबसे अधिक मुद्रास्फीति में से एक है. इस देश की 40 फीसदी से ज्यादा आबादी गरीबी में जी रही है. और इसकी मुद्रा, पेसो, ऐतिहासिक निचले स्तर पर गिर गई है. एक डॉलर अब 1,000 पेसो के बराबर है, जो कि 2020 की शुरुआत में कोविड-19 के आने से पहले 80 पेसो के बराबर था. श्री माइली ने जहां आर्थिक संकट के लिए राजनीतिक प्रतिष्ठान और विशेष रूप से वामपंथियों पर हमला बोला, वहीं श्री मस्सा, जिनकी निगरानी में ताजा संकट सामने आया, एक असरदार जवाबी अभियान चला पाने में नाकाम रहे. माइली की जीत अमेरिकी महादेश में धुर दक्षिणपंथ के लिए एक प्रोत्साहन है. अमेरिका के डोनाल्ड ट्रम्प और ब्राज़ील के जायर बोल्सनारो के मुरीद, श्री माइली उन्हीं विचारों की वजह से राजनीतिक सुर्खियों में आए हैं जो उनके भविष्य के प्रशासन को लेकर चिंता पैदा करते हैं. वह अर्जेंटीना की मुद्रा की जगह अमेरिकी डॉलर को लाना चाहते हैं. उनकी मंशा गर्भपात पर प्रतिबंध लगाने की है. उनकी चाहत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को खत्म करने की है. वह सार्वजनिक शिक्षा को वाउचर प्रणाली में स्थानांतरित करना चाहते हैं. **(द हिंदू)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### अजिर/अजर

**एक** जैसे ध्वनि वाले दो शब्द कभी-कभी उलझन में डाल देते हैं. उनमें हैं ये शब्द अजर और अजिर. इन दोनों शब्दों का प्रयोग गोस्वामी तुलसीदास के रामचरित मानस में खूब हुआ है. जैसे मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहुं सो दसरथ अजिर बिहारी. इस चौपाई में बालक राम को अयोध्या के महाराज दसरथ का अजिर बिहारी यानी आंगन में विहार करनेवाला बताया गया है. इसी प्रकार सुंदर कांड के कथा प्रसंग में सीता माता अशोक वाटिका में हैं. वहां उन्हें ढूंढते हुए हनुमान पहुंच जाते हैं तो सीता माता उन्हें आशीर्वाद दे रही हैं-अजर अमर गुननिधि सुत होहू, करहुं बहुत रघुनायक छोहू. मतलब हे पुत्र तुम अजर अमर और गुणों के खजाना हो जाओ. श्री रघुनाथ जी तुम पर बहुत कृपा करें. इस चौपाई में सीता माता हनुमान को 'अजर' होने का आशीर्वाद देती हैं. इन दोनों चौपाइयों में हम 'अजर' और 'अजिर' दो शब्दों से परिचित होते हैं. केवल इकार की मात्रा अजर को अजिर बना देती है और इसका अर्थ बिल्कुल अलग हो जाता है. वर्धा सहित समस्त हिंदी शब्दकोशों में अजर का मतलब है, जिसे जरा या बुढ़ापा न आये. जो हमेशा एक जैसा ही बना रहे, परब्रह्म, देवता. आप सूर्य और चंद्रमा को भी अजर कह सकते हैं, क्योंकि उसके सामने सदियों से चराचर जगत के साथ लोग जन्म लेते हैं. बचपन से किशोरावस्था में और फिर किशोरावस्था से युवा अवस्था में पहुंच जाते हैं. फिर बुढ़ापा आ जाता है और एक दिन संसार से विदा हो जाते हैं. लेकिन सूर्य और चंद्रमा का रूप ज्यों का त्यों बना रहता है. अब चलते हैं 'अजिर' शब्द की ओर. 'अजिर' का जाना-पहचाना मतलब होता है आंगन. तभी तो गोस्वामी जी ने श्रीरामचंद्र को दशरथ का अजिर बिहारी कहा है. इसके अलावा अजिर का अर्थ संज्ञा पुल्लिंग के रूप में हवा, वायु, मैदान, खुली जगह, शरीर, मेढ़क तथा विशेषण के रूप में तेज, तीव्र, चंचल, चपल भी होता है.

# पीने वालों को पीने का बहाना चाहिए

• तीर-तुक्का

देवेंद्र भारद्वाज

सुरा और सुंदरी के बारे में हमेशा कसीदे पढ़े जाते रहे हैं. आज सिर्फ और सिर्फ शराब के बारे में ही बात करूंगा. कामगारों की बस्ती में मंदिर से 100 मीटर के घेरे में नशे की रसधारा निरंतर बह रही है. वहां देशी-विदेशी शराब की दुकान, भांग का ठेका, और बियर शॉप चारों आसानी से एप्रोचेबल हैं. जितना ऐश करना चाहो, कर सकते हो. एक भिखारी ने दिन भर ईश्वर, अल्लाह, और गॉड के नाम पर मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारे पर भिक्षावृत्ति का कार्य बड़ी लगन से किया. कोई भक्त ऐसा न मिला, जो उसे उन्मुक्त होकर उसे भिक्षा देता और दुआयें लेता. भिखारी निराश था. शाम तक 100 रुपये भी इकट्ठे न कर पाया तो उसने शार्ट ड्यूरेशन में निर्णय लिया और स्थान परिवर्तन करके नशे की रसधारा के केंद्र में जा बैठा. ऑलमाइटी गॉड के नाम पर 500 रुपये फटकारने में कामयाब हो गया. एक रसरंजक तो लड़खड़ाते हुए पास आया और 100 का नोट उसकी ओर बढ़ाने लगा. उसे लगा कि या तो वह अधिक नशे में है या फिर मजाक कर रहा है. उसे अचंभे से देखते हुए भिखारी ने इनकार कर दिया. नोट लेने में उसे संकोच हो रहा था. लेकिन नोट देने वाला जिद्दी था. वह नोट देकर ही माना. भिखारी नतमस्तक हुआ और दिल-ही-दिल बोला, या परवरदिगार! आप भी आजकल रोमिंग पर रहते हो, स्थाई पते पर रहते ही नहीं. घर कहीं, पर रहते वहां नहीं. क्षेत्रीय कूड़ाघर, बगल में कार्यशाला का बहता हुआ नाला. कूड़े के ढेर से सटी हुई देशी दारू की दुकान. बड़े-बड़े अक्षरों में बोर्ड लगा- यही है मधुशाला. बैठने की व्यवस्था और देसी यानी कि घड़े का ठंडा पानी. अंदर का नजारा कुछ यूं था- पत्थरों की टेबल पर गिलास, बोतल और नमकीन (चखना) रखने की व्यवस्था. पत्थर की पटियों और रेत-मिट्टी के ढेर पर इत्मीनान से बैठकर शराब को गले में उंड़ेलते सुरा प्रेमी, बहकी-बहकी बातें करते हुए. कुछ इधर की और कुछ उधर की. तीन-चार जगहों पर रखे हुए खुले मुंह के घड़े, जिनमें पानी कम मच्छर ज्यादा. आस-पास लोटते सुअर और आस लगाए ताकते कुत्ते. एक ही प्लेटफार्म पर सुअर, शराबियों और कुत्तों का सौहार्दपूर्ण सह अस्तित्व की अनूठी मिशाल पेश करता माहौल. शायद, यही है यूनिटी इन डाइवर्सिटी. कसैली शराब की तेज बू, कच्चे फर्श पर फैला गंदा पानी, खाली बोतलों के ढेर, बीड़ी और सिगरेट का मिलाजुला धुआं वातावरण को और भी रहस्यमय बना रहा था. देशी दारू के प्रेमियों की विदेशी मदिरा पर चर्चा सुनकर मेरे कुछ मुगालते दूर हुए.




# प्रकाश पर्व



**संत- महात्मा,पीर- पैगंबर, ईश्वर के द्वारा भेजे गए विशेष उपहार होते हैं जिनका जन्म मानवता के उद्धार के लिए होता है. उनका जीवन, उनके आदर्श युगों-युगों तक प्रेरणा स्त्रोत बने रहते हैं. ऐसे ही एक अवतार के रूप में ईश्वर ने गुरु नानक देव जी को लोक सेवा हेतु धरती पर भेजा.**

## सतगुरु नानक परगटिया मिटी धुंध जग चानन होआ



डॉ सुरिंदर कौर नीलम

सन् 1469ई. में कार्तिक पूर्णिमा के दिन लाहौर के ननकाना साहिब में पिता मेहता कालू जी के घर नानक देव का प्रकाश हुआ. मां तृप्ता की कोख से जन्म लेने वाले इस बालक के नूर की चर्चा चारों ओर फैल गई. परिवार के पुरोहित पंडित हरिदयाल जी ने कुंडली देखकर बताया कि अद्भुत प्रतिभा का स्वामी यह बालक भविष्य में समूची मानवता का उद्धार करेगा. पांच साल की उम्र में ही नानक जगत, जीवन, ईश्वर,आत्मा जैसे गूढ़ विषयों पर रहस्यमई बातें करने लगे. नौ वर्ष की आयु में पिता ने कुल मर्यादानुसार वैदिक रीति से यज्ञोपवीत संस्कार करने के लिए कुल पुरोहित को बुलवाया. वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ यज्ञोपवीत धारण करने के समय नानक ने इनकार कर दिया. पंडित जी ने सहज भाव से समझाया कि यह हिंदू धर्म की निशानी है जिससे तुम्हें लोक- परलोक में प्रतिष्ठा प्राप्त होगी. नानक ने मुस्करा कर कहा- "कपास से बना यह जनेऊ तो शरीर के साथ ही जल जाएगा, मुझे ऐसा जनेऊ पहनाओ जिसकी दया रूपी कपास हो. संतुष्टि का धागा हो और संयम की गांठें हों. जो मेरे साथ परलोक तक पहुंच सके." ऐसे कई प्रसंग हैं जिनसे नानक की आंतरिक शुद्धता और सामाजिक बदलाव की उत्कृष्ट सोच बाल्यकाल से ही दृष्टिगोचर होती है.

### सामाजिक जीवन

नानक को वैराग्य की ओर झुकता देख पिता ने 18 वर्ष की आयु में उनका विवाह सुलखणी नाम की कन्या से करवा दिया. गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी वे प्रभु भक्ति से जुड़े रहे. श्रीचंद एवं लक्ष्मी चंद दो पुत्रों के पिता बने. तत्कालीन सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियां नानक को उद्वेलित करने लगीं. उन्होंने विभिन्न धर्मों की एकता के महत्व को भी समझा. गुरु नानक देव जी कोई नया संप्रदाय नहीं बनाना चाहते थे लेकिन उनके व्यक्तित्व एवं उपदेशों से प्रभावित होकर उनके शिष्यों की संख्या बढ़ती गई जो बाद में सिख कहलाए. सिख शब्द "शिष्य" का ही अपभ्रंश रूप है जिसका अर्थ होता है अनुयायी. आगे चलकर यही धर्म सिख धर्म कहलाया जिसे दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की संज्ञा दी.

गुरु नानक देव जी की महानता यह नहीं कि उन्होंने सिख धर्म की नींव डाली बल्कि वे इसलिए महान हैं कि उन्होंने तत्कालीन समाज में व्याप्त विसंगतियों को रेखांकित करते हुए अन्याय का डट कर सामना किया. एक उच्च कोटि के साहित्यकार के रूप में उनकी ख्याति इसलिए भी बढ़ गई कि उन्होंने मध्ययुगीन भक्ति परंपरा को नये तेवर दिए. तत्कालीन मुगल साम्राज्य के जुल्मों को उन्होंने अपनी सरल भाषा में लिखे सादगीपूर्ण काव्य से दृढ़ता से प्रतिकार किया. एक शक्तिशाली शासक वर्ग का इतना निर्भीक व प्रखर विरोध भारतीय इतिहास में दुर्लभ है.

### जीवन दर्शन

गुरुजी के दर्शन का आधार अनुभवजन्य ज्ञान था अपनी उत्कृष्ट रचना जपु जी के द्वारा उन्होंने अपना दार्शनिक दृष्टि कोण प्रारंभ किया एवं एक ओंकार पर अपने दर्शन की नींव रखी. उन्होंने मूल मंत्र दिया-- एक ओंकार, सतनाम, करतापुरख, निरभौ, निरवैर, अकाल मूर्त्त, अजूनीं, सैभंगअर्थात, ईश्वर एक है, वह सत्य है, वह सृष्टि का कर्ता है, उसे किसी का डर नहीं, उसे किसी से वैर नहीं, उसका कोई स्वरूप नहीं, वह पैदा नहीं होता, उसे गुरु कृपा से ही प्राप्त किया जा सकता है. उस चेतन शक्ति को पहचान कर गुरु जी ने यह अनुभव किया कि सभी जीवों में उसी परम ज्योति का अंश है उसी के प्रकाश से सभी आलोकित हैं, उसे पहचानने के लिए उसके बनाए गए मनुष्यों से प्रेम करना चाहिए.

अपने भक्ति अभ्यास में उन्होंने स्वीकार किया कि शरीर के नौ दरवाजे बाहर की ओर खुलते हैं पर दसवां दरवाजा अन्दर की ओर खुलता है उसी से परम ज्योति के दर्शन होते हैं और सच्चा आनंद प्राप्त होता है. गुरु जी का दार्शनिक उपदेश है कि मनुष्य पंच विकारों में फंस कर अपना जीवन नष्ट कर लेता है, मनुष्य को चाहिए कि वह अपनी इंद्रियों को वश में रखे, जीवों पर दया करे, बुरी आदतों का त्याग करें, किसी का अधिकार न छीने, अपनी आत्मा को शुद्ध रखे, तभी वह परम ज्योति के दर्शन कर,सुखी जीवन व्यतीत कर सकता है.

गुरु जी ने कहा कि मोह को जला कर उसकी स्याही बनाओ, बुद्धि को श्रेष्ठ कागज़, भावों को लेखनी और चित्त को लेखक बनाओ.



### तीन मूलभूत सिद्धांत

**पहला**- नाम जपना अर्थात ईश्वर की आराधना करना.
**दूसरा**-किरत करनी अर्थात मेहनतऔर ईमानदारी की कमाई करना.
**तीसरा**- वंड छकना अर्थात बांट कर खाना,दीन दुखियों की मदद करना.

### चरित्र निर्माण

गुरु नानक ने लोगों को सर्वप्रथम चरित्र निर्माण का उपदेश दिया, जिसका अभिप्राय था कि वे जीवन के उतार चढ़ाव में ठोकर खाकर पथभ्रष्ट न हो जाएं.

### स्त्री सम्मान

गुरु जी ने कहा कि नारी सृष्टि की जननी है. बड़े - बड़े राजाओं, महापुरुषों का जन्म नारी की कोख से ही होता है. उसे बुरा कहने का हक किसी को भी नहीं है.

### चार उदासियां

**लोक सेवा हेतु पूरे विश्व की पैदल यात्राएं उन्होंने चार चरणों में कीं जिन्हें चार उदासियां कहा जाता है.**

**पहली यात्रा**
सन् 1497 से 1501 ई. तक जिसमें वे हिंदू तीर्थ स्थलों, कुरुक्षेत्र, हरिद्वार, वृंदावन, बनारस, जगन्नाथ पुरी इत्यादि धार्मिक केंद्रों पर गये और लोगों को व्यवहारिक रूप से उपदेश दिए.

**दूसरी यात्रा**
सन् 1510 से 1515 ई. तक दक्षिण की ओर थी जिसमें गुरु जी ने सुमेर पर्वत,जैन व बौद्ध धर्म से संबंधित स्थलों का भ्रमण किया एवं श्रीलंका तक गये.

**तीसरी यात्रा**
सन् 1515 से 1517 ई. तक जिसमें गुरु जी जम्मू-कश्मीर, श्रीनगर, कैलाश मानसरोवर आदि हिमालय की श्रृंखलाओं एवं तिब्बत तक पहुंचे.

**चौथी यात्रा**
सन् 1517 से 1521 ई. तक मुसलमानों के पवित्र स्थानों की यात्रा की जिसमें गुरु जी मक्का मदीना, इराक़, ईरान अफगानिस्तान आदि देशों में गये.

### गुरु ग्रंथ साहिब जी ही गुरु

सिख धर्म में दस गुरुओं को गुरुपद, उनकी वंश परम्परा से नहीं बल्कि योग्यता के अनुसार प्राप्त हुआ. अंतिम एवं दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी ने शरीरधारी गुरु परंपरा समाप्त कर, गुरु ग्रंथ साहिब जी को गुरु मानने का आदेश दिया. उसी अनुसार वर्तमान में सिखों के गुरु ग्रंथ साहिब जी हैं. गुरु ग्रंथ साहिब जी में केवल छः गुरुओं की वाणी दर्ज है. इसके अलावा 1430 पृष्ठों के इस ग्रंथ में सभी जाति -धर्मों के अन्य 36 भक्तों, संतों और महापुरुषों की वाणी गुरुपद के रूप में वंदनीय है. सिख-धर्म में वर्तमान में गुरु कोई व्यक्ति नहीं बल्कि "गुरुवाणी" है, जिसके पथ प्रदर्शन में प्रभु भक्ति और जीवन यापन का मार्ग प्रशस्त हो कर सभी कार्य सफल होते हैं. गुरु जी ने जाति नहीं,कर्म को प्रधानता दी. ऊंची जाति के वही हैं जो शुभ कार्य करते हैं. गुरु जी के दार्शनिक उपदेश मानवता का संदेश देते हैं. उन्होंने देश की सामाजिक, राजनैतिक विषमताओं को दूर कर हिंदू मुस्लिम एकता स्थापित कर प्रेम का बीज बोया. उन्होंने जिस खूबसूरती से अपने अभिनव दर्शन का प्रतिपादन किया वह समय की आवश्यकता थी और तत्कालीन परिस्थितियों के अनुरूप उनके उपदेशों ने गहरा प्रभाव डाला. आज के सामाजिक परिवेश में पुनः आवश्यकता है गुरू जी के उपदेशों को आत्मसात करने की ताकि देश की एकता और अखंडता को अक्षुण रखा जा सके.

## एक क्रूर बादशाह का हृदय परिवर्तन

**श्री गुरुनानक देव जी के जीवन में चार उदासियों ( यात्राओं) का जिक्र आता है. उन्होंने हजारों मील पैदल यात्रा चारों दिशाओं में की.**



गुरमीत सिंह मीत जरमसतपुरी
चंदवा लातेहार

1519 ई. से लेकर 1521 ई. तक गुरु साहिब पश्चिम की ओर अरब देशों में गए. इस चौथी उदासी में गुरु साहिब मिस्र देश की राजधानी काहिरा में गए तो पता चला कि काहिरा का बादशाह हामिद अपनी प्रजा पर बहुत ज्यादा अत्याचार करता है. अपनी ही जनता को लूटने के लिए तरह-तरह के कर लगा रखे हैं. जब गुरु साहब को पता चला तो उन्होंने उसे सुधारने की ठान ली. गुरु साहिब अपने सेवक भाई मरदाना जी के साथ बादशाह के महल के बाहर एक बाग में बैठकर कीर्तन करने लगे. कीर्तन की मधुर आवाज़ सुनकर बादशाह ने अपने अहिल्कारों को हुक्म दिया कि पता करो कि इतना मधुर संगीत कौन बजा रहा है. थोड़ी ही देर में अहलकार ने आकर बताया कि बादशाह सलामत कोई फकीर आए हुए हैं. बादशाह ने कुछ उपहार की लालच में फकीर से मिलने की सोची. बादशाह गुरु नानक साहिब के पास पहुंचे. गुरु नानक साहिब जी परमात्मा की भजन बंदगी कर रहे थे. बादशाह ने गुरु साहब को सलाम किया और अपने बारे में बताया. बादशाह ने गुरु साहब कुछ उपहार मांगा. गुरु नानक साहब ने अपने कपड़ों वाली गठरी से एक सुई धागा निकला और बादशाह को देते हुए कहने लगे, हे बादशाह यह हमारी अमानत है. अपने पास रखना हम आपसे दरगाह में लेंगे. भाव कि मरने के बाद दरगाह में लेंगे. बादशाह जब वापस अपने महल पहुंचे तो उन्होंने अपनी बेगम को गुरु साहब द्वारा दिया गया सुई धागा थमा दिया और कहा इसे संभाल का रखना. गुरु साहिब अगले जन्म में हमसे लेंगे. बेगम बहुत बुद्धिमान थी. बादशाह को कहा कि दरगाह में तो यह शरीर भी नहीं जाएगा. कुछ भी नहीं जाने वाला तो फिर यह सुई धागा लेकर आप कैसे जाएंगे और नानक शाह फकीर को यह उनकी अमानत आप कैसे वापस करेंगे. यह सुनकर बादशाह अपनी बेगम को लेकर वापस गुरु साहिब के पास पहुंचा और सुई धागा गुरु साहब को वापस देते हुए कहा कि आप यह बताएं कि जब हम मरेंगे तो मेरा तो शरीर भी साथ नहीं जाएगा तो यह सुई धागा मैं दरगाह में आपको कैसे दूंगा! गुरु नानक साहिब बादशाह की यह बात सुनकर जवाब दिया कि आप यह सुई धागा मरण उपरांत अपने साथ दरगाह में नहीं ले जा सकते तो अपनी ही जनता ऊपर तरह-तरह के अत्याचार करके कई तरह के कर लगाकर जनता से जो आपने धन दौलत अर्जित की है, यह कैसे लेकर जाओगे. रोते हुए बादशाह गुरु साहब के चरणों में गिर पड़े. गुरु साहब ने कारूं बादशाह को कंधों से पकड़ कर ऊपर उठाया और उपदेश देते हुए कहा हे बादशाह अपनी प्रजा को खुश रखना ही एक सच्चे बादशाह का राजधर्म है. मोहमाया त्याग कर एक सच्चे बादशाह का धर्म निभाओ. लौट कर बादशाह ने धन दौलत अपनी प्रजा में बांट दिया.

## गृहस्थ और दार्शनिक गुरु नानक देव जी



परमजीत सिंह धामी, भुरकुंडा

गुरु नानक ने गृहस्थ जीवन जीते हुए दार्शनिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया और व्यवहारिक रूप में अपने उपदेशों को लोगों तक पहुंचाया. सामाजिक एकता को बढ़ावा देने हेतु इन्होंने संगत, पंगत, लंगर, कथा और कीर्तन की परंपरा चलाई. इनके दो शिष्य भाई बाला और भाई मरदाना हमेशा इनके साथ रहते थे.

सन् 1507 ई में गुरुजी वेईं नदी में स्नान करने गए तो तीन दिनों बाद निकले और उच्चारण किया - न हिन्दू न मुसलमान. दिव्य ज्ञान और साधना प्राप्त होने पर उन्होंने मूलमंत्र की रचना की जिससे गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रारंभ हुआ है.


"एक ओंकार सतनाम करता पुरख निरभौ
निरवैर अकाल मूरत अजूनी सैभं गुर प्रसाद"

एक ईश्वर के सिद्धांत पर बल देते हुए उन्होंने अपने दर्शन में "प्रभु नाम जपना" को आधार मानते हुए कहा कि सारी सृष्टि "नाम" द्वारा ही बनी है और "नाम" ही मनुष्य को कष्टों से मुक्ति दिलाकर सांसारिक भवसागर से पार करा सकता है.

"जेता कीता तेता नाउ
बिन नामै नांही को थाउ"

नाम जपने से जन्मों का अंधकार दूर हो, हृदय शुद्ध हो जाता है. नाम के बिना शांति और तृप्ति प्राप्त नहीं होती.

"राम नाम बिन मुक्त न होई।
राम नाम बिन शांत न आवै,
राम नाम बिन तृप्त न आवै।।



विश्वबन्धुत्व की भावना स्थापित करने के लिए उन्होंने चार भागों में पूरे विश्व की यात्राएं की. एक बार गुरु जी मक्का मदीना गए. थके हुए थे और काबे की ओर पैर करके लेट गए. काजी ने आकर कहा कि आप काबे की ओर पैर करके लेट गए हो. पैर दूसरी ओर घुमा लें. गुरु जी ने कहा कि जिधर काबा नहीं है उधर मेरे पैर कर दो. काजी पैर पकड़कर घुमाने लगा तो जिधर पैर करता उधर ही काबा नज़र आता. काजी पैरों पर गिर पड़ा.

वर्तमान परिवेश में गुरु जी के संदेश और उपदेश प्रासंगिक हैं. आज भी राष्ट्रीय एकता और अखंडता की स्थापना हेतु गुरु जी की शिक्षाओं को जीवन में धारण करने की आवश्यकता है.

## चट्टान से निकलने लगा मीठा पानी



मोना बग्गा
हजारीबाग

गुरु नानक देव जी जी मानवता के गुरु जिन्हें हर धर्म के लोग अपने अपने तरीके से पूजते हैं. कोई उन्हें पीर बुलाता है तो कोई उन्हें संत. इस संत के अनोखे चमत्कार समाज और जग कल्याण के लिए हमेशा राह दिखाते रहे हैं. ऐसा ही एक वाक्या इनकी दूसरी यात्रा 1510 से 1514 के दौरान का है. नांदेड़ से हैदराबाद और फिर गोलकोंडा से होते हुए वो बीदर पहुंचे वहां उनके आने की खबर मिलते ही मुस्लिम पीर जलालुद्दीन और याकुब अली भी उनसे मिलने आए. जन्म साखियों के अनुसार नानक देव जी अपने साथी मर्दाना जी के संग बीदर के बाहरी इलाके में रूके. पास ही मुस्लिम फकीरों की काफी बस्तियां थी. लोग उनसे मिलने जा रहे थे. तभी उन्हें बताया गया कि यहां पानी की बड़ी समस्या है. कुआं की खुदाई करने पर पानी या तो गंदा निकलता है या खारा. तब गुरु जी ने "सत करतार का उच्चारण" कर अपने खराऊ से एक चट्टान को धकेला. जैसे ही नानक देव जी के पांव वहां लगे पानी चट्टान से फूट पड़ा. लोग इस चमत्कार को देख दंग रह गए. जब लोगों ने वह पानी पिया तो वहां मीठा और ठंडा था. आज भी वहां ठंडे पानी का वो झरना बहता है जो "नानक झिरा" के नाम से प्रसिद्ध है.

वहां पहाड़ियों के बीच बहुत सुंदर गुरुद्वारा स्थित है जहां मैं भी माथा टेक कर आई और वहां के मीठे जल का प्रसाद छका. वहां मैंने मुस्लिम स्त्रियों को भी दर्शन करते देखा जो मेरे लिए भी बड़े आश्चर्य की बात रही.

## गुरुनानक जी के उपदेशों में मानवता



पद्मा मिश्रा
जमशेदपुर

परम आदरणीय गुरुनानक देव जी को मैं सिखों के प्रथम गुरु के रूप में समादृत करने की अपेक्षा एक आदर्श नैतिक मूल्यों को आत्मसात और परिभाषित करने की सीख देने वाले महान उपदेशक के रुप में आदर सम्मान करती हूं. उनकी शिक्षाएं आज के सामाजिक संदर्भों में भी समसामयिक और प्रासंगिक है. आज जहां सारा विश्व जाति, धर्म, संप्रदाय और वर्ग के नाम पर अपने अपने अलग ईश्वर को गढ़ने और उन्हें परिभाषित करने में व्यस्त हैं वहीं गुरुनानक देव जी ने यह बताया कि ईश्वर एक है, और वो विभिन्न रुपों में नहीं बल्कि हमारी आत्मा का अंग है.

अवल अल्लाह नूर उपाया/ कुदरत के सब बंदे/एक नूर ते सब जग उपजिया/ कोउ भले कोई मंदे उस नूर से सारा संसार प्रकाशित हो रहा है, लोगों के दिलों का अंधेरा दूर हो रहा है, वह हमसे अलग कहां! वह हममें ही है, फिर विवाद कैसा? उनका एक ही नारा इक ओंकार, समाज की आंखें खोल सकता था. यहां पर गुरुनानक और कबीर आदर्शों और जीवन मूल्यों के एक ही धरातल पर खड़े दिखाई देते हैं. दोनों के ही मन में समाज में व्याप्त बुराइयों और विषमताओ को समूल नष्ट करने की ललक थी. दोनों ने पाखंड, मिथ्याचार एवं जातिवाद का विरोध किया. निराश भारतीयों में भक्ति मार्ग द्वारा उत्साह का संचार किया. लेकिन कबीर की वाणी थोड़ी तीखी थी, जबकि नानक देव की वाणी में नम्रता एवं मिठास अधिक थी. कबीर साहब की शिक्षा भारत तक सीमित रही, परंतु नानक ने दूर देशों में भी जाकर एक परमात्मा एवं मानव एकता पर जोर दिया. यहां तक कि मक्का में भी उन्होंने काबा के पुजारियों को यह शिक्षा दी कि ईश्वर सर्वत्र है. भारत के प्राचीन



वेदांत दर्शन के अनुसार, नानक ने भी आत्मा को परमात्मा का ही अंश माना. शायद यही कारण है कि गुरुनानक देव जी की जयंती पर कार्तिक पूर्णिमा के दिन प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है, जिसके उपदेशों से मानव मन का अंधेरा दूर हो और जीवन में ज्ञान का प्रकाश ही प्रकाश फैल जाए.

उन्होंने बताया कि श्रम और मेहनत से कमाई गई रोटी बहुत अनमोल होती है, क्योंकि उसमें ईमानदारी है. आपके श्रम का पसीना है. उससे बड़ा सुख संसार में कोई हो ही नहीं सकता. लोभ मोह को त्याग कर अपने श्रम की पूजा करने वाला ही सच्चा इंसान हैं.

यह जीवन के अनुभवों से जुड़ी बातें हैं, जिन्हें हम अपने आसपास देखते हैं, सीखते हैं. कोई भी सिख भीख नहीं मांगेगा, वह श्रम की रोटी खाना पसंद करता है, गुरुनानक जी के उपदेश ही उनका धर्म है. वे जीवन भर लोगों को यही बताते रहे कि पूरी मानव जाति एक ही है. इसे रंग, भाषा, नस्ल, धर्म, जाति एवं प्रदेश के साथ जोड़ना ठीक नहीं है. इसी कारण गुरुद्वारों में लंगर, यानी सामूहिक भोजन करवाने की परंपरा है. लोगों के जूठन और जूते भी साफ करते हैं. आपके साथ बैठकर भोजन करने वाला व्यक्ति एक उच्चतम अधिकारी या मंत्री भी हो सकता है और एक नितांत अकिंचन गरीब भी. इस परंपरा में अपने पद की गरिमा और अहंकार के लिए कोई जगह नहीं है.

नानक कहते थे कि सिर्फ जात-पांत ही नहीं, स्त्री-पुरुष में भी भेद करना मानव समानता में बाधक है. नानक देव ने उन अच्छाइयों पर जोर दिया, जिससे समाज को ऊंचा उठाने में मदद मिले. एक तरह से उनके उपदेशों में केवल दर्शन नहीं एक आचार शास्त्र हैं, निम्नलिखित आचरण पर उन्होंने सर्वाधिक जोर दिया- आत्मनिर्भरता, बांट के खाना, दया, विवेक-विचार, विद्या और नम्रता. आज जो हमारे देश की स्थिति है, उसमें नानक देव के उपदेश अधिक प्रासंगिक हैं.

## समाज सुधारक गुरु नानक देव जी



डॉ हरमिन्दर वीर सिंह, रांची

सिख - धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देव जी का जब इस धरा पर आगमन हुआ, धार्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक अवस्था अत्यंत दयनीय थी. झूठ, अपराध, द्वेष, धोखाधड़ी, लालच जैसी ताकतों की जड़ें गहरी हो चुकी थीं. छुआछूत और जातिवाद का रोग भयंकर रूप से फैल चुका था. ऐसे माहौल में गुरु जी के आगमन को भाई गुरदास जी ने इन शब्दों में प्रस्तुत किया है-

"सुणी पुकार दातार प्रभु, गुरु नानक जग माहि पठाया।।"

गुरु नानक जी के समय धर्म प्रचारक स्वयं धर्म से कोसों दूर थे. उस काल में काजी, ब्राह्मण और जोगी मिलकर लोगों को गुमराह कर रहे थे जिसका जिक्र गुरु जी ने अपनी वाणी में किया है -

"कादी कूड़ बोलि मल खाय, ब्राह्मण नावै जीआं धाय।
जोगी जुगति न जाणै अंध,तीने उजाड़े का बंध "

आर्थिक अस्थिरता के कारण हाहाकार मचा हुआ था. शासक अपने कर्तव्यों को भूलकर प्रजा को लूट रहे थे-

"कलि काती राजे कसाई,धरम पंख कर उड रिहा।।"

समाज में व्याप्त न्याय हीन वर्ण व्यवस्था के अंतर्गत लोग अलग - अलग जातियों में बंटे हुए थे. गुरु जी ने उपदेश देते हुए कहा कि ऊंच-नीच, जाति - पाति, छुआछूत आदि के भेदभाव करना व्यर्थ है. जन्म या जाति के आधार पर कोई मनुष्य बुरा नहीं बल्कि कर्मों के आधार पर अच्छे बुरे की पहचान होती है.

"जाति जन्म न पूछिए सच घर लेहु बताए।
सा जाति सा पाति है जेहे करम कमाए।।"

गुरु जी ने सदियों से दबे कुचले लोगों को अपने गले से लगाकर उनमें बसी हीनभावना को समाप्त किया. घोषणा की,कि प्रभु की कृपा उन लोगों पर होती है जो नीच जाति के लोगों को भी अपने बराबर का समझते हैं-

"नीचां अंदर नीच जाति नीचीहु अत नीच।
नानक तिनकै संग साथ वडियां संग क्या रीस।।"

गुरु जी ने तीन सिद्धांतों का प्रतिपादन किया. किरत करनी, वंड छकना (बांटकर खाना) और नाम जपना. आर्थिक रूप से विकसित होने के लिए मनुष्य का किरत करना जरूरी है. वरना वह समाज पर बोझ बन जाता है. सही अर्थों में सच्चे धर्म की पहचान तभी होती है जब आप ईमानदारी से कमाई कर के अपने हाथों से जरूरतमंदों की सेवा हेतु दान देते हैं. दशवंध परंपरा (अपनी कमाई का दसवां हिस्सा) सामाजिक कार्यों में व्यय करना जीवन का नियम बना दिया.

गुरु जी ने अपने जीवन में कथनी और करनी को एक कर दिखाया. मोदीखाने की नौकरी से लेकर करतारपुर में स्वयं खेती करना, अपने आप में अनूठी मिसाल है.

प्रभु परमात्मा की ज्योति के रूप में एक अकाल पुरख होने का एलान किया. सारी मानवता को बराबरी का दर्जा देते हुए कहा कि सभी जीव बराबर हैं.

" सब महि जोत,जोत है सोई।
तिस दै चानण सब महि चानण होई।।

उन्होंने लोगों को हमेशा नेकी की राह पर चलने का संदेश दिया. सद्गुणों को धारण कर अवगुणों से दूर रहने की शिक्षा दी-

" सांझ करीजै गुणह केरी, छोड अवगुण चलिए।।"

गुरु नानक जी की संपूर्ण अलौकिक वाणी 19 रागों और 974 श्लोकों के रूप में शोभायमान है। गुरु जी द्वारा रचित पहली रचना " जपु जी साहिब" है. गुरु जी ने एक संत,योगी, दार्शनिक,समाज सुधारक,कवि, वक्ता, प्रचारक और देशभक्त के रूप में संपूर्ण मानवता को प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश दिया. आज उनके प्रकाशोत्सव पर उनके संदेशों पर चलना ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी.

संयोजन व संपादन : डॉ सुरिंदर कौर नीलम, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## आईपीएल 2024: सभी टीमों ने जारी की रिटेन्ड और रिलीज्ड खिलाड़ियों की सूची

# धौनी को चेन्नई ने किया रिटेन, करेंगे कप्तानी

एजेंसी । नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए रिटेंशन, रिलीज और ट्रेड करने का समय खत्म हो चुका है. चेन्नई ने अपने कप्तान महेंद्र सिंह धौनी को रिलीज नहीं किया है, इसका मतलब है कि आईपीएल 2024 में भी वह चेन्नई की कप्तानी करते दिखेंगे. जबकि हार्दिक पांड्या को भी गुजरात ने रिटेन किया है, जिसका मतलब वह भी गुजरात की कप्तानी करते दिखेंगे. सभी 10 टीमें आईपीएल 2024 के लिए ऑक्शन में भाग लेगी. आईपीएल 2024 के लिए 19 दिसंबर को ऑक्शन किया जाएगा. इससे पहले फ्रेंचाइजियों ने अपने कुछ खिलाड़ियों को रिलीज किया है तो कुछ को ट्रेड कर अपने खेमे में शामिल किया है. आईपीएल फ्रेंचाइजी ने 2024 के लिए अपने रिटेन और रिलीज्ड खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर दी है. रविवार को खिलाड़ियों को रिटेन और रिलीज करने की आखिरी तिथि थी. इस सीजन के लिए 2 बड़ी ट्रेडिंग हुई हैं. इनमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शहबाज अहमद को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के साथ मयंक डागर से चेंज किया, जबकि लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने आवेश खान को आरआर के देवदत्त पड्डीकल के साथ बदला है. बेन स्टोक्स और जो रूट इस सीजन में खेलने से मना कर चुके हैं. इस सीजन के लिए शार्दूल ठाकुर और जो रूट जैसे खिलाड़ी रिलीज किए गए हैं.

## रिटेन्ड व रिलीज्ड खिलाड़ी



**चेन्नई सुपर किंग्स**

**रिटेन्ड खिलाड़ी :** एमएस धोनी (कप्तान), डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़, मोइन अली, शिवम दुबे, राजवर्धन हंगरगेकर, मिशेल सेंटनर, रवींद्र जड़ेजा, तुषार देशपांडे, मथीशा पथिराना, सिमरजीत सिंह, दीपक चाहर, प्रशांत सोलंकी, महीश थीक्षाना, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद , निशांत सिंधु, अजय मंडल, मुकेश चौधरी.

**रिलीज्ड खिलाड़ी :** स्टोक्स, ड्वेन प्रिटोरियस, अंबाती रायुडू, सिसंडा मगाला, काइल जैमीसन, भगत वर्मा, सेनापति और आकाश सिंह.

**दिल्ली कैपिटल्स**

**रिटेन्ड खिलाड़ी :** डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी शॉ, यश ढुल, मिशेल मार्श, ललित यादव, अक्षर पटेल, एनरिक नॉर्टजे, चेतन सकारिया, खलील अहमद, लुंगी एनगिडी, कुलदीप यादव, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्तवाल, ईशांत शर्मा, मुकेश कुमार, अभिषेक पोरेल (प्रतिस्थापन), ऋषभ पंत.

**रिलीज्ड खिलाड़ी :** रिले रोसौव, चेतन सकारिया, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, फिल साल्ट, मुस्तफिजुर रहमान, कमलेश नागरकोटी, रिपल पटेल, सरफराज खान, अमन खान, प्रियम गर्ग.

**सनराइजर्स हैदराबाद**

**रिटेन्ड खिलाड़ी :** एडेन मार्कराम (कप्तान), अब्दुल समद, राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फिलिप्स, अभिषेक शर्मा, मार्को जानसन, फजलहक फारूकी, भुवनेश्वर कुमार, टी. नटराजन, उमरान मलिक, मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन, मयंक मारकंडे, सनवीर सिंह, उपेन्द्र यादव, मयंक डागर, नितीश कुमार रेड्डी, अनमोलप्रीत सिंह, वाशिंगटन सुंदर.

**रिलीज्ड खिलाड़ी :** हैरी ब्रूक, कार्तिक त्यागी, आदिल राशिद, अकील होसेन, समर्थ व्यास, विवरांत शर्मा.

**राजस्थान रॉयल्स**

**रिटेन्ड खिलाड़ी :** संजू सैमसन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शिमरॉन हेटमायर, जोस बटलर, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, संदीप शर्मा (रिप्लेसमेंट), ट्रेंट बोल्ट, नवदीप सैनी, कुलदीप सेन, कुलदीप यादव, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़ , एडम ज़म्पा, प्रिसिध कृष्णा.

**रिलीज्ड खिलाड़ी :** जो रूट, अब्दुल बासित, जेसन होल्डर, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव, ओबेद मैककॉय, मुरुगन अश्विन, केसी करियप्पा, केएम आसिफ.

**पंजाब किंग्स**

**रिटेन्ड खिलाड़ी :** शिखर धवन (कप्तान), प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, गुरनूर सिंह बराड़, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायदे, अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, नाथन एलिस, कैगिसो रबाडा, राहुल चाहर, हरप्रीत बराड़, सैम कुरेन, सिकंदर रजा, हरप्रीत भाटिया, विदवथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, जॉनी बेयरस्टो.

**रिलीज्ड खिलाड़ी :** पंजाब किंग्स ने भानुका राजपक्षे, मोहित राठी, बलतेज ढांडा, राज अंगद बावा, शाहरुख खान.

**कोलकाता नाइट राइडर्स**

**रिटेन्ड खिलाड़ी :** नितीश राणा (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, रिंकू सिंह, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, जेसन रॉय.

**रिलीज्ड खिलाड़ी :** शाकिब अल हसन, लिटन दास, आर्या देसाई, डेविड विसे, शार्दुल ठाकुर, नारायण जगदीसन, मनदीप सिंह, कुलवंत खेजरोलिया, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, जॉनसन चार्ल्स.

**लखनऊ सुपर जायंट्स**

**रिटेन्ड खिलाड़ी :** केएल राहुल, क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, दीपक हुडा, के गौतम, क्रुणाल पंड्या, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, प्रेरक मांकड़, युद्धवीर सिंह, मार्क वुड, मयंक यादव, मोहसिन खान, रवि बिश्नोई, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, नवीन-उल-हक

**रिलीज्ड खिलाड़ी :** लखनऊ सुपर जायंट्स ने जयदेव उनादकट, डेनियल सैम्स, मनन वोहरा, स्वप्निल सिंह, करण शर्मा, अर्पित गुलेरिया, सूर्यांश शेडगे, करुण नायर रिलीज.

**मुंबई इंडियंस**

**रिटेन्ड खिलाड़ी :** रोहित शर्मा (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, स्काई, इशान किशन, तिलक वर्मा, टिम डेविड, विष्णु विनोद, अर्जुन तेंदुलकर, कैम ग्रीन, शम्स मुलानी, नेहल वढेरा, जसप्रित बुमरा, कुमार कार्तिकेय, पीयूष चावला, आकाश मधवाल, जेसन बेहरेनडोर्फ, रोमारियो शेफर्ड

**रिलीज्ड खिलाड़ी :** मुंबई इंडियंस ने अरशद खान, रमनदीप सिंह, रितिक शौकीन, राघव गोयल, जोफ्रा आर्चर, ट्रिस्टन स्टब्स, डुआन जानसन, झाय रिचर्डसन, रिले मेरेडिथ, क्रिस जॉर्डन, संदीप वारियर .

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर**

**रिटेन्ड खिलाड़ी :** फाफ डु प्लेसिस, ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर (ट्रेड), विशाल विजयकुमार, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार.

**रिलीज्ड खिलाड़ी :** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने वानिंदु हसरंघा, हर्षल पटेल, जोश हेजलवुड, फिन एलन, माइकल ब्रेसवेल, डेविड विली, वेन पार्नेल, सोनू यादव, अविनाश सिंह, सिद्धार्थ कौल, केदार जाधव.

**गुजरात टाइटंस**

**रिटेन्ड खिलाड़ी :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुबमन गिल, डेविड मिलर, केन विलियमसन, अभिनव मनोहर, बी साई सुदर्शन, रिद्धिमान साहा, मैथ्यू वेड, राशिद खान, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मोहम्मद शमी, दर्शन नालकंडे, जयंत यादव, आर साई किशोर, नूर अहमद, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा.

**रिलीज्ड खिलाड़ी :** गुजरात टाइटंस ने यश दयाल, के.एस. भरत, शिवम मावी, उर्विल पटेल, प्रदीप सांगवान, ओडियन स्मिथ, अल्ज़ारी जोसेफ, दासुन शनाका.

## आओ जानें

### फीफा विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी

| प्लेयर | देश | गोल | मैच |
|---|---|---|---|
| मिरोस्लाव क्लोज़ | जर्मनी | 16 | 24 |
| रोनाल्डो डी लीमा | ब्राजिल | 15 | 19 |
| गर्ड मुलर | जर्मनी | 14 | 13 |
| जस्ट फॉनटेन | फ्रांस | 13 | 6 |
| लियोनेल मेसी | अर्जेंटीना | 13 | 26 |
| पेले | ब्राजिल | 12 | 14 |
| सैंडोर कोक्सिस | हंगरी | 11 | 5 |
| जर्गेन क्लिंसमैन | जर्मनी | 11 | 17 |
| गैरी लिनेकर | इंग्लैंड | 10 | 12 |

## फील्ड अपडेट

### स्टूडेंट क्लब बी-डिविजन के फाइनल में पहुंचा



चाईबासा । पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे एसआर रूंगटा बी-डिविजन लीग के अंतर्गत खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में स्टूडेंट क्लब चाईबासा ने प्रताप क्रिकेट क्लब चाईबासा को रोमांचक मुकाबले में 16 रनों से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई. स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए रविवार के सेमीफाइनल में पहले बल्लेबाजी करतो हुए स्टूडेंट क्लब के शुभम गुप्ता के शानदार अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत 28.3 ओवर में 160 रन बनाकर आल आउट हो गई. शुभम गुप्ता ने आठ चौकों एवं एक छक्का की मदद से 51 रन बनाए. अन्य बल्लेबाजों में कैफ जमील ने 26 रन, ये कप्तान मो वसीम ने 15 रन, ये मनीष कुमार ने 14 रन तथा सजरुल होदा एवं सोएब अहमद ने 11-11 रनों का योगदान दिया. प्रताप क्रिकेट क्लब की ओर से ललित बी सिंह ने 24 रन देकर दो विकेट लिए.

## ब्रीफ खबरें

### एलईटी के खिताबी दौड़ में अदिति शामिल

**मारबेला (स्पेन) ।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) पर अंडालुसिया कोस्टा डेल सोल ओपन डी एस्पाना के तीसरे दौर में चार-अंडर के स्कोर के बाद साल के अपने दूसरे खिताब की दौड़ में बनी हुई है. अदिति ने कीनिया में सत्र का शुरुआती टूर्नामेंट जीता था. तीन दौर के बाद अदिति का कुल स्कोर 15 अंडर का है और वह तालिका में शीर्ष पर चल रही स्पेन की कर्स्टन रूडगेली से दो शॉट पीछे है. एलईटी 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' में तीसरे स्थान पर काबिज दीक्षा ने तीसरे दिन अच्छा प्रदर्शन किया. उन्होंने 68 का कार्ड खेला. इससे पहले दो दौर में उन्होंने 72 और 71 का स्कोर किया था. वह तालिका में संयुक्त 15वें स्थान पर है.

### यूपी योद्धाज के कप्तान होंगे नारवाल

**नई दिल्ली ।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) में खिताब की हैट्रिक बनाने वाले कप्तान प्रदीप नारवाल इस प्रतियोगिता के आगामी सत्र में यूपी योद्धाज का नेतृत्व करेंगे. फ्रेंचाइजी ने रविवार को यह घोषणा की. एशियाई खेल 2018 की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे नारवाल के नाम पर पीकेएल में सर्वाधिक रेड अंक बनाने का रिकॉर्ड है. उनकी कप्तानी में पटना पाइरेट्स ने लगातार तीन खिताब जीते थे. नारवाल ने कहा कि यह मेरे कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और मैं अपनी योग्यता साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा. उत्तर प्रदेश की टीम ने 2017 में पीकेएल में पदार्पण किया था लेकिन वह कभी प्लेऑफ से आगे नहीं बढ़ पाई. नारवाल ने कहा कि एक टीम के रूप में हम साथ में अभ्यास कर रहे हैं.

### मैनचेस्टर सिटी का विजय अभियान थमा

**मैनचेस्टर ।** एर्लिंग हॉलैंड के रिकॉर्ड गोल के बावजूद लिवरपूल ने मैनचेस्टर सिटी को 1–1 से बराबरी पर रोककर उसके विजय अभियान पर रोक लगाई, जबकि आर्सेनल ने ब्रैंटफोर्ड को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता की अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया. लिवरपूल के ट्रेंट अलेक्जेंडर अर्नोल्ड और आर्सेनल के काई हैवर्ट के गोल ने सिटी को अंक तालिका में शीर्ष से हटा दिया. हॉलैंड ने केवल 48 मैच में 50 गोल करके प्रीमियर लीग में नया रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन उनका यह प्रयास सिटी को जीत नहीं दिला पाया. आर्सेनल के 13 मैच में 30 अंक हो गए हैं जबकि सिटी के इतने ही मैचों में 29 अंक हैं.

# फाइनल में हारे सात्विक व चिराग

- चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की जोड़ी ने जीता खिताब
- 19-21, 21-18, 19-21 से हारी भारतीय जोड़ी

भाषा । शेनझेन (चीन)


चाइना मास्टर्स

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को रविवार को यहां चाइना मास्टर्स सुपर 750 टूर्नामेंट के रोमांचक पुरुष युगल के फाइनल में चुनौती पेश करने के बाद चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा. सात्विक और चिराग की एशियाई खेलों की चैंपियन जोड़ी को एक घंटे 11 मिनट तक चले फाइनल में दुनिया की नंबर एक जोड़ी से 19-21, 21-18, 19-21 से पराजय झेलनी पड़ी. यह इस सत्र में छह फाइनल में उनकी पहली हार थी.
इस भारतीय जोड़ी ने निर्णायक गेम में गजब का जज्बा दिखाते हुए 1-8 से उबरने के बाद 13-20 से 19-20 तक छह चैंपियनशिप अंक बंचाये, लेकिन लियांग और वांग ने समय पर संयम बनाते हुए मेजबान देश के लिये आठ साल में पहला पुरुष युगल चाइना मास्टर्स खिताब जीत लिया. इस जीत से लियांग और वांग ने एशियाड में भारतीय जोड़ी से मिली हार का बदला भी चुकता किया. भारतीय जोड़ी उतार चढ़ाव भरे फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दिखा सकी और उनका डिफेंस दबाव में कमजोर हो गया, विशेष रूप से सात्विक का. वहीं वांग महत्वपूर्ण मौकों पर मजबूत बने रहे. यह सेमीफाइनल की तरह स्मैश शॉट वाला मुकाबला नहीं था. इसमें खिलाड़ियों की प्रतिभा दिखायी दी जिसमें दोनों जोड़ियां कोण के अलावा शॉट की गति बदलकर एक दूसरे को पछाड़ रही थीं. लियांग और वांग का फाइनल से पहले भारतीय जोड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड बराबरी का था जिसमें से सात्विक और चिराग ने ज्यादातर मुकाबले सीधे गेम में जीते हैं. चिराग ने सर्विस की गलती से शुरूआत की जिससे वे 1-4 से पिछड़ गये. धीमी शुरूआत के बावजूद भारतीय जोड़ी ने 9-9, 15-15 और 19-19 से बराबरी हासिल की. लियांग ने स्मैश शॉट से गेम प्वाइंट हासिल किया और सात्विक के नेट में शॉट मारने से इसे अपने नाम किया. दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने शानदार रेलियों का प्रदर्शन किया और इसे 21-18 से जीतकर बराबरी हासिल की. पर सात्विक और चिराग ने निर्णायक गेम में सहज गलतियां कर दीं.

### सात्विक व चिराग का प्रदर्शन रहा शानदार

सात्विक और चिराग के लिए यह वर्ष शानदार रहा है. उन्होंने इस साल एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप, इंडोनेशिया सुपर 1000, कोरिया सुपर 500, स्विस सुपर 300 और एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीता. बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) विश्व टूर को छह वर्गों में विभाजित किया गया है. इनमें विश्व टूर फाइनल्स, चार सुपर 1000, छह सुपर 750, सात सुपर 500 और 11 सुपर 300 टूर्नामेंट शामिल हैं.

## राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता संपन्न

# झारखंड की टीम ने जीते 4 पदक



खेल संवाददाता । रांची

बिहार के पटना स्थित पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित 11वीं प्री टीन, प्री जूनियर और जूनियर महिला एवं पुरुष राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ. इस प्रतियोगिता में सभी राज्यों से लगभग 1200 खिलाड़ियों ने भाग लिया. झारखंड की और से महिला एवं पुरुष वर्ग में 28 खिलाड़ियों ने भाग लिया. जिसमें 4 खिलाड़ियों ने मेडल हासिल किया. जूनियर महिला 47-51 वर्ग भार में कंचन कुमारी ने कांस्य पदक, जूनियर पुरुष 55-59 वर्ग भार में रेहान हुसैन कांस्य पदक, प्री टीन महिला 45-47 वर्ग भार में ईशा कुमारी ने रजत पदक और प्री जूनियर पुरुष 61- 64 भार वर्ग में आसिफ इकबाल ने स्वर्ण पदक हासिल किया. इस मौके पर कोच डौली सिंह, धनांतर कुमार, प्रशांत गोराई और टीम मैनेजर इबरार कुरैशी, रबीउल हुसैन ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और शुभकमनाएं दीं. इस मौके पर संस्था के चीफ टेकिनेकल डॉयरेक्टर बिजय कुमार लिम्बु और अध्यक्ष दीपा कुमारी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं.

### खास बातें

- इस प्रतियोगिता में 1200 खिलाड़ियों ने लिया था हिस्सा
- झारखंड के 28 खिलाड़ियों ने लिया था भाग

# भारत के पाकिस्तान आने से इनकार पर मुआवजा दिया जाये: पीसीबी

भाषा । कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से चैम्पियंस ट्राफी 2025 के मेजबानी अधिकार के करार पर उसके साथ हस्ताक्षर करने का आग्रह किया और साथ ही जोर दिया कि अगर भारत राजनीतिक और सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए उनके देश की यात्रा करने से इनकार करता है तो पीसीबी को इसकी भरपायी की जानी चाहिए. पीसीबी के एक विश्ववस्त सूत्र ने रविवार को पीटीआई को बताया कि आईसीसी ने पाकिस्तान को टूर्नामेंट के मेजबान के रूप में चुना है लेकिन उसने अभी तक उसके साथ मेजबानी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं. इस सूत्र ने साथ ही खुलासा किया कि पीसीबी अध्यक्ष जका अशरफ और मुख्य परिचालन अधिकारी सलमान नसीर ने 2025 में फरवरी-मार्च में पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पर चर्चा करने के लिए अहमदाबाद में आईसीसी कार्यकारी बोर्ड से मुलाकात की थी. सूत्र ने कहा कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड के फिर से अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करने की संभावना पर चर्चा की और स्पष्ट किया.

# मणिपुर की टीम ओवरऑल चैंपियन

खेल संवाददाता । रांची


राष्ट्रीय थांग-टा चैंपियनशिप संपन्न

झारखंड थांग-टा संघ द्वारा रांची के हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय थांग-टा चैंपियनशिप रविवार को सफलतापूर्ण संपन्न हुआ. चैंपियनशिप में विभिन्न आयु तथा भार वर्ग के लिए कुल 88 पदक दांव पर थे. जिसमें 42 स्वर्ण के साथ मणिपुर की टीम ओवरआल चैंपियनशिप ट्रॉफी जीतकर विजेता घोषित हुई जबकि जम्मू-कश्मीर दूसरे तथा असम की टीम तीसरे स्थान पर रही. मेजबान झारखंड टीम 5 स्वर्ण, 6 रजत तथा 12 कांस्य पदक के साथ पांचवें स्थान पर रही. समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि डा. मधुकांत पाठक ने ट्रॉफी प्रदान की .

### खास बातें

- 42 स्वर्ण के साथ मणिपुर ने हासिल किया शीर्ष स्थान
- झारखंड ने 5 स्वर्ण के साथ पांचवा स्थान हासिल किया

## डेविस कप: नोवाक जोकोविच ने सर्बिया को टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचाने के तीन गंवाए

# यानिक सिनर ने किया कमाल, इटली फाइनल में

भाषा । मलागा (स्पेन)



नोवाक जोकोविच के पास सर्बिया को डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचाने के तीन मौके थे, लेकिन वह यानिक सिनर थे, जिन्होंने हार के कगार पर पहुंचने के बाद शानदार वापसी करके इटली को खिताबी मुकाबले में पहुंचाया.

सिनर ने लगातार तीन मैच प्वाइंट बचाकर जोकोविच का डेविस कप के एकल में लगातार 21 मैच जीतने के अभियान पर रोक लगाई. सिनर की जीत से इटली मुकाबले को 1-1 से बराबर करने में सफल रहा. सिनर ने इसके बाद विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच को युगल में भी झटका दिया जिससे इटली शुरू में पिछड़ने के बावजूद 2-1 से जीत दर्ज करके 1998 के बाद पहली बार डेविस कप फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा, जहां उसका सामना ।ऑस्ट्रेलिया से होगा.

इस साल तीन ग्रैंडस्लैम जीतकर अपने कुल ग्रैंडस्लैम खिताब की संख्या रिकॉर्ड 24 पर पहुंचाने वाले जोकोविच सर्बिया को पिछले एक दशक में पहली बार डेविस कप फाइनल में नहीं पहुंचा पाने से काफी निराश थे. जोकोविच ने कहा कि निजी तौर पर मेरे लिए यह बेहद निराशाजनक है, क्योंकि मैंने जिम्मेदारी ली थी तथा जीत के इतने करीब पहुंचने के बावजूद हारना निराशाजनक रहा. मियोमिर केकमानोविच ने लोरेंजो मुसेटी को 6-7(7) 6-2 6-1 से हराकर सर्बिया को सेमीफाइनल मुकाबले में 1-0 की बढ़त दिला दी थी. विश्व में चौथी रैंकिंग वाले सिनर ने जोकोविच को 6-2, 2-6, 7-5 से हराकर इटली को वापसी दिलाई. इसके बाद सिनर ने युगल में लोरेंजो सोनेगो के साथ जोड़ी बनाई तथा जोकोविच और केकमानोविच को 6-3, 6-4 से हराया.

### मेरी जिंदगी का यादगार मैच : सिनर

सिनर ने एकल मैच जीतने के बाद कहा कि यह मेरी जिंदगी का यादगार मैच. मैं नहीं जानता पर निश्चित तौर पर यह बेहद महत्वपूर्ण था. मैंने वास्तव में आज खेल का पूरा आनंद लिया. यह शानदार मैच था.

# जील को हराकर रश्मिका ने पहला आईटीएफ खिताब जीता

भाषा । बेंगलुरु



मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन रश्मिका भामीदिपति ने रविवार को यहां महिला विश्व टेनिस टूर के फाइनल में जील देसाई को हराकर पहला आईटीएफ खिताब अपने नाम किया. भारतीय खिलाड़ियों के बीच हुए फाइनल में रश्मिका ने 6-0, 4-6, 6-3 की जीत से 3935 डॉलर की पुरस्कार राशि और 50 डब्ल्यूटीए अंक अपनी झोली में डाले. जील देसाई को 2107 डॉलर की राशि और 30 डब्ल्यूटीए अंक हासिल हुए. रश्मिका ने देसाई की गलतियों का फायदा उठाते हुए पहला सेट आसानी से 6-0 से जीत लिया. लेकिन देसाई ने वापसी करते हुए दूसरे सेट के पहले गेम में प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़ दी. रश्मिका भी आसानी से पीछे नहीं हटने वाली थीं, उन्होंने चौथे और पांचवें गेम में सर्विस रखते हुए 3-2 से बढ़त बना ली. देसाई ने फिर वापसी करते हुए लगातार तीन गेम जीतकर सेट 6-4 से हासिल किया. निर्णायक सेट में देसाई 0-3 से पिछड़ रही थीं, उन्हें हवा भरे हालात में अपनी सर्विस से परेशानी हो रही थी. रश्मिका ने अपने फोरहैंड का अच्छा इस्तेमाल करते हुए शानदार क्रास कोर्ट शॉट खेले जिनका देसाई के पास कोई जवाब नहीं था.

# 26/11 हमले की बरसी : नम आंखों से दी गयी शहीदों को श्रद्धांजलि

भाषा। मुंबई



मुंबई में आतंकी हमले की बरसी पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, राज्यपाल रमेश बैस, शहीद के परिवार और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस.

महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 15 साल पहले मुंबई पर हुए आतंकी हमले में आतंकवादियों से लड़ते हुए जान गंवाने वाले शहीदों को रविवार को पुष्पांजलि अर्पित की. बैस और शिंदे ने दक्षिण मुंबई में पुलिस आयुक्त के कार्यालय के परिसर में शहीदों की स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की, जहां राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, दीपक केसरकर, शहर के पुलिस प्रमुख विवेक फणसालकर और पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे. पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्यों ने भी 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमले के दौरान जान गंवाने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी.

राज्यपाल ने हमले में जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की. राष्ट्रीय सुरक्षा गारद, मुंबई पुलिस के कर्मियों और भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी समीर वानखेड़े ने ताज महल पैलेस होटल के सामने 'गेटवे ऑफ इंडिया' पर आयोजित कैंडल मार्च में हिस्सा लिया. शहीदों की याद में आयोजित मार्च में रोटरी क्लब के सदस्य और मीठीभाई कॉलेज के छात्र भी शामिल हुए. दस पाकिस्तानी आतंकवादी समुद्री मार्ग से 26 नवंबर, 2008 को मुंबई में घुसे और अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 166 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे. हमले में करोड़ों रुपये की संपत्ति को नुकसान पहुंचा था. आतंकी हमलों में शहीद हुए सुरक्षा बलों के जवानों में आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के तत्कालीन प्रमुख हेमंत करकरे, मेजर संदीप उन्नीकृष्णन, मुंबई के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अशोक कामटे और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय सालस्कर शामिल थे.

## मुर्मू ने मुंबई आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी

भाषा। नयी दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुंबई आतंकवादी हमले में शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों को रविवार को श्रद्धांजलि दी और आतंकवाद के सभी स्वरूपों से लड़ने की प्रतिज्ञा दोहराने का लोगों से आग्रह किया. पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादी समुद्री मार्ग से 26 नवंबर 2008 को मुंबई में घुसे थे और अंधाधुंध गोलीबारी की थी, जिसमें 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 166 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे. आतंकवादियों के खिलाफ सुरक्षा अभियान करीब 60 घंटे तक चला था.
मुर्मू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्र 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों के सभी पीड़ितों को दुख के साथ याद करता है. हम जान गंवाने वाले बहादुर लोगों को याद करते हुए उनका सम्मान करने में उनके परिवारों और प्रियजनों के साथ हैं. उन्होंने कहा, मैं उन बहादुर सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं, जिन्होंने मातृभूमि के लिए अपने प्राण दे दिए. उनके सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए, आइए हम हर जगह आतंकवाद के सभी स्वरूपों से लड़ने की अपनी प्रतिज्ञा को दोहराएं.

## ब्रीफ खबरें

### गुजरात के मुख्यमंत्री की जापान यात्रा पर

**अहमदाबाद।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल रविवार सुबह जापान के तोक्यो शहर पहुंचा. पटेल वहां आगामी वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 को बढ़ावा देने के लिए गए हैं. शिखर सम्मेलन का 10वां संस्करण 10 से 12 जनवरी 2024 के बीच आयोजित किया जाएगा. दो साल में आयोजित होने वाला यह शिखर सम्मेलन व्यवसायों तथा सरकारों के लिए निवेश के अवसरों का पता लगाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करता है. गुजरात सरकार ने एक बयान में कहा कि जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने पटेल के वहां पहुंचने पर उनका स्वागत किया.

### शांति वार्ता कर रही है मणिपुर सरकार : सीएम

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार इंफाल घाटी के एक उग्रवादी समूह के साथ 'शांति वार्ता' कर रही है. सिंह ने कहा कि वार्ता काफी आगे के चरण में है. उन्होंने संगठन का नाम नहीं लिया. राज्य में तीन मई को जातीय हिंसा भड़कने के बाद यह पहली बार है जब सरकार की ओर से इस तरह की वार्ता को लेकर आधिकारिक पुष्टि की गई है. सूत्रों ने पूर्व में कहा था कि सरकार प्रतिबंधित संगठन 'यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट' के एक धड़े के साथ वार्ता कर रही है. एसटी का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में तीन मई को हुए मार्च के बाद भड़की हिंसा में 180 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं.

### मंगोलपुरी में जूता फैक्टरी में आग लगी

**नयी दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी दिल्ली के मंगोलपुरी में ट्रक बाजार के पास स्थित एक जूता फैक्टरी में बीती रात आग लग गई. अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों के मुताबिक, दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. दिल्ली दमकल सेवा के एक अधिकारी ने कहा, हमें शनिवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे मंगोलपुरी इलाके में ट्रक बाजार के पास भीषण आग लगने की सूचना प्राप्त हुई. सूचना प्राप्त होने के तुरंत बाद दमकल की कुल 26 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया. उन्होंने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया और घटना में कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है. अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है .

## पीएम ने मन की बात की 107वीं कड़ी में देश को किया संबोधित

# वोकल फॉर लोकल उत्पादों का दिख रहा है क्रेज : मोदी

- डिजिटल पेमेंट, डेस्टिनेशन वेडिंग, 26/11 आतंकी हमले का जिक्र किया

एजेंसी। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 107वें एपिसोड में कहा कि त्योहारों के इस मौसम में चार लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार हुआ और इस दौरान लोगों में भारत में बने उत्पादों को खरीदने का जबरदस्त उत्साह देखा गया. मन की बात की पिछली कड़ी में लोगों से स्थानीय उत्पादों की खरीदारी पर बल देने के अपने आग्रह का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, बीते कुछ दिनों के भीतर ही दिवाली, भैया दूज और छठ पर देश में चार लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार हुआ और इस दौरान भारत में बने उत्पादों को खरीदने का जबरदस्त उत्साह लोगों में देखा गया. उन्होंने कहा कि अब तो घर के बच्चे भी दुकान पर कुछ खरीदते समय देखने लगे हैं कि उस पर मेड इन इंडिया लिखा है कि नहीं.

मोदी ने कहा, इतना ही नहीं ऑनलाइन सामान खरीदते समय भी अब लोग यह देखना नहीं भूलते हैं कि उत्पाद किस देश में बना है. उन्होंने कहा, जैसे स्वच्छ भारत अभियान की सफलता ही उसकी प्रेरणा बन रही है वैसे ही वोकल फॉर लोकल की सफलता विकसित भारत और समृद्ध भारत के द्वार खोल रही है. प्रधानमंत्री ने कहा कि वोकल फॉर लोकल का अभियान पूरे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देता है.



### दुनिया हमारे देश को अपना मित्र कहती है: मोदी

**भाषा। हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत खुद को 'विश्वमित्र' के रूप में देखता है और दुनिया इसे अपना मित्र कहती है.

**भारत खुद को 'विश्वमित्र' के रूप में देखता है**

मोदी ने हैदराबाद से लगभग 50 किमी दूर स्थित कान्हा शांति वनम में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि पूर्व में देश को गुलाम बनाने वालों ने जब योग, ज्ञान और आयुर्वेद जैसी परंपराओं पर हमला किया तो भारत को भारी नुकसान का झेलना पड़ा.

उन्होंने कहा, एक विकासशील भारत खुद को विश्वमित्र के रूप में देखता है. जिस तरह से हम कोरोना (वायरस) के बाद दुनिया के साथ खड़े थे, आज मुझे दुनिया को यह बताने की ज़रूरत नहीं है कि भारत आपका मित्र है. दुनिया कहती है कि भारत हमारा है मित्र है. प्रधानमंत्री मोदी जाहिर तौर पर 2020 में महामारी के बाद देश की कंपनियों द्वारा तैयार किए गए कोविड-19 रोधी टीकों को कई देशों में भेजने का जिक्र कर रहे थे.

### मोदी ने डेस्टिनेशन वेडिंग को लेकर चिंता जताई

पीएम ने मन की बात में वोकल ऑर लोकल, शादी-विवाह, डिजिटल पेमेंट सहित अन्य बातों का भी जिक्र किया. कहा कि देश में शादियों का सीजन शुरू हो चुका है. पीएम ने लोगों से अपील की कि विवाह से जुड़ी खरीदारी करते हुए, कोशिश करें कि भारत में बने उत्पादों को ही खरीदा जाये. इस क्रम में पीएम मोदी ने डेस्टिनेशन वेडिंग को लेकर चिंता जताई. कहा कि आजकल कुछ परिवारों में विदेशों में जाकर शादी करने का प्रचलन बढ़ रहा है. पूछा कि क्या यह जरूरी है? पीएम ने लोगों को सलाह दी कि वे वोकल पर लोकल को प्रमोट करते हुए भारत में ही शादी करें.

### संविधान दिवस की शुभकामनाएं भी दी

प्रधानमंत्री ने देश को संविधान दिवस की शुभकामनाएं भी दी. कहा कि सभी देशवासियों को मैं संविधान दिवस की बहुत बहुत शुभकामनाएं देता हूं. हम सब मिलकर विकसित भारत के संकल्प को जरूर पूरा करेंगे. बता दें कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारत के संविधान को अंगीकार किया था. साथ ही पीएम मोदी ने मुंबई (26/11) हमले को याद करते हुए जान गंवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी. पीएम मोदी ने ताज होटल में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा, आज के ही दिन देश पर सबसे जघन्य आतंकी हमला हुआ था. यह भारत का सामर्थ्य है कि हम उस हमले से उभरे और अब पूरे हौसले के साथ आतंक को कुचल भी रहे हैं.

### पीएम सुरक्षा में चूक : 6 और पुलिसकर्मी निलंबित

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनवरी 2022 में पंजाब की यात्रा के दौरान हुई सुरक्षा में चूक के मामले में छह और पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है. निलंबित किए गए पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी के साथ ही इन छह पुलिसकर्मियों पर यह कार्रवाई की गई है. राज्य के गृह विभाग के 22 नवंबर के आदेश के अनुसार, दो पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारियों-परसोन सिंह और जगदीश कुमार, निरीक्षक जतिंदर सिंह और बलविंदर सिंह, उपनिरीक्षक जसवंत सिंह और सहायक उपनिरीक्षक रमेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है. वर्तमान में बठिंडा जिले में पदस्थ पुलिस अधीक्षक गुरबिंदर सिंह को शनिवार को निलंबित किया गया था.

### आओ जानें

### ब्रिक्स सदस्यता (जीडीपी)

| | |
|---|---|
| ब्राज़ील : | $2.08 ट्रिलियन |
| रूस : | $2.06 ट्रिलियन |
| भारत : | $3.74 ट्रिलियन |
| चीन : | $19.37 ट्रिलियन |
| दक्षिण अफ्रीका : | $399 बिलियन |
| **1 जनवरी, 2024 से ब्रिक्स में शामिल होंगे ये देश :** | |
| अर्जेंटीना : | $641 बिलियन |
| मिस्र : | $387 बिलियन |
| इथियोपिया : | $156 बिलियन |
| ईरान : | $367 बिलियन |
| सऊदी अरब : | $1.06 ट्रिलियन |
| यूएई : | $499 बिलियन |
| **कुल :** | $30.76 ट्रिलियन (वैश्विक अर्थव्यवस्था का 30%) |

## 36 फिलीस्तीनी कैदी रिहा किए गए

एजेंसी। तेल अवीव

**इजराइल-हमास युद्ध**

इजराइल के साथ हमास ने युद्ध विराम का समझौता किया है. इसके तहत हमास ने 13 इजराइली और चार विदेशी बंधकों को रिहा किया है. 'रेड क्रॉस' के प्रतिनिधियों ने बंधकों को शनिवार देर रात मिस्र पहुंचाया. इसके बाद रविवार देर शाम सभी को इजराइल ले जाया जायेगा. वहीं इजराइल ने भी करीब 36 फिलीस्तीनी कैदियों को छोड़ा है. फिलीस्तीनी कैदियों की बस रविवार तड़के वेस्ट बैंक पहुंची है. हमास द्वारा बंधक बनाये गये लोगों और इजराइल में फिलीस्तीनी कैदियों की अदला-बदली के दूसरे दौर के तहत इन बंधकों को रिहा किया गया है.

फिलीस्तीनी कैदियों की बस जैसे ही अल बिरेह पहुंची वहां सैकड़ों लोगों ने रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति की बस का स्वागत किया. भीड़ ने बस के पहुंचते ही 'अल्लाह हू अकबर' के नारे लगाये. बस की छत पर कई युवा पुरुष खड़े हो गये. इजराइल और हमास के बीच चार दिवसीय युद्ध विराम के दौरान कुल 50 बंधकों और 150 फिलीस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाना है.

इससे पहले हमास ने इजराइल पर युद्ध विराम समझौते की शर्तों के उल्लंघन का आरोप लगाया और कई घंटों तक बंधकों की रिहाई पर रोक लगा दी. साथ ही हमास ने इजरायल के सामने शर्त रखी कि जब तक इजरायल उत्तरी गाजा पट्टी में सहायता ट्रकों की शुरुआत नहीं करता तब तक हम बंधकों की दूसरी खेप को रिहा नहीं करेंगे. इसके बाद तनावपूर्ण गतिरोध पैदा हो गया था. इजरायल सरकार ने कहा कि अगर उसने आधी रात तक बंधकों के दूसरे जत्थे को रिहा नहीं किया, तो इजराइली रक्षा बल गाजा पट्टी में जमीनी कार्रवाई फिर से शुरू कर देंगे.

### चार दिनों के बाद फिर से शुरू होगा युद्ध

हमास ने इजराइल पर सात अक्टूबर को अप्रत्याशित हमला कर करीब 240 लोगों को बंधक बना लिया था. इसके बाद जवाबी कार्रवाई में इजराइल ने भी गाजा पट्टी पर हमला किया. हमास ने अपने 30000 लड़ाकों के साथ इस हमले में भाग लिया था. हमास के लड़ाके 5 ब्रिगेड और 24 बटालियन में बंटे थे. हर बटालियन में 1000 से ज्यादा हमास के आतंकवादी लड़ाके थे. 7 अक्टूबर के बाद से इजरायल लगातार गाजा पट्टी में हमास के ठिकानों पर बम बरसा रहा है. इजरायली सेना का ग्राउंड ऑपरेशन भी जारी है. इजरायल ने हमास के हजारों ठिकानों और सुरंगों को बर्बाद किया है.

## 'आप' के स्थापना दिवस पर केजरीवाल ने शुभकामनाएं दीं

भाषा। नयी दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं और 11 साल में इसके एक राष्ट्रीय पार्टी बनने के सफर को याद किया. दिल्ली के मुख्यमंत्री ने ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा, आज ही के दिन साल 2012 में देश के आम आदमी ने उठकर अपनी खुद की पार्टी 'आम आदमी पार्टी' की स्थापना की थी. तब से लेकर आज तक इन 11 साल में बहुत उतार-चढ़ाव आए, बहुत मुश्किलें भी आई लेकिन हम सबके जज्बे और जुनून में कोई कमी नहीं आई है. 'आप' इस समय दिल्ली और पंजाब की सत्ता में है और कई अन्य राज्यों में अपना जमीनी आधार बढ़ा रही है. केजरीवाल ने पोस्ट में कहा, एक छोटी सी पार्टी को आज जनता ने अपने प्यार और आशीर्वाद से एक राष्ट्रीय पार्टी में बदल दिया है. जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है. हम सब अपने मज़बूत इरादों के साथ आगे बढ़ते रहेंगे और जनता के लिए काम करते रहेंगे.


### अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 40 अरब डॉलर होगी

**तिरुवंनतपुरम।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि 2040 तक भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 40 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की ओर अग्रसर है. साथ ही उन्होंने कहा कि इससे वैज्ञानिकों को भी बेहतर कामकाजी माहौल मिलेगा. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा परमाणु ऊर्जा व अंतरिक्ष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने कहा कि एकेडी जैसी कुछ विदेशी एजेंसियों ने अनुमान लगाया है कि यह आंकड़ा 2040 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के पार भी पहुंच सकता है. जितेंद्र सिंह ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा, वर्तमान में हमारी अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था बहुत प्रभावशाली नहीं है. अभी यह करीब 80 करोड़अमेरिकी डॉलर ही है.

## 26 नवंबर संविधान दिवस के मौके पर कांग्रेस भाजपा पर हुई हमलावर

# कमजोर वर्गों के अधिकार छीने जा रहे : खड़गे

भाषा। नयी दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर संविधान प्रदत्त स्वतंत्रता को कुचलने और इसमें कटौती करने का हर संभव तरीका अपनाने का आरोप लगाया है. कहा कि प्रत्येक नागरिक को संविधान, उसके लोकाचार और उसके मूल्यों पर होने वाले हमले पर सवाल उठाना चाहिए. खड़गे ने संविधान दिवस पर यह टिप्पणी की. भारत ने 1949 को आज ही के दिन संविधान को अंगीकार किया था. खड़गे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भारत का संविधान हमारे लोकतंत्र की जीवन रेखा है उन्होंने कहा, जब हम 74वां संविधान दिवस मना रहे हैं, तो ऐसे में हम इसके निर्माताओं को अत्यंत श्रद्धा से नमन करते हैं – क्योंकि उन्होंने प्रत्येक भारतीय के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी दी. खड़गे ने आरोप लगाया कि वर्तमान शासन संविधान प्रदत्त सभी स्वतंत्रताओं को कुचलने और कम करने के लिए हर संभव तरीका इस्तेमाल कर रहा है.


उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा संविधान पर किया जा रहा व्यवस्थित और तीक्ष्ण हमला सरकारी तंत्र में हर कहीं बड़े पैमाने पर दुरुपयोग में दिखाई देता है. खड़गे ने कहा, एक राष्ट्र के रूप में हम जल्द ही उस चरम बिंदु पर पहुंच सकते हैं जहां सामाजिक न्याय और सद्भाव समाप्त हो जायेगा और कमजोर वर्गों के अधिकार धीरे-धीरे छीन लिये जायेंगे. उन्होंने कहा, यह विभाजन और नफरत की इस राजनीति के खिलाफ खड़े होने का समय है. कांग्रेस इस लड़ाई को आगे बढ़कर लड़ रही है. खड़गे ने कहा, प्रत्येक नागरिक को हमारे संविधान, उसके लोकाचार और उसके मूल्यों पर हमले पर सवाल उठाना चाहिए.

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि संविधान सभा ने भारत के संविधान को 74 साल पहले औपचारिक रूप से अंगीकार किया था. आरएसएस का संविधान के निर्माण से कोई लेना-देना नहीं था. उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री और उनके ढोल बजाने वाले लोग इसके प्रति अपनी निष्ठा की निश्चित रूप से घोषणा करेंगे. यह तीन आधार पर सरासर पाखंड है उन्होंने दावा किया कि पहला, आरएसएस का संविधान के निर्माण से कोई लेना-देना नहीं था और उसने वास्तव में इसका विरोध किया था.

## बचाव जारी सिलक्यारा सुरंग हादसा : मद्रास सैपर्स की इकाई घटनास्थल पर पहुंची

# ऑगर ब्लेड हटाने के लिए हैदराबाद से कटर मंगाया गया

एजेंसी। उत्तरकाशी





### सुरंग का एक हिस्सा 12 नवंबर को ढह गया था

चारधाम यात्रा मार्ग पर बन रही सुरंग का एक हिस्सा 12 नवंबर को ढह गया था, जिससे इसमें काम कर रहे 41 श्रमिक फंस गये थे. तब से विभिन्न एजेंसियां उन्हें बाहर निकालने के लिए युद्धस्तर पर बचाव अभियान चला रही हैं. श्रमिकों को छह इंच चौड़े पाइप के जरिए खाना, दवाइयां और अन्य जरूरी चीजें भेजी जा रही हैं.

उत्तराखंड की सिलक्यारा सुरंग में पिछले 14 दिन से फंसे 41 श्रमिकों को निकालने के लिए जारी बचाव अभियान में इस्तेमाल की रही ऑगर मशीन के मलबे में फंसे हिस्सों को काटकर हटाने के लिए हैदराबाद से एक प्लाज्मा मशीन(कटर) मंगायी गयी. बता दें कि बचाव कार्य को आगे बढ़ाने के लिए मशीन को पूरी तरह से हटाना आवश्यक है. खबर है कि श्रमिकों को बाहर निकालने का मार्ग तैयार करने के लिए मलबे में हाथ से ड्रिलिंग के जरिए पाइप डालने होंगे. इसके अलावा लंबवत ड्रिलिंग के लिए पहाड़ी की चोटी पर सुरंग के ऊपर एक ड्रिल मशीन भेजी गयी.

भारतीय सेना की कोर ऑफ इंजीनियर्स के समूह मद्रास सैपर्स की एक इकाई बचाव कार्यों में सहायता के लिए आज रविवार को घटनास्थल पर पहुंची.

**ऑगर मशीन के ब्लेड शुक्रवार रात मलबे में फंस गये थे :** जान लें कि सिलक्यारा में धंसी निर्माणाधीन सुरंग में ड्रिल करने में इस्तेमाल की जा रही ऑगर मशीन के ब्लेड शुक्रवार रात मलबे में फंस गये थे, जिसके बाद अधिकारियों को अन्य विकल्पों पर विचार करना पड़ा. अब बचाव कार्य में कई दिन या कई सप्ताह और लगने की संभावना है. एजेंसियों के बचाव अभियान के 14वें दिन अधिकारियों ने दो विकल्पों पर ध्यान केंद्रित किया है. मलबे के शेष 10-12 मीटर हिस्से में हाथ से ड्रिलिंग या ऊपर की ओर से 86 मीटर नीचे ड्रिलिंग.

### उच्चतम न्यायालय में आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को संविधान दिवस के अवसर पर उच्चतम न्यायालय परिसर में डॉ. बीआर आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया. प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सात फुट से अधिक ऊंची प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भारतीय संविधान के निर्माता को श्रद्धांजलि अर्पित की. प्रतिमा अनावरण के बाद राष्ट्रपति मुर्मू और सीजेआई चंद्रचूड़ द्वारा पौधरोपण किया गया. इस कार्यक्रम में शीर्ष अदालत के कई न्यायाधीश उपस्थित थे. संविधान सभा द्वारा साल 1949 में भारत के संविधान को अंगीकार किए जाने के उपलक्ष्य में 2015 से 26 नवंबर के दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है. इससे पहले, इस दिन को कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था.



**तेलंगाना चुनाव : मतदान की तारीख करीब आते ही रोचक मोड़ ले रहा चुनाव**

# कांग्रेस और बीआरएस की टक्कर आगे का रास्ता बना रही भाजपा

**शुभम संदेश नेटवर्क। हैदराबाद**

जैसे-जैसे तेलंगाना में वोटिंग नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे राज्य में चुनाव रोचक मोड़ लेता जा रहा है. सत्ता में काबिज भारत राष्ट्र समिति और कांग्रेस की सीधी टक्कर में कई जगह भाजपा लड़ाई को तिकोना बना रही है. कहा जा रहा है कि बीआरएस-कांग्रेस के सीधे मुकाबले में भाजपा का प्रदर्शन चुनावी समीकरणों में उलटफेर कर सकता है. तेलंगाना के लोग समझ रहे हैं कि बीआरएस और भाजपा के बीच दोस्ताना नूराकुश्ती हो रही है. हालांकि, कई सीटों पर भाजपा राज्य में प्रभावी तौर पर मुकाबले में है. कई ऐसी सीटें हैं, जहां भाजपा का प्रदर्शन बीआरएस-कांग्रेस के मुकाबले में बाजी पलटने की हैसियत रखता है. उनमें हैदराबाद के अलावा, निर्मल, आदिलाबाद, करीमनगर, हुजूराबाद और निजामाबाद जैसे इलाकों की सीटें हैं. बीआरएस से अंडरस्टैंडिंग के बावजूद भाजपा यहां खुद को किंगमेकर की भूमिका में देख रही है. भाजपा की कोशिश है कि किसी को भी यहां स्पष्ट बहुमत न मिले और उस स्थिति में सरकार बनाने के लिए उसकी भूमिका अहम हो जाए. वारंगल में स्टूडेंट्स के लिए एक मेस चलाने वाले वेंकटेश का कहना था कि कुछ दिनों पहले तक यहां बीआरएस-कांग्रेस में सीधी टक्कर थी, लेकिन जिस तरीके से भाजपा सामने आ रही है, उससे यहां त्रिशंकु विधानसभा की संभावना बढ़ गई है. असदुद्दीन ओवैसी भी प्रचार में इसे भाजपा का गेमप्लान बताते हुए कहते हैं कि वह यहां त्रिशंकु नतीजे लाना चाहती है, जिससे वह आने वाले लोकसभा चुनाव में आगामी गठबंधन सरकार से फायदा ले सके.

### छत्तीसगढ़, एमपी व राजस्थान में विपक्षी गठबंधन का सफाया होगा : प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस का सफाया हो जायेगा. इन तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव संपन्न हो गये हैं. आज रविवार को तेलंगाना के तूपरान में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने इन तीन राज्यों में अपने चुनाव प्रचार अभियान को याद किया. उन्होंने कहा, मैंने तीन राज्यों में देखा है कि वहां इंडी अलायंस (इंडिया' गठबंधन) का सफाया हो जायेगा. वहां की महिलाएं, किसान कांग्रेस पार्टी को उखाड़ फेंकने वाले हैं. भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री केचंद्रशेखर राव (केसीआर) पर निशाना साधते हुए उन्होंने पूछा कि क्या तेलंगाना को ऐसे मुख्यमंत्री की जरूरत है, जो लोगों से नहीं मिलते. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस हो या बीआरएस, उनकी पहचान भ्रष्टाचार, परिवारवाद और खराब कानून व्यवस्था है और वे एक-दूसरे की कार्बन कॉपी हैं. उन्होंने कहा, कांग्रेस, केसीआर एक समान, दोनों से रहो सावधान.

# गिरेगा पर्दा या मिलेगा 'राज'?

## बंपर वोटिंग के बाद क्या होगा गहलोत का 'भविष्य'

**शुभम संदेश नेटवर्क। जयपुर**



राजस्थान चुनाव में मतदाताओं शनिवार को अपने वोटिंग राइट्स का इस्तेमाल किया. इसके साथ ही कई दिनों से चला आ रहा चुनावी घमासान थम गया. वोटिंग के बाद सड़कों पर फिर से सन्नाटा पसर गया है. अब मतदान के बाद प्रदेश की राजनीति और सत्ता के गलियारों में सीएम अशोक गहलोत की किस्मत को लेकर चर्चा हो रही है. जीते तो चौथी बार बनेंगे सीएम? और अगर वह हार गए तो क्या यह उनके राजनीतिक करियर पर पर्दा है? खुद गहलोत कहते रहे हैं कि हर चुनाव के बाद सत्ता बारी-बारी से हाथ में जाने की दशकों पुरानी परंपरा को तोड़ते हुए उनकी सरकार दोबारा लौटेगी.

**कांग्रेस जीती तो क्या गहलोत बनेंगे सीएम:** कांग्रेस आलाकमान ने भी इस बार विधानसभा चुनाव में बिना चेहरे के उतरने की घोषणा की थी, जिसका मतलब है कि अभी तक कोई आधिकारिक सीएम उम्मीदवार नहीं है. अगर पार्टी दोबारा रेगिस्तानी राज्य जीतती है तो पार्टी नेतृत्व यह फैसला बाद में लेगा. तो आगे चल कर गहलोत का भविष्य क्या होगा? कुछ कांग्रेस नेताओं का दावा है कि अगर पार्टी जीतती है तो गहलोत चौथी बार सीएम बनेंगे, वहीं पार्टी के कुछ नेता ऐसे भी हैं जो कहते हैं कि गहलोत को चौथी बार सीएम बनने का मौका नहीं मिलेगा.

**पार्टी कार्यकर्ताओं ने किए चौंकाने वाले खुलासे:** पार्टी के एक कार्यकर्ता ने कहा कि गहलोत तीन बार सीएम रह चुके हैं. इस बार ऐसे उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है जिनकी हार निश्चित है. दरअसल, पहले तय हुआ था कि ऐसे उम्मीदवारों को टिकट नहीं मिलेगा, लेकिन उन्हें मौका दिया गया है. गहलोत चाहते थे कि वे चुनाव लड़ें. अब अगर वे हारे तो जिम्मेदारी उन्हें ही लेनी होगी, इसलिए आलाकमान ने गेंद उनके पाले में डाल दी है, ताकि चुनाव में जो भी नतीजा आए उसकी जिम्मेदारी वह ले सकें.

**चुनाव प्रचार में गहलोत ने बदला अंदाज:** एक अन्य कार्यकर्ता ने कहा कि गहलोत ने अपने काम के लिए डिजाइन बॉक्स को मार्केटिंग एजेंसी के रूप में चुना. एजेंसी ने एक तरह से कांग्रेस का लोगो दोबारा लॉन्च किया. इसके सभी विज्ञापन गहरे गुलाबी और पीले रंग वाले बैनर, पोस्टर और विज्ञापनों के रूप में लगाए गए. हालांकि इन विज्ञापनों में पार्टी का तिरंगे वाला लोगो कम ही नजर आया. साथ ही एजेंसी ने शुरुआती समय में हाथ का निशान भी गायब कर दिया.

# सीएम बघेल का दावा, छग में भाजपा ने मान ली है हार

**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार यह दावा कर रहे हैं कि इस बार कांग्रेस 75 से ज्यादा सीटें जीतेगी. वहीं, सीएम बघेल ने भाजपा के जीत के दावों पर भी हमला बोला है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा 15 सीटें भी नहीं जीत पाएगी. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दावा किया है कि राज्य में भाजपा ने अपनी हार स्वीकार कर ली है और कांग्रेस पिछली बार से ज्यादा सीटें जीतेगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा को ''खेल करने'' का मौका भी नहीं मिलेगा. वहीं भाजपा ने ऐसा दावा किया गया है कि तालमेल के अभाव में कांग्रेस सरकार ज्यादा दिन नहीं चला पाएगी. इसको लेकर मुख्यमंत्री बघेल ने पत्रकारों से कहा कि इसका मतलब है कि भाजपा ने मान लिया है कि वह हार रही है. जहां तक आंकड़ों की बात है तो मेरा मानना है कि इस बार पिछली बार की तुलना में ज्यादा सीटें आएंगी तो उनको खेलने का भी मौका भी नहीं मिल पाएगा. वे 3 दिसंबर तक जो कहना चाहते हैं कह सकते हैं. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शनिवार को दुर्ग स्थित अपने गांव पहुंचे थे जहां उन्होंने धान के खेतों का दौरा किया और यहीं उन्होंने पत्रकारों से भी बातचीत की। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे.

# ...तो होटल में तय होगा सीएम का नाम

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के बाद प्रत्याशियों का भविष्य ईवीएम में बंद हो गया है. कौन जीतेगा कौन हारेगा, 3 दिसंबर को नतीजे आने के बाद साफ हो जाएगा. मगर भाजपा ने किसी भी तरह की गड़बड़ से बचने के लिए नतीजों के बाद विधायकों की बाड़बंदी करेगी. एक-दो दिन में प्रदेश के वरिष्ठ नेता बैठ कर बाड़बंदी की रूपरेखा तैयार करेंगे. इसके बाद पार्टी प्रत्याशियों को इसकी सूचना भेजी जाएगी. सूत्रों की मानें तो पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलने की स्थिति में जयपुर या उसके आसपास किसी होटल या रिसोर्ट में नवनिर्वाचित विधायकों को ठहराया जाएगा. अगर बहुमत पूर्ण नहीं मिला तो प्रदेश के बाहर भी विधायकों को ठहराया जा सकता है. इस बार पार्टी ने सीएम का कोई फेस घोषित नहीं किया है, इस वजह से पार्टी एहतियातन विधायकों की बाड़बंदी कर रही है. बाड़बंदी के दौरान विधायकों को पार्टी की रीति-नीति से अवगत कराया जाएगा. अगर पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलता है तो सीएम का नाम भी इसी होटल में तय होगा.


### वोट प्रतिशत बढ़ने से उत्साहित है पार्टी



वोट प्रतिशत बढ़ने से इस बार भाजपा उत्साहित नजर आ रही है. इस बार करीब करीब 75 फीसदी मतदान हुआ है, ऐसे में पार्टी को उम्मीद है कि उसे पूर्ण बहुमत मिलेगा. 2013 के 75.23 प्रतिशत के मुकाबले 2018 में 74.71 प्रतिशत मतदान हुआ था. करीब 0.52 प्रतिशत मतदान कम हुआ और भाजपा की सत्ता चली गई थी. इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ने की वजह से भाजपा को जीत की उम्मीद है.

# केसीआर बताएं उन्होंने तेलंगाना के लिए क्या किया : राहुल गांधी

**एजेंसी। अंडोले (तेलंगाना)**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव से कहा कि वह सबसे पुरानी पार्टी ने दक्षिणी राज्य के लिए क्या किया, इसपर सवाल उठाने से पहले लोगों को बताएं कि उन्होंने तेलंगाना के लिए क्या किया.

राहुल गांधी ने यहां एक चुनावी रैली में आरोप लगाया कि केसीआर देश में सबसे भ्रष्ट सरकार चला रहे हैं और पैसा कमाने वाले सभी विभाग राव के परिवार के सदस्यों के पास हैं. उन्होंने कहा कि अगर राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है, तो पार्टी द्वारा दी गई 'छह गारंटी' को कैबिनेट की पहली बैठक में ही कानून का रूप देकर इसे लागू कर दिया जाएगा. राहुल गांधी ने कहा, आज तेलंगाना में दोराला सरकार (सामंती सरकार) और प्रजाला सरकार (जनता की सरकार) के बीच लड़ाई है. आपके मुख्यमंत्री पूछ रहे हैं कि कांग्रेस ने क्या किया है. सवाल यह नहीं है कि कांग्रेस ने क्या किया है, सवाल यह है कि केसीआर ने क्या किया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य तेलंगाना में बीआरएस को और बाद में राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा को हराना है.

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# पर्वतारोहण होता है रोचक और युवा इसमें भी बना सकते हैं अपना कॅरियर

**एजुकेशन रिपोर्टर। रजनीश प्रसाद**

पर्वतारोहण शब्द का आशय उस खेल, शौक या पेशे से है, जिसमें पर्वतों पर चढ़ाई, स्कीइंग और सुदूर भ्रमण सम्मिलित हैं. पर्वतारोहण करने वाले व्यक्ति को पर्वतारोही कहा जाता है. पर्वतारोहण को तीन शाखाओं में बांटा गया है, जिसमें चट्टानों पर चढ़ने की कला, बर्फ से ढके पर्वतों पर चढ़ने की कला और स्कीइंग की कला तीनों में सुरक्षित बने रहने के लिए अनुभव, शारीरिक क्षमता व तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता होती है. बछेंद्री पाल ने जब इस करियर की ओर कदम बढ़ाए तो ये एक पुरुष प्रधान करियर था. उनके आने से पर्वतोहियों के बीच एक नया उत्साह भर गया था. पर्वतारोहण को ऐसे खेल के तौर पर जाना जाता है जो बर्फ के पहाड़ों को चढ़ने के इर्द-गिर्द ही घूमती है.

### पर्वतारोहण के प्रकार

- **अल्पाइन क्लाइम्बिंग-** अल्पाइन क्लाइम्बिंग का मतलब सख्त पहाड़ों को चढ़ना है. ऐसे पहाड़ आमतौर पर कम ऊंचे होते हैं. इस पर चढ़ाई करने के लिए आपको एंकर, रस्सी, हार्निस और ट्रेड गियर की जरूरी पड़ती है.
- **ग्लैशीएटेड पीक्स-** वो पहाड़ जो पूरे साल बर्फ से ढके रहते हैं वो ग्लैशीएटेड पीक कहलाते हैं. ऐसे पहाड़ों पर चढ़ने के लिए आपको ग्लेशियर ट्रेवल की ट्रेनिंग लेनी पड़ती है. इसके लिए आपको कुछ खास टूल्स की जरूरत होती है जैसे एंकर, रस्सी, क्रैंपन और आइस एक्स आदि.
- **स्क्रैम्बलिंग -** उन पहाड़ों को चढ़ना जो छोटे होते हैं और जिन पर चढ़ने के लिए खास ट्रेनिंग की जरूरत नहीं होती है वह स्क्रैम्बलिंग कहलाती है. इसमें कोई खास इक्विपमेंट की जरूरत भी नहीं होती है. स्क्रैम्बलिंग के लिए सामान्य हैलमेट और नी पैड की जरूरत होती है.
- **हाई-एल्टीट्यूड क्लाइम्बिंग-** 18000 फीट से ऊंचे पहाड़ों को चढ़ना इस श्रेणी में आता है. इन पहाड़ों पर चढ़ने वाले पर्वतारोही रॉक और स्नो दोनों ही क्लाइम्बिंग में परफेक्ट होने चाहिए.

### पर्वतारोही बनने के उद्देश्य

आपको ग्रेनाइट फेसेज, ग्लेशिएटेड माउंटेन, टेक्निकल रूट, मिक्स्ड क्लाइम्बिंग आदि में से अपने लिए वो चुनना होगा, जिनके साथ आप शुरुआत करेंगे. चढ़ाई के लिए उद्देश्य बनाने के लिए आपको सबसे पहले ऊंचाई पर ध्यान देना होगा. शुरुआत में अपको छोटी उद्देश्य निश्चित करनी होंगी. एक बार जब आप अपने चुने हुए विकल्प की चढ़ाई कर लेंगे तब आप दूसरे विकल्पों को भी चुन सकते हैं. सामान्य विकल्पों के साथ कंफर्टेबल हो जाने के बाद आप माउंटेनेरिंग के दूसरे विकल्प आजमा सकते हैं.



### पर्वतारोही बनने के लिए आवश्यक स्किल्स

- शारीरिक और मानसिक मजबूती
- धैर्य
- लीडरशिप
- दृढ़ता
- क्रिटिकल थिंकिंग एबिलिटीज
- दृढ़ निश्चय

### भारत के टॉप 10 माउंटेनियर्स

- कृष्णा पाटिल
- मालवथ पूर्ण
- असीम मुखोपाध्याय
- मोहन सिंह कोहली
- नरेंद्र धर जयाल
- मंदीप सिंह सोइन
- गुरदयाल सिंह
- नरेंद्र कुमार
- सुदीप्त सेनगुप्ता
- बचंदरी पाल
- अरुणिमा सिन्हा

### इन बातों का रखें ध्यान

- **पर्वतों के बारे में जानें**

एक सफल पर्वतारोही बनने के लिए पर्वतों के बारे में जानना आवश्यक है. पर्वत किस देश में है और वहां का मौसम कैसा है. पर्वत की प्रकार यानि – बर्फीला, चट्टानी, हरा भरा आदि. पर्वत की प्रकृति के बारे में जानना एक पर्वतारोही के लिए अत्यंत आवश्यक है.

- **अपनी फिटनेस पर दे ध्यान**

पर्वतारोही बनने के लिए फिटनेस सबसे आवश्यक है. फिटनेस ट्रेनिंग के लिए रोज जॉगिंग या स्प्रिंट की प्रैक्टिस करें. अपनी फिटनेस पर पकड़.बनाने के लिए जिम भी एक बेहतरीन ऑप्शन है. जिम में वेट ट्रेनिंग इसके लिए सबसे अहम है, जिससे आपकी मांशपेशी मजबूत होगी. वहीं मानसिक मजबूती के लिए योग सबसे महत्वपूर्ण है.

- **सटीक उपकरणों का चयन करें**

पर्वतारोही बनने के लिए उपकरणों की समझ होनी आवश्यक हैं. यदि आपको के2, एवेरेस्ट, कैलाश पर्वत आदि जैसे दुनिया के सबसे मुश्किल पहाड़ों की चढ़ाई करनी है, तो उसके लिए हार्नेस, हेलमेट, बैकपैक, रोप, आइस एक्स (कुल्हाड़ी), क्रेम्पोंस आदि होने चाहिए. वहीं अगर रात में चढ़ाई करनी है तो टॉर्च आदि भी आपके पास होनी आवश्यक है.

- **पर्वतारोहण कोर्स करें**

पर्वतारोहण को बारीकी से समझना है, तो आपको प्रोफेशनल कोर्सेज में एडमिशन लेने की आवश्यकता होगी. यह कोर्स ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों हो सकती हैं. इसमें आपको पर्वत और उसके मौसम से लेकर संपूर्ण जानकारी मिलेगी.

### पर्वतारोहण के कोर्स और इंस्टिट्यूट माउंटेनरिंग इंस्टिट्यूट

- अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण और संबद्ध खेल संस्थान, हिमाचल प्रदेश
- राष्ट्रीय पर्वतारोहण और संबद्ध खेल संस्थान, अरुणाचल प्रदेश
- भारतीय स्कीइंग और पर्वतारोहण संस्थान, जम्मू कश्मीर
- पंडित नैन सिंह सर्वेयर पर्वतारोहण प्रशिक्षण संस्थान, उत्तराखंड
- हाई एल्टीट्यूड वेलफेयर स्कूल, जम्मू कश्मीर
- सोनम ग्यात्सो पर्वतारोहण संस्थान, सिक्किम

- **पर्वतारोही बनने के लिए किन-किन टूल्स की होती है आवश्यकता**

पर्वतारोही बनने के लिए आपके पास जरूरी इक्विपमेंट होनी चाहिए. इसके साथ सही कपड़े और टूल की भी होगी. पर्वतारोहण करने के लिए खास फेब्रिक से बने कपड़े ही पहने जाते हैं, जो पर्वतारोही के शरीर को गरम रखते हैं. मोजे, जूते और एक छोटा बैकपैक और ऑक्सीजन सिलेंडर भी होना चाहिए, जिसमें आप अपनी जरूरत का सामान रख सकें. हेलमेट, हार्नेस, लंबी रस्सी इन्हीं जरूरी चीजों में शुमार है. फूड केन्स, फर्स्ट एड किट, टॉर्च या हेड लैंप भी पर्वतारोहण के दौरान परिस्थितियों का सामना करने के लिए जरूरी हैं.

- **योग्यता**

पर्वतारोही बनने के लिए सबसे जरूरी है आपकी शारीरिक क्षमता. इस फील्ड के लिए सबसे जरूरी आवश्यकता स्वस्थ्य शरीर है. अपने शरीर पर काम करना शुरू करें और उद्देश्य निश्चित करें.

### पर्वतारोहण में कॅरियर के अवसर

- माउंट एवरेस्ट अभियान
- माउंट देव टिब्बा अभियान
- माउंट हनुमान टिब्बा अभियान
- ब्लैक पीक अभियान
- माउंट सीबी 12 और माउंट सीबी 14 अभियान
- माउंट गंगोत्री 3 अभियान
- मकालू अभियान
- नुप्टसे अभियान
- अमा डबलम अभियान
- पुमोरी अभियान
- बरंटसे अभियान

### लोकप्रिय जॉब प्रोफाइल्स

- पर्वतारोही
- क्लाइंबिंग फोटोग्राफर
- पर्वतारोहण गाइड
- प्रशिक्षक के लिए चढ़ाई गाइड
- चढ़ाई रेंजर
- प्रयोजित रॉक क्लाइंबर
- क्लाइंबिंग राइटर

### दुनिया के टॉप 10 माउंटेनियर्स

- निर्मल 'निम्स' पुर्जा
- आंद्रेज बार्गिएल
- डेनिस उरुबको
- कॉनराड एंकर
- कॉलिन हेली
- पॉल रैम्सडेन
- विल गैड
- कामी रीता
- रॉबर्ट जैस्पर
- सिमोन मोरो
- तेनज़िंग नोर्गे
- एडमंड हिलेरी


मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)

## स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

संवाददाता। झुमरीतिलैया (कोडरमा)

कोडरमा गौशाला मेला समिति के अंतर विद्यालय समूह नृत्य प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन शिव वाटिका झुमरीतिलैया में 25 नवंबर को किया गया.इस कार्यक्रम में कोडरमा जिले के सभी ख्याति प्राप्त विद्यालयों ने भाग लिया था. उसमें स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल को भी भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ.

इस अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का समानांतर रूप से प्रतियोगिता में प्रदर्शन दिखलाया. यह छोटा सा विद्यालय अपनी लगन और अथक प्रयास कछुआ की भांति चलते हुए और अपने मंजिल की ओर चलते हुए समाज में एक अपनी पहचान बनाने का निरंतर प्रयास कर रहा है. कार्यक्रम के सफलता में विद्यालय के निर्देशक सूरज कुमार सह निदेशक दीपक कुमार,वरिष्ठ शिक्षिका प्रीति देवी, सहायक शिक्षिका काजल कुमारी, प्रियंका कुमारी व पूजा कुमारी की सराहनीय भूमिका रही है. प्रतिभागी चाहत कुमारी, श्रुति, नैंसी,प्रेरणा,वंशिका और संजना ने अपने लगन और विद्यालय तथा परिवार जनों के सहयोग से उस मंच तक पहुंचने का सफलतापूर्वक प्रयास किया है.

### मंडलकारा में लगाया गया विधिक जागरूकता शिविर

# संविधान दिवस पर बंदियों को मिली कानून की पुख्ता जानकारी

संवाददाता। कोडरमा

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में मंडल कारा कोडरमा में जेल अदालत एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. बंदियों के बीच आयोजित विधिक जागरूकता शिविर के मुख्य अतिथि एलएडीसीएस की डिप्टी चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल किरण कुमारी ने कहा कि बंदी अपने बीच से नकारात्मक सोच को हटाकर सकारात्मक सोच पैदा करे. मुख्य धारा में शामिल हो ताकि स्वस्थ समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके.

उन्होंने बंदियों को प्ली-बार्गेनिंग की जानकारी दी. कहा कि इसके तहत बंदी अपना दोष स्वीकार कर अपनी सजा कम करा सकते हैं. वही डिप्टी चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल राजेंद्र मंडल ने अपने संबोधन में भारतीय सविंधान में बंदियों के लिए प्रदत मौलिक अधिकारों को काफी विस्तार से बताया. असिस्टेंट लीगल डिफेंस काउंसिल अरुण कुमार ओझा ने कहा कि किसी भी मामले में आधे से अधिक सजा काट चुके बंदी अपना दोष स्वीकार कर कारा मुक्त हो सकते है यदि वह अपराध बच्चो एवं महिलाओं के विरुद्ध नहीं हो. असिस्टेंट लीगल डिफेंस काउंसिल ललन चौधरी ने कहा कि जेल में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति अपने आप को अपराधी नही माने. कार्यक्रम का संचालन न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह ने किया. मौके पर जेल कर्मी राजीव कुमार, मोहम्मद मोईनुद्दीन, पंकज कुमार सहित सैकड़ो बंदी मौजूद थे.



**खास बातें**

- बंदियों को प्ली-बार्गेनिंग के बारे में जानकारी दी गयी
- जेल में आने वाला हर व्यक्ति अपराधी नहीं हो सकता है

## 29 को स्थायी लोक अदालत का आयोजन करेगा बीओआई

संवाददाता। मरकच्चो (कोडरमा)

बैंक ऑफ इंडिया मरकच्चो एवं जामु शाखा के द्वारा 29 नवंबर को स्थायी लोक अदालत का आयोजन किया जायगा. उक्त बातों की जानकारी शाखा प्रबंधक सुशील कुमार ने दी.उन्होंने बताया कि एनपीए खाताधारी जो किसी कारणवश कई वर्षो से ऋण खाता को सही तरीक़े से नही चला पाए है.वह खाता बर्बाद हो गया है, उनके लिए यह सुनहरा अवसर है. एनपीए खाते पर एक मुश्त समझौता करने पर भारी-भरकम छूट दी जाएगी. उन्होंने बताया कि शिविर में बैंक ऑफ इंडिया हजारीबाग अंचल से वरीय अधिकारी, कोडरमा कोर्ट से स्थाई लोक अदालत के चेयरमैन जज रतन किशोर तिवारी ,सदस्य बालेश्वर राम, बैंक ऑफ इंडिया कोडरमा से अग्रणी जिला प्रबंधक निवास कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक विमल कांत झा समेत बैंक ऑफ इंडिया मरकच्चो एवं जामु शाखा के प्रबंधक समेत सभी कर्मी उपस्थित रहेंगे.






## जन अधिकार संघर्ष मोर्चा के बैनर तले मनाया गया संविधान दिवस

**जयनगर (कोडरमा)।** जयनगर प्रखंड के पिपचो चौक के समीप बाबा धाम सेड पर जन अधिकार संघर्ष मोर्चा के बैनर तले संविधान दिवस मनाया गया. इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने संविधान दिवस के अवसर पर एक साथ संविधान की उद्देशिका को पढ़कर संविधान की शपथ ली. शपथ के बाद संबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित युवा नेता उमेश यादव ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान की महत्व एवं संविधान का इतिहास की जानकारी दी . कार्यक्रम को मोहम्मद कौसर खान, सुरेश राणा, सकलदेव राम आदि ने भी संबोधित किया. मौके पर बैजनाथ यादव, भीमचंद दास, मोहम्मद कौसर खान, विजय पासवान, राजकुमार पासवान, शक्ति पासवान, राजेश दास, संतोष कुमार, भोला यादव, संतोष कुमार यादव, उमेश दास, बैजू रविदास, मुकेश दास, शिव शंकर दास, संजय पासवान, आदि उपस्थित थे.







## व्यवहार न्यायालय में मना संविधान दिवस

संवाददाता। कोडरमा

सविंधान दिवस के पर कोडरमा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय कोडरमा के परिसर में सभी न्यायिक पदाधिकारियों, न्यायालय कर्मियों द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना को सामूहिक रूप से पढ़ा.भारतीय संविधान को सर्वोच्च एवं अक्षुण्ण बनाये रखने का संकल्प लिया गया. कार्यक्रम का नेतृत्व एवं मार्गदर्शन कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा विरेन्द्र कुमार तिवारी ने किया. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार तिवारी ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा. जिसे उपस्थित न्यायिक पदाधिकारी, न्यायालय कर्मियों द्वारा दुहराया गया. इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि देश के सभी नागरिकों को अपने अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के बीच सामंजस्य स्थापित करते हुएअपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लेना चाहिए. यही सविंधान दिवस की सबसे बड़ी सार्थकता होगी. उन्होंने कहा कि किसी दिवस को बार-बार मनाने की प्रासंगिकता यह है कि हम उससे कुछ सीख लें. अपने संबोधन में प्रधान जिला जज ने कहा कि भारतीय सविंधान में उल्लेखित अधिकारों एवं कर्तव्यों का पालन करना हर व्यक्ति की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए. कार्यक्रम का संचालन न्यायलयकर्मी रणजीत कुमार सिंह ने किया.

### सतगुरु रविदास बेगमपुरा में मना संविधान दिवस

**मरकच्चो (कोडरमा)।** सतगुरु रविदास बेगमपुरा चेरिटेबल ट्रस्ट( रजि.) के तत्वाधान में मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम में संविधान दिवस मनाया गया. जिसमें प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से सामाजिक कार्यकर्तागण कार्यक्रम में सम्मलित हुए .कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब डा.अंबेडकर की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया. इस अवसर पर समाजसेवी मो. खलील ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान की महत्ता को बताया .अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन, झारखंड प्रदेश प्रभारी सुरेंद्र रविदास ने बाबा साहब डा. अंबेडकर की संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण योगदानों पर प्रकाश डालते हुए संविधान की अध्ययन हेतू प्रेरित किया .समाजसेवी जगदीश रविदास ने संविधान के मौलिक अधिकारों एवं विभिन्न संवैधानिक प्रावधानों को बताया .युवा समाजसेवी अनिल रविदास ने भारतीय संविधान की शपथ दिलाई .कार्यक्रम का संचालन आलोक दास ने किया. मौके पर किसुन दास, शिक्षक सहदेव दास, अधिवक्ता विजय कुमार दास, सुरेश पासवान, रविदास, सोहराब, विवेक दास, नेहाल आलम, लाडला वारसी, मिन्हाज अंसारी, आदि मौजूद थे.








## श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ का हुआ समापन

संवाददाता। मरकच्चो (कोडरमा)

मरकच्चो प्रखंड के उत्तरी पंचायत स्थित कन्हेअहरी में 20 नवंबर से चल रहे एकादशी व्रतोद्यापन सह श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ का समापन भव्य भंडारे के साथ हुआ. समापन के मौके पर पूर्णाहुति, कन्या पूजन, ब्राह्माण भोजन एवं भंडारा का आयोजन किया गया. भंडारे में काफी संख्या मे लोगों ने महायज्ञ का प्रसाद ग्रहण किया. समापन के पूर्व शनिवार की दोपहर गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण को लेकर यज्ञ स्थल से शोभा यात्रा निकाली गई. शोभा यात्रा यज्ञ स्थल से निकलकर, चंचाल मंडा, कोटवार मुहल्ला, काली मंडा, बड़ा अखाड़ा, दरगाह मुहल्ला, श्रीनगर समेत सार्वजनिक दुर्गा मंदिर, चंचाल मंडप समेत कई मंदिरों का भ्रमण किया.शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुयों ने धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सदभावना हो, गौ माता की जय आदि नारे लगाए जा रहे थे। वहीं शनिवार की रात्रि विधायक डॉ.नीरा यादव भी यज्ञ आयोजन में शामिल होकर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की. इस अवसर पर प्रमुख विजय सिंह, मुखिया रंजीत कुमार सिंह,कैलाश यादव, राजकुमार यादव, यज्ञकर्ताअनार देवी,सुनील सिंह, विकास समेत सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थे।

## खेल से स्वास्थ्य होता है बेहतर : सुधीर मंगलेश


**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के सिकनी में एसपीएल क्रिकेट सीजन 2 मेगा फ़ाइनल मैच का शुभारंभ के मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया. मौके पर सुधीर मंगलेश ने कहा कि खेलकूद में हार जीत लगा रहता है। खिलाड़ी को लक्ष्य निर्धारित कर खेलना चाहिए. खेल जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। साथ ही खेल के क्षेत्र में भी कैरियर के बेहतर विकल्प भी है. एवं खेल से हमें अनुशासन और एकता की सीख मिलती है. खिलाड़ियों को हार से निराश नहीं होना चाहिए, हार से ही सीख मिलती है. आगे बढ़ने की भी प्रेरणा मिलती है.

## मेरिडियन एकेडमी ने शिवतारा को 84 रन से हराया


**कोडरमा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में मेरिडियन अकादमी और शिवतारा शिशु मंदिर के बीच मैच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेरिडियन अकादमी ने निर्धारित 30 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 197 रन बनाए। जिसमें सतीश ने 51 रन पीयूष ने 40 रन और प्रिंस ने 27 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए शिवतारा शिशु मंदिर की ओर से पीयूष और प्रिंस ने दो दो विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी शिव तारा शिशु मंदिर की टीम 16 ओवर में 113 रन ही बना सकी। जिसमें मयंक ने 19 रन शिवम 17 रन और सनी का 15 रन का योगदान रहा। गेंदबाजी करते हुए मेरिडियन अकादमी की ओर से सतीश ने पांच विकेट और आर्यन ने दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच मेरेडियन अकादमी के सतीश कुमार को मिला। मैच में अंपायर अमित कुमार और मोहित कुमार तथा स्कोर नयन कुमार थे।

## जाली नोट चलाने के आरोपी को भेजा गया जेल

**मरकच्चो(कोडरमा)।** मरकच्चो पुलिस ने थाना क्षेत्र के नावाडीह बाजार में जाली नोट चलाने के आरोपी सूरज कुमार को आवश्यक पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में कोडरमा जेल भेज दिया है. उल्लेखनीय है कि आरोपी युवक को नावाडीह स्थित साप्ताहिक हाट से एक सब्जी बेचने वाले दुकानदार ने ग्रामीणों के सहयोग से हाट में खरीदारी के दौरान जाली नोट चलाने के दौरान पकड़ा था, युवक के पास से छह जाली पचास के नोट बरामद भी किये गये थे. जाली नोट बाजार में खपाने वाले उसके अन्य सहयोगियों की तलाश कर रही है.



## रिम्स ओपीडी

सुबह 9 से दोपहर 1 और शाम 3 से 5 बजे तक

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|
| मेडिसिनः | डॉ विद्यापति |
| सर्जरीः | डॉ शीतल मलुआ |
| कार्डियोलॉजीः | डॉ प्रकाश कुमार |
| ऑर्थोपेडिकः | डॉ विनय प्रभात |
| न्यूरोसर्जरीः | डॉ सीबी सहाय |
| टीबी एवं चेस्टः | डॉ ब्रजेश मिश्रा |
| ऑब्स गायनीः | डॉ एसबी सिंह |
| सीटीवीएसः | डॉ अंशुल कुमार |
| न्यूरोलीजीः | डॉ सुरेंद्र कुमार |
| ईएनटीः | डॉ आरके चौधरी |
| सायकेट्रीः | डॉ अजय बाखला |
| प्लास्टिक सर्जरीः | डॉ विक्रांत रंजन |
| पीएमआरः | डॉ अमित चैतन्य |
| रेडिशन ऑन्कोलॉजीः | डॉ अनूप कुमार |
| सर्जिकल ऑन्कोलॉजीः | डॉ अजीत कुमार कुशवाहा |
| यूरोलॉजीः | डॉ अरशद जमाल व डॉ राणा प्रताप सिंह |

## कोडरमा का मौसम

- **न्यूनतम तापमान :** 29 डिग्री सेल्सियस
- **अधिकतम तापमान :** 31 डिग्री सेल्सियस
- संभावित बारिश की स्थिति शून्य मिमी
- आसमान में 32% बादल छाए रहेंगे
- **हवा की रफ्तार :** 06 किमी प्रति घंटे

## ब्रीफ खबरें

### धरती आबा की प्रतिमा हटाने नहीं देंगे : रंजीत

**बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत खोडाहर पंचायत के जतरा मेला टांड़ में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने पर वन विभाग की कार्रवाई के ख़िलाफ़ लोगों में ख़ासा आक्रोश देखा जा रहा है. वन विभाग ने वन विभाग की भूमि पर प्रतिमा स्थापित को अवैध करार दिया है. मामले में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चन्द्रवंशी ने कहा कि जिस धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने अपने अदम्य साहस से अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिया. जिनके नाम पर झारखंड राज्य की पहचान है, आज उनके ही प्रतिमा को अवैध करार दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है.

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने की बैठक

**दारु।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई के द्वारा आगामी 10 दिसंबर को होने वाले आम सभा तथा स्व राजेंद्र प्रसाद की जयंती समारोह की समापन कार्यक्रम जो नगर भवन में होना है. तैयारी को लेकर जिलाध्यक्ष अरूण प्रभात सिन्हा की अध्यक्षता एवं कार्यकारी अध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद की अगुवाई में जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों की बैठक हुई. इसमें कार्यकारिणी के सदस्यों ने शिरकत की .इसकी जानकारी जिला कार्यकारिणी संतोष कुमार सिन्हा ने दिया.

### यूथ विंग ने शुरू किया कंबल वितरण कार्यक्रम

**हजारीबाग।** शहर के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग 500 से अधिक कंबल का इस वर्ष वितरण करेगा. पिछले दो वर्षों से ठंड के मौसम में गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के लिए कंबल का वितरण किया जा रहा है. पहली पाली में 500 सौ से अधिक कंबल का वितरण किया जाएगा. रविवार को बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण से वितरण प्रारंभ किया गया. इसके बाद मंडई क्षेत्र के आसपास के इलाकों में कंबल का वितरण किया गया.

### कॉलेज में मनाया गया 75वां एनसीसी दिवस

**हजारीबाग।** संत कोलंबस कॉलेज में 75वां एनसीसी दिवस मनाया गया. इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट एसके पांडेय और कॉलेज के पूर्व कैडेट विवेक तिवारी शामिल हुए.उन्होंने कैडेट्स को इस अवसर पर बधाई दी. कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के सभागार में दीप प्रज्जवलन हुईं. कैडेट्स के द्वारा इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई. जिसमें झारखंड की संस्कृति की झलक दिखाई गई. कार्यक्रम के दौरान 26/11 हमले में शहीद हुए जवानों को मौन रखकर श्रद्धांजलि भी दी.


### ग्रामीण कह रहे, कहीं स्वच्छ भारत मिशन के जैसा हाल ना हो जाए हर घर नल-जल योजना का

# फंड का अभाव: हर घर जल-नल योजना की रफ्तार धीमी

**शुभम संदेश ग्राउंड रिपोर्ट**

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

जिले में हर घर जल नल योजना का काम पिछले डेढ़ वर्षों से लगातार हो रहा है. आज तक धरातल पर काम नहीं उतर पाया है. हां, अगर कहीं-कहीं हर घर जल नल योजना की शुरुआत हुई , लेकिन चालू होते ही कहीं पानी की टंकी फट गयी, तो कहीं मोटर खराब हो गए. दरअसल, हर घर जल नल योजना सरकार के ग्रामीण इलाकों में लोगों को पानी उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी योजना है. निर्देश भी दिया था कि हर ग्रामीण को हर घर जल नल योजना से जोड़ा जाएगा, लेकिन फंड के अभाव से पिछले डेढ़ वर्षो से संवेदक ध्नीमी रफ्तार से काम कर रहे हैं, हालांकि किसी संवेदक का 10% तो किसी का 20 परसेंट तक भुगतान विभाग ने किया है.यही कारण है कि भुगतान नहीं होने की वजह से संवेदक धीरे-धीरे काम कर रहे हैं.





**आदर्श ग्राम लोटवा में संवेदक की मनमानी :** ताजा मामला इचाक प्रखंड के आदर्श ग्राम लोटवा स्थित पंडरा का है . योजना चालू होते ही पानी की टंकी फट जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने संवेदक पर कई गंभीर आरोप लगा रहे हैं .ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक के द्वारा घटिया सामान प्रयोग किया गया.

#### क्या कहते हैं ग्रामीण

**पानी की टंकी नहीं लगी**

इस संबंध में मोनिता कच्छप ने बताया कि घनी आबादी के बीच जगह रहने के बावजूद भी पानी की टंकी नहीं लगायी गयी. पैसा बचाने के चक्कर में जहां चार घर हैं, वहीं पानी की टंकी लगाया गया.

**योजना बर्बाद नहीं होने देंगे**

लोटवा गांव के अरुण कुमार ने बताया कि यह योजना शौचालय के जैसा नहीं होने देंगे, हम खुद ग्रामीण जागरूक है. लोगों को जागरुक कर सरकार का सपना को साकार करेंगे और नल जल योजना का लाभ लेंगे, यह योजना ग्रामीण के लिए है.

#### क्या कहते हैं संवेदक

**विभाग फंड नहीं दे रहा**

इस संबंध में आधा दर्जन संवेगों ने बताया कि विभाग के द्वारा ठेकेदारी तो लिए थे लेकिन फंड नहीं मिला है किसी को 10% तो किसी को 20% ही दिया गया है. ऐसे में पूरा पैसा घर से लग रहा है.

**शिकायत पर होगी कार्रवाई**

इस संबंध में पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि संवेदक को कुछ भुगतान हुआ है. फंड का अभाव है. संवेदक के खिलाफ आवेदन आता है, कार्रवाई की जाएगी. लोटवा में टंकी फटा है तो वहां नई टंकी लगाई जाएगी यहां प्लास्टिक टंकी का योजना थी.

### डीवीसी परियोजना के केंद्रीय कार्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

# हमारा संविधान लोकतंत्र का संवाहक है : प्रो मोइत्रा

संवाददाता। हजारीबाग

वीसी में परियोजना में रविवार को संविधान दिवस समारोह का आयोजन दाघानि के केन्द्रीय कार्यालय के सभागार में किया गया .इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह वक्ता प्रो सुकल्याण मोइत्रा, अध्यक्ष,राजनीति विज्ञान विभाग सह जन संपर्क पदाधिकारी, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हज़ारीबाग़ एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति के बीच संजय कुमार, निदेशक –सह-परियोजना प्रमुख अमीत कुमार शील, डॉ. अशोक कुमार,विनय कुमार, विश्वजीत, दिपक कुमार, हजारीबाग की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया.

कार्यक्रम की शुरूआत में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए दाघानि हजारीबाग के परियोजना प्रमुख संजय कुमार ने कहा कि हमलोगों के संविधान के बने हुए 73 वर्ष हो चुके हैं , लेकिन जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यभार संभाला है 2014 से प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जा रहा है. हमारा संविधान समुचे दुनिया में लोकतंत्र का संवाहक है और हमें इसपर गर्व है .मुख्य अतिथि प्रो सुकल्याण मोइत्रा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सांस्कृतिक रूप से सबसे सशक्त, समृद्ध और पुराना देश है. हममें सभी को समाहित करने की परंपरा रही है. इसी के चलते आज भी हमारी परंपराएं अक्षुण्ण है. भारत को सबसे पुरानी सभ्यता वाला देश बताते हुए कहा कि भारत एक मात्र ऐसा है जहां की संस्कृति प्रत्येक संस्कृति को अपने में समाहित करने की क्षमता रखती है.



हमारे संविधान निर्माताओं ने देश का किसी भी एक धर्म को अंगीकार न करके सभी धर्मों को समान रूप से सम्माान दिये जाने की बात कही है. हमारी संस्कृति समरसता वाली रही है.कार्यक्रम के दौरान हजारीबाग के जमीन से जुड़े पर्यावरणविद् मनोज कुमार, डॉ.राजकुमार चौबे,मनमथ नाथ मिश्र,नरेन्द्र त्रिवेदी, स्वपन कुमार भद्र, अर्द्धेन्दु द्वारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ जितेन्द्र झा के द्वारा किया गया. आयोजन को सफल बनाने में राहुल रंजन,सुनील कुमार, धीरज कुमार, अरूण कुमार सिन्हा, मदन कुमार, गंगाधर महत्तो, दीपक राणा, अरविंद कुमार, शंकर सिंह, सुबोध बागदी, गणेश बाबा आदि की महत्व पूर्ण भूमिका रही.

### भारतीय संविधान सर्वश्रेष्ठ : प्रो. बीपी सिंह

**हजारीबाग।** भारत के संविधान निर्माताओं ने स्वतंत्र भारत के निर्माण को आर्थिक न्याय और समाजवादी लोकतंत्र पर आधारित किया है .भारतीय संविधान दुनिया के सभी संविधान में सर्वश्रेष्ठ है. उक्त बातें प्रोफेसर बीपी सिंह ने कही. बतौर मुख्य अतिथि प्रो. सिंह संबोधित कर रहे थे. आगे कहा कि भारत ने ना तो अमेरिका की भांति न्यायिक सर्वोच्चता को और ना ही इंग्लैंड की भांति संसद की सर्वोच्चता को स्वीकार किया है. विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ प्रमोद कुमार ने कहा कि संविधान सभा में हजारीबाग से दो सदस्य बाबू राम नारायण सिंह व कृष्ण बल्लभ सहाय थे. आचार्य विनोबा भावे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. कुलसचिव सह वाणिज्य विभाग के संकायअध्यक्ष डॉ मोख्तार आलम ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया. डॉ अजय बहादुर सिंह ने उपस्थित सभी से संविधान की प्रस्तावना का शपथ पाठ किया.

### साइबर गिरोह के तीन नाबालिग गिरफ्तार

**हजारीबाग।** जिले में साइबर अपराधियों का कई गिरोह सक्रिय हैं.गिरोह में नाबालिग बच्चे भी शामिल हैं. जो पढ़ाई की आड़ में साइबर ठगी को अंजाम दे रहे थे. मुफस्सिल थाना पुलिस ने ऐसे गिरोह का पर्दाफाश करते तीन नाबालि्ग को गिरफ्तार कर लिया है . पूछताछ के बाद तीनों नाबालिग को रिमांड होम भेज दिया गया है. यह जानकारी मुफस्सिल थाना प्रभारी बजरंग महतो ने दी. उन्होंने बताया कि तीनों की गिरफ्तारी ओरिया बाईपास के पास की गई है. पकड़े गए तीनों नाबालिग में दो बरकट्ठा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं. तीनों नाबालिग छात्रा है.कॉलेज में पढ़ाई करते हैं.इसमें एकअमृत नगर और दूसरा ओरिया में किराए पर कमरे लेकर रहा रहा था. जबकि तीसरा नाबालिग धनबाद का रहने वाला है. वह कल्लू चौक के पास डेरा लेकर रहता है. पुलिस ने उनके पास से सात एंड्रॉयड मोबाइल, एक लैपटॉप, 23 फर्जी सिम कार्ड और छेड़छाड़ किया है. कई आधार कार्ड बरामद किया है.

## प्रॉपर्टी बाजार

- **लोकेशन- वार्ड न.18/19 मेन**

| | |
|---|---|
| बाजार दर : | 25 लाख रुपए प्रति डिसमिल |
| बस स्टैंड से दूरी : | 01 किमी |
| रेलवे स्टेशन से दूरी : | 01 किमी |
| आसपास के स्कूल : | सरकारी विद्यालय- एक भी नहीं, प्राइवेट स्कूल 2 |
| पास का सब्जी बाजार : | 500 मीटर पर झंडा चौक |
| बाजार आवागमन का साधन : | ऑटो, रिक्शा |

## हेल्थ अलर्ट

**अस्पताल का नाम- हॉप क्लिनिक बाईपास रोड**

- **ऑर्थोपेडिक डॉक्टर :** डॉ सुजीत कुमार राज स्थान
- **इलाज :** एम. एस सर्जन

## खान-पान

**रेस्टूरेंट का नाम : कन्हिया**

| | |
|---|---|
| नाश्ते में क्या : | सभी तरह के पराठे,पकोड़े |
| दिन व रात का भोजन में क्याः | डोसा, इडली, समोसा, चाइनीज समोसा, मिठाईयां |
| खास क्या है : | चाइनीज समोसा, मिठाईयां |
| वेज या नॉनवेज : | वेज |
| पार्सल की व्यवस्था है : | हां |
| होम डिलिवरी देते हैं : | हां |

- संचालक का कहना है कि हमारे यहां की चाइनीज समोसा, काजू कतली, कलाकंद बेहद खास है. कोडरमा के सभी जगहों से लोग यहां आते हैं. साफ-सफाई के साथ-साथ ताजा खाना, मिठाई खिलाना हमारी प्राथमिकता है.

## घूमें-फिरें

- **स्थल का नाम : राज विद्या केंद्र (झुमरी तिलैया)**

| | |
|---|---|
| शहर से कितनी दूर : | 500 मीटर दूर |
| कैसे पहुंचेंगे : | कार, ऑटो , मोटरसाइकिल आदि से |
| पहुंचने का रूट क्या है : | शहर से आश्रम रोड होकर |



# छठव्रतियों ने अर्पित किया अर्घ्य

संवाददाता। हजारीबाग

कार्तिक मास के अंतिम रविवार को विभिन्न जल स्रोतों पर अस्तगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया. महिलाओं को झील परिसर में अर्घ्य देते हुए देखा गया.

दरअसल हिंदू धर्म में यह मानता है कि जो भी व्यक्ति छठ महापर्व करता है उसे कार्तिक मास के किसी भी एक रविवार को उपवास रहकर अर्घ्य देना होता है.

इस दौरान वह सारा नियम का पालन करना होता है जो छठ के दौरान छठवृत्ति महिलाएं और पुरुष करते हैं. यह भी नियम है कि खड़ना दिन का नियम का पालन करते हुए उपवास रखा जाता है. सूर्यास्त होने के बाद प्रसाद के रूप में खीर खाया जाता हैं. ऐसे में कार्तिक मास के अंतिम रविवार को विभिन्न जलाशयों में लोगों ने स्थलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया .

वहीं सुबह से ही छठवृत्ति महिलाएं और पुरुष अर्घ्य देने की तैयारी में पूरे परिवार के साथ जुटे थे. वहीं आसपास के लोग भी पूजा की तैयारी में सहयोग करने में पीछे नहीं रहे.

### सभी को प्रभु के बताये रास्ते पर चलना चाहिए : बिशप आनंद जोजो

# धूमधाम से मना ख्रीस्त राजा का पर्व

संवाददाता। हजारीबाग

कैथोलिक ईसाई समुदाय द्वारा ख्रीस्त राजा का त्यौहार मनाया गया.इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रभु येसु को संसार का राजा के रूप में देखते हुये उनके बताये मार्ग पर चलने का प्रार्थना किया जाता है. सुबह 10 बजे महागिरजाघर कैथोलिक आश्रम में मिस्सा पूजा के साथ प्रारंभ हुआ. मिस्सा पूजा के मुख्य अनुष्ठाता बिशप आनंद जोजो, साथ में पल्ली पुरोहित फा अन्थोनी,फादर रेमण्ड सोरेंग, फादर टॉमी, फादर विजय, फादर मनोज, फादर समीर,फादर सिल्वस्टर, फादर संतोष, फादर प्रदीप एक्का, फादर राजेंद्र, फादर सैजू इत्यादि ने साथ दिया. धूमधाम से मिस्सा पूजा प्रारंभ हुआ. जिसमें कैथोलिक ईसाई समुदाय भारी संख्या में उपस्थित थे, मिस्सा पूजा के बाद



बिशप आनंद जोजो के अगुवाई में शोभा यात्रा निकाली गयी. बिशप आनद पवित्र साक्रामेंट को आगे आगे खुले वाहन में ले कर चल रहें थे.

शोभा यात्रा कैथोलिक आश्रम से प्रारंभ होते हुए पीटीसी चौक, हीरा बाग़, दीपुगढ़ा चौक, हाऊसिंग कॉलोनी होते हुये डिवाइन आश्रम मरियम टोली में सम्पन्न हुआ. जगह-जगह पर हॉली क्रॉस विश्वासियों द्वारा झांकी भी सजायी गयी थी, कुछ लोग जुलूस यात्री के लिए पीने का पानी का भी स्टॉल भी लगाए थे. शोभा यात्रा के सबसे आगे ढ़ोल मांदर, नगाड़ा के साथ आदिवासी रीति रिवाज के नाचते हुए चल रहें थे . बिशप आनंद ने अपने संदेश में बताया की प्रभु येशु हमारे दिल के राजा है . कार्यक्रम को सफल बनाने में फरदिनन्द लकड़ा, कैथोलिक सभा, महिला संघ, धर्म बहन, धर्म बंधुओं ने सहयोग किया.

### आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**रामगढ़।** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के आलोक में 24 नवंबर 2023 से 29 दिसंबर 2023 तक मनाए जा रहे. आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मैं ग्रामीण पर चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं . दो दिनों के अंदर जिले के अलग-अलग प्रखंडों में आयोजित शिविर के दौरान लगभग 6000 से ज्यादा ग्रामीणों ने विश्व सरकार के विभिन्न योजनाओं के लाभ लिया. अब तक 1000 से ज्यादा आवेदनों को निष्पादित किए गए है.

इसी क्रम में राज्य सरकार की नई गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना से जिले के ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से उपायुक्त द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को अभियान मोड में विद्यार्थियों से आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है.

**सम्मान** डीवीसी सभागार हजारीबाग में आयोजित होगा भव्य कार्यक्रम

# त्रिवेणीकांत ठाकुर साहित्य सम्मान समारोह आज

संवाददाता। हजारीबाग

प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी शिक्षाविद त्रिवेणी कांत ठाकुर की13वीं पुण्यतिथि इस बार 27 नवंबर को डीवीसी सभागार में मनाया जाएगा. इस अवसर पर इस अवसर पर विभिन्न भाषा के साहित्यकार और पत्रकार सम्मानित किए जाएंगे. समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएफ कुमार मनीष अरविंद होंगे. जबकि समारोह के अध्यक्षता डॉ शंभू बादल करेंगे. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पुर्व कुलसचिव डॉ बंशीधर रुखियार शामिल होंगे. यह जानकारी ट्रस्ट के सचिव राकेश ठाकुर ने दी. उन्होंने बताया कि इस बार हिंदी मे विनोद




राज विद्रोही, मैथिली में विजय शंकर मलिक और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले डॉ शैलेश शर्मा को पुरस्कार दिया जाएगा. कार्यक्रम में डॉ शम्भू बादल की पुस्तक कविता का मैथिली अनुवाद करने वाले हित नाथ झा की पुस्तक चयन ओ मैथिली का विमोचन भी किया जाएगा. यह सम्मान तथा

**खास बातें**

- हिंदी साहित्य के लिए विनोद कुमार राज विद्रोही
- पत्रकारिता में प्रो. शैलेश शर्मा किये जाएगे सम्मानित

पुरस्कार 2016 से विभिन्न भारतीय भाषाओं में त्रिवेणीकांत ठाकुर की पुण्य तिथि 27 नवम्बर को साहित्यिक समारोह में प्रदान किया जाता है.

**20 साहित्यकारों को मिल चुका पुरस्कार :** अभी तक 20 साहित्यकारों को मिल चुका है पुरस्कार. सचिव ने बताया कि ट्रस्ट ने विभिन्न भाषाओं के विकास को लेकर 20 साहित्यकारों को सम्मानित किया है. हिंदी में डॉ शिवदयाल सिंह, डॉ शंभू बादल, डॉ भारत यायावर,डॉ रतन वर्मा, डॉ सुबोध सिंह शिवगीत,मैथिली में कुमार मनीष अरविंद, डा विधानाथ झा, पंचानंद मिश्र,सियाराम झा सरस,बुद्धि नाथ झा, गिरजानंद झा अर्धनारीश्वर और डॉ कृष्ण मोहन झा को पुरस्कार दिया गया है.वही संस्कृत में डॉ तारकांत शुक्ल, बांग्ला में अमन सेन गुप्ता,अजीत कुमार बनर्जी, उर्दू में अब्दुल अलीमुनीउल होदा उर्फ अली मुनीर, डॉ फरहत हुसैन खुश्दिल को पुरस्कार दिया गया है.वही पत्रकारिता के क्षेत्र में पुरस्कार देने की शुरुआत 2022 से की गई है.अभी तक अभिजीत सेन को सम्मानित किया गया है.

## ब्रीफ खबरें

### तीन दिसंबर को पेंशनर समाज का चुनाव

**चाईबासा।** पेंशनर समाज ने रविवार को अशोक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में पेंशनर कार्यालय में सम्पन्न हुआ.जिसमें 3 दिसम्बर को होने वाले चुनाव एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया गया.चुनाव मे प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे. सभी पेंशनधारियों को चुनाव में भाग लेने का अनुरोध किया गया.बैठक में मुख्य रूप से राम नरेश पासवान,अर्जुन महतो, राम चरित्रयादव, दीनानाथ सिंह, रतन कुमार वर्मा, सच्चिदानंद सिंह, सीताराम सिंह, नारायण कर्मकार, एवं अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों की उपस्थित थे.

### बाइक-स्कूटी में टक्कर, तीन घायल

**मनोहरपुर।** रविवार की सुबह मनोहरपुर-राउरकेला मुख्य मार्ग पर हाथी चेक नाका मनीपुर के समीप बाइक में स्कूटी चालक ने पीछे से टक्कर मार दी.इससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया.घायल व्यक्ति 50 वर्षीय सिकंदर सिंह मनोहरपुर थाना मनीपुर गांव का रहने वाला है. दुर्घटना में स्कूटी सवारअन्य दो युवक भी घायल हुए हैं.घायल युवकों में 25 वर्षीय मुन्ना हो, 16 वर्षीय राज खलखो मनोहरपुर थाना ग्राम पुरनापानी के रहने वाले हैं. तीनों घायलों को उपचार के लिए मनोहरपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है.

### थाना में संविधान के प्रस्तावना का पाठ हुआ

**नोमुंडी।** गुवा थाना प्रांगण में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की आत्मा, "प्रस्तावना" एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर के दिशा निर्देशन में पढ़ा गया. इस दौरान गुवा थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव और जवानों को संविधान के प्रस्ताव से संबंधित शपथ दिलाई . इस दौरान थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव सहित पुलिस बल के जवानों को संविधान का पालन करने और दूसरे को कराने हेतु शपथ ली.

### एक आईईडी बरामद किया गया निष्क्रिय

**चाईबासा।** चाईबासा पुलिस ने नक्सली विरोधी अभियान के दौरान रविवार को टोन्टो थानान्तर्गत ग्राम राजाबासा के समीप जंगली क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये एक आईईडी बम बरामद किया.एसपी आशुतोष शेखर ने इसकी पुष्टि की. तिलाइबेरा और राजाबासा के आस-पास जंगली क्षेत्र में बनाये हुए.तीन नक्सली बंकर को ध्वस्त किया गया. नक्सली कैंप से दैनिक उपयोग एवं अन्य सामग्री बरामद की गयी है. एसपी ने कहा कि अभियान निरंतर जारी रहेगा.

### मादेह लागुरी की हत्या में दो गिरफ्तार

**नोवामुंडी।** चाईबासा के जेटेया थाना के छोटा उदाजो में मादेह लागुरी की 22 सितंबर की हत्या कर दी गई थी.उसकी बायें हाथ की कनिष्ठा उंगली भी काट ली थी. हत्या के आरोप में पुलिस ने रविवार को तुरी पूर्ति और बोंज लागुरी को गिरफ्तार किया है. हत्या के बाद मृतक की पुत्री संजु लागुरी ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है. दोनों ने हत्या की बात स्वीकार की है. हत्या में प्रयुक्त लोहे के दाउली भी बरामद कर लिया गया है.

### किरीबुरु- बेसकैंप मुख्य मार्ग पर घाटी में स्थित मां गिरि राजेश्वरी मंदिर का स्थापना दिवस मना

# महाभोग लेने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**संवाददाता। किरीबुरु**

किरीबुरु- बेसकैंप मुख्य मार्ग पर घाटी में स्थित मां गिरी राजेश्वरी मंदिर का स्थापना दिवस सेल की किरीबुरु प्रबंधन एवं स्थानीय भक्तों के संयुक्त तत्वावधान में भव्य तरीके से मनाया गया. किरीबुरु के सीजीएम कमलेश राय एवं उनकी पत्नी सह महिला समिति की अध्यक्ष सुनीता राय मंदिर के पुजारी के साथ विधिवत पूजन किया. पूजन के बाद पुष्पंजलि में दर्जनों भक्त शामिल हुये.

महाभोग का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया गया, जिसमें झारखंड-ओडिशा के हजारों महिला, पुरुष व बच्चे शामिल हुये.



पूजा में शामिल सीजीएम व उनकी पत्नी

उल्लेखनीय है कि मां गिरी राजेश्वरी मंदिर का इतिहास काफी पुराना है. कहा जाता है कि वर्षो पहले जब सेल किरीबुरू का टाउनशिप ओडिशा के बैसकैंप में था, तभी बेसकैंप के होरोमोटो टोला निवासी रामराय की गर्भवती बेटी अपनी बेटी को साथ लेकर इलाज कराने सेल के वाहन से हिलटॉप जा रही थी. इसी समय मंदिर वाले स्थान पर उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी और मां व बेटी की दर्दनाक मौत हो गयी थी. इसके अलावा भी इस स्थान पर कई दुर्घटनाएं होती रहती थी.

**खास बातें**

- मंदिर का इतिहास के बारे में कई कहानियां प्रचलित हैं
- पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने दी पुष्पांजलि

### पूर्व सेलकर्मी को स्वप्न में मां ने दिया था दर्शन

इस घटना के लगभग दो साल बाद एक पूर्व सेलकर्मी को स्वप्न में मां दुर्गा प्रकट हुई. उन्होंने वहां एक मंदिर बनाने को कहा. इसके बाद मूर्ति नामक पूर्व सेलकर्मी ने आसपास के लोगों की मदद व सेल के सहयोग से यहां एक छोटा मंदिर बनवाया .माता की मूर्ति स्थापित कर पूजा-अर्चना शुरू की. मंदिर बनने के बाद इस सड़क मार्ग पर दुर्घटना होना बंद हो गया. लोगों का यह भी कहना है कि पहले प्रतिदिन इस मंदिर में रात के समय एक शेर आया करता था. पूजा के बाद मंदिर प्रांगण में रखा हुआ प्रसाद खाकर चला जाता था. मां दुर्गा के इस मंदिर में जो भी पूरी आस्था व विश्वास के साथ कुछ मन्नत मांगता है, उसकी मुरादें पूर्ण होती है. सेल, पुलिस-प्रशासन व विभिन्न संस्थानों के कई उच्च अधिकारियों व आम लोगों की मन्नतें पूरी हुई है.

**आओ जानें**

## लातेहार से कब कौन जीतकर पहुंचे झारखंड विधानसभा

| वर्ष | विधायक | दल |
|---|---|---|
| 2000 | जनता दल | बैद्यनाथ राम |
| 2005 | राजद | प्रकाश राम |
| 2009 | भाजपा | बैद्यनाथ राम |
| 2014 | झाविमो | प्रकाश राम |
| 2019 | झामुमो | बैद्यनाथ राम |



### पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय परिसर संविधान दिवस मना

# उपायुक्त ने सभी कर्मचारियों को दिलाई संविधान की शपथ

**संवाददाता। चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय परिसर में डीसी अनन्य मित्तल के नेतृत्व में जिला स्तरीय पदाधिकारियों, सहकर्मियों ने रविवार को संविधान दिवस मनाया. इस अवसर पर संविधान प्रस्तावना पढ़ा गया.

सभी ने भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व- संपन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सबों में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने का संकल्प लिया. मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी, चाईबासा अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं समाहरणालय कर्मी, पुलिस के जवान उपस्थित रहे.



**खास बातें**

- अधिकारियों व कर्मियों ने पढ़ी संविधान की प्रस्तावना
- अखंडता और धार्मिक सद्भाव बनाये पर दिया सभी ने जोर

### पुलिस पदाधिकारियों व जवानों ने ली संविधान की शपथ



संविधान की शपथ लेते किरीबुरु थाना के पदाधिकारी व जवान.

**किरीबुरु।** संविधान दिवस पर किरीबुरु थाना प्रांगण में थाना प्रभारी फिलमोन लकड़ा ने तमाम पदाधिकारियों व जवानों को भारतीय संविधान व कानून की शपथ दिलाई. उन्होंने यह शपथ दिलाया कि हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करते हैं .शपथ लेने वालों में एसआई रंजीत महतो, संजय सिंह, विपिन सिंह, अनूप घटक चालक भारतेन्दु सिंह व अन्य जवान शामिल थे.

### जवानों को दिलायी गयी संविधान की शपथ

तांतनगर। तांतनगर प्रखंड क्षेत्र के तांतनगर ओपी में संविधान दिवस पर थाना प्रभारी राहुल कुमार राम ने पुलिस जवानों को भारतीय संविधान की शपथ दिलाई .उन्होंने शपथ में हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व -संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा, व्यक्ति की गरिमा, राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई. शपथ में ओपी के सभी जवान शामिल थे.

# छात्र-छात्राओं ने ली संविधान की शपथ

**संवाददाता। चाईबासा**

तांतनगर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय उलीडीह में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया. इस मौके पर छात्र- छात्राओं ने संविधान के सम्मान की शपथ ली. साथ ही बच्चों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए संविधान के सम्मान की शपथ ली. छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों से अवगत कराया. छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई.



इस अवसर पर विद्यार्थियों को भारत के संविधान के बारे में अनेक जानकारियां दी गईं. भारतीय संविधान के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए बच्चों को बताया गया कि संविधान में लिखे गए सभी अधिकार एवं कर्तव्य आम नागरिक के सुविधाओं को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं. संविधान के नियमों का पालन करते हुए प्रत्येक व्यक्ति अपने समाज और देश का उत्थान कर सकता है. मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरि शंकर गोप, प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार के अलावा अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे.

### इतवारी बाजार में मनाया गया संविधान दिवस

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के इतवारी बाजार में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया.इस मौके पर मुख्य रूप से झारखंड सरकार के झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो मुख्य रूप से उपस्थित हुए. ्इरस अवसर पर उन्होंने बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी. मौके पर उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने हमें संविधान दिया. संविधान में देश की सरकार और नागरिकों के लिए मौलिक अधिकार दिशा-निर्देश कानून तय किए गए हैं. भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है. जिसमें देश के हर एक नागरिक के अधिकार और उसके आजादी का ख्याल रखा गया है.इस मौके पर भाजपा नेता इन्द्रजीत सामड, आजसू नेता शुभम महतो,चंबरू जमुदा,संजय केरकेटा, शिव देवगम समेत अन्य मौजूद थे.

# एनएसएस बीएड के विद्यार्थियों ने संविधान प्रस्तावना दोहरायी



**संवाददाता। चाईबासा**

महिला कॉलेज चाईबासा में एनएसएस बीएड यूनिट के द्वारा रविवार को राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया.सबसे पहले प्रस्तावना को दोहराया गया.तत्पश्चात प्राचार्या डॉ प्रीतिबाला सिन्हा कहा कि यही वह दिन है, जब संविधान बनकर तैयार हुआ था.हर भारतीय नागरिक के लिए 26 नवंबर संविधान दिवस बेहद गर्व का दिन है. कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता.यह संविधान ही है जो अलग-अलग धर्मों व जातियों की भारत की 140 करोड़ की आबादी को एक देश की तरह जोड़ता है. एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी ने संविधान के बारे बताया . इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई और सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया. मौके पर बीएड विभागाध्यक्ष मोबारक करीम हाशमी, सितेंद्र रंजन सिंह, धनंजय कुमार, मदन मोहन मिश्रा और सेमेस्टर वन और एमएड के स्टूडेंट्स उपस्थित हुए.

### दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

# अंग संग रहना जी असी तकिया...

**संवाददाता। चक्रधरपुर**

सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव को लेकर रविवार शाम चक्रधरपुर में शोभायात्रा निकाली गई. बड़ी संख्या में सिख समुदाय के बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए. विभिन्न जगहों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया. पंच प्यारे की अगुआई में गुरुद्वारा से भजनों के बीच यह शोभायात्रा निकाली गई. शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र-छात्राएं व स्काउट एंड गाइड्स भी शामिल हुए. शोभायात्रा में सिख समुदाय के लोगों ने नगर कीर्तन कर सुख-शांति समृद्धि की कामना की. संगत व कीर्तन जत्थों ने सतनाम वाहेगुरु, अंग संग रहना जी असी तकिया आसरा तेरा, ऊच्चा दर सतगुर मेरे दा, जय जयकार करे सब कोई, वाहो वाहो गोंविद सिंह आदि शब्दों का



शोभा यात्रा में शामिल पंज प्यारे

गायन किया. रागी जत्थे ने शब्द कीर्तन की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी.शोभायात्रा में श्री गुरुग्रंथ साहिब की शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही. गदका पार्टी ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए. जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया. सामाजिक संगठनों ने नाश्ते, चाय,शरबत पानी की व्यवस्था की गई थी. मौके पर चक्रधरपुर गुरुद्वारा सभा के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग मौजूद थे.

**खास बातें**

- नगर कीर्तन कर सुख-शांति समृद्धि की कामना की
- गदका पार्टी ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए

### सीआरपीएफ के अधिकारियों ने सारंडा का किया दौरा

**मनोहरपुर।** रविवार को चौपड़ से सीआरपीएफ के आला अधिकारी रांची से नक्सल प्रभावित सारंडा के दीघा सीआरपीएफ कैंप पहुंचे.वहीं सारंडा में नक्सलियों के दस्तक एवं नक्सली गतिविधियों को लेकर सीआरपीएफ के अधिकारियों ने जिला पुलिस के अधिकारीयों के संग बैठक किया.नक्सलियों के मंसूबे को नाकाम करने के लिए सीआरपीएफ के जवानों को चाक चौबंद रहने का दिशा निर्देश दिया.वहीं अधिकारियों ने सारंडा के बीहड़ो में विषम परिस्थियों से जूझ रहे सीआरपीएफ़ के जवानों का हौसला बढ़ाया तथा उनके साहस की सराहना किया.इस दौरान सीआरपीएफ एवं जिला पुलिस के अधिकारीयों ने दीघा स्तिथि सीआरपीएफ कैंप व आईडीसी केंद्र दीघा का भी निरीक्षण किया.और स्थानीय ग्रामीण लोगों से मुलाक़ात कर उनका हाल जाना.






**आस्था** 

### चर्च में पवित्र साक्रामेंट की आराधना व मिस्सा पूजा का पांरपरिक अनुष्ठान हुआ

# ख्रीस्त राजा पर्व पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**संवाददाता। चक्रधरपुर**

ख्रीस्त राजा का पर्व रविवार को चक्रधरपुर में मनाया गया.इस अवसर पर शहर में शोभा यात्रा सह झांकी निकाली गई.जिसमें बड़ी संख्या में मसीही समाज के महिला पुरुष शामिल हुए.इस दौरान शहर में जगह-जगह तोरण द्वार बनाए गए थे,जहां शोभा यात्रा का स्वागत किया गया. छोटी छोटी बच्चियां प्रभु के स्वागत में फूल बरसते हुए चल रही थी.शोभा यात्रा कारमेल विद्यालय से निकल कर मुख्य सड़क, प्रेम निवास, पंचमोड़, आफिसर्स क्लब,लाल गिरजा होते हुए रोमन कैथोलिक चर्च यानी ख्रीस्त राजा गिरिजाघर पहुंची. जहां चर्च में पवित्र साक्रामेंट की आराधना एवं आशीष हुई. पवित्र बलिदान के मुख्य अनुष्ठादाता जमशेदपुर के विकर जनरल फादर अल्विन थे. उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि दूसरों के प्रति हमारा व्यवहार भी ख्रीस्त की तरह उदार एवं प्रेममय हो.



शोभा यात्रा में शामिल मसीही समाज के लोग

पवित्र मिस्सा में पल्ली पुरोहित फादर पौलुस बोदरा, फादर एस पुथुमय राज, सिस्टर माइकल समेत अन्य फादर, सिस्टर्स मुख्य रुप से उपस्थित हुए.वहीं प्रार्थना सभा के दौरान बड़ी संख्या में मसीही समाज के महिला पुरुष मौजूद थे.

### ईसाई समुदाय ने ख्रीस्त राजा पर्व मनाया

**नोवामुंडी।** ख्रीस्त राजा का पर्व रविवार को गुवा रोमन कैथोलिक चर्च में ईसाई समुदाय के विश्वासी लोगों ने मनाया. लोगों ने गुवा वन विभाग कार्यालय स्थित होली फैमिली मिडिल स्कूल गुवासाई से प्रार्थना के साथ जुलूस निकाला गया. जुलूस होली फैमिली स्कूल से निकलकर रेलवे मार्केट होते हुए रोमन कैथोलिक चर्च पहुंचा. वहां रोमन कैथोलिक चर्च के फादर पास्कल भुईया ने पवित्र ख्रीस्तयांग मनाया. इसमें काफी संख्या में ईसाई समुदाय के विश्वासियों ने भाग लिया. इस दौरान ख्रीस्त राजा पर्व पर ओलिवर तिर्की, हाविल आइंद, राजू समद, सुमन लकड़ा, कलवर्ट डांहागा, सेलेस्टिन बाड़ा, दीपिका लकड़ा,मोना ग्रांट, मार्गरेट तिर्की,नीलिमा तिग्गा, जसीनता तिग्गा, अनीमा लुगून, पुष्पा एक्का सहित अन्य मौजूद थे.